॥ श्री गणेशाय नमः ॥

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय

# भविष्यमहापुराणम्

## ब्राह्मपर्व

## अथ प्रथमोऽध्यायः

नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् । देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत् ॥१

जयति पराशरसूनुः सत्यवतीहृदयनन्दनो व्यासः । यस्यास्यकमलगलितं वाङ्मयममृतं जगत्पिबति ॥२

मूकङ्करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् । यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम् ॥३

पाराशर्यवचः सरोजममलं गीतार्थगन्धोत्कटं, नानाख्यानककेसरं हरिकथासम्बोधनाबोधितम् ।
लोके सज्जनषट्पदैरहरहः पेपीयमानं मुदा, भूयाद्भारतपङ्कजं कलिमलप्रध्वंसि नः श्रेयसे ॥४

यो गोशतं कनकशृङ्गमयं ददाति, विप्राय वेदविदुषे च बहुश्रुताय ।
पुण्यां भविष्यसुकथां शृणुयात्समग्रां, पुण्यं समं भवति तस्य च तस्य चैव ॥५

कृत्वा पुराणानि पराशरात्मजः सर्वाण्यनेकानि सुखावहानि।
तत्रात्मसौख्याय भविष्यधर्मान् कलौ युगे भावि लिलेख सर्वम् ॥६
तत्रापि सर्वर्षिवरप्रमुख्यैः पराशराद्यैर्मुनिभिः प्रणीतान्।
स्मृत्युक्तधर्मागमसंहितार्थान् व्यासः समासादवदद्भविष्यम् ॥७
अल्पायुषो लोकजनान्समीक्ष्य विद्याविहीनान्पशुवत्सुचेष्टान्।
तेषां सुखार्थं प्रतिबोधनाय व्यासः पुराणं प्रथितं चकार ॥८

जयति भुवनदीपो भास्करो लोककर्त्ता, जयति च शितिदेहः शार्ङ्गधन्वा मुरारिः ॥
जयति च शशिमौली रुद्रनामाभिधेयो, जयति च स तु देवो भानुमांश्चित्रभानुः ॥१
श्रियावृतं तु राजानं शतानीकं महाबलम्। अभिजग्मुर्महात्मानः सर्वे द्रष्टुं महर्षयः ॥२
भृगुरत्रिर्वसिष्ठश्च पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः। पराशरस्तथा व्यासः सुमन्तुर्जैमिनिस्तथा ॥३
मुनिः पैलो याज्ञवल्क्यो गौतमस्तु महातपाः। भारद्वाजो मुनिर्धीमांस्तथा नारदपर्वतौ ॥४
वैशम्पायनो महात्मा शौनकश्च महातपाः। दक्षोऽङ्गिरास्तथा गर्गो गालवश्च महातपाः ॥५
तानागतानृषीन्दृष्ट्वा शतानीको महीपतिः। विधिवत्पूजयामास अभिगम्य महामतिः ॥६
पुरोहितं पुरस्कृत्य अर्घ्यं गां स्वागतेन च। पूजयित्वा ततः सर्वान्प्रणम्य शिरसा भृशम् ॥७

सुखासीनांस्ततो राजा निरातङ्कान् गतक्लमान् । उवाच प्रणतो भूत्वा बाहुमुद्धृत्य दक्षिणम् ॥८
इदानीं सफलं जन्म मन्येऽहं भुवि सत्तमाः । आत्मनो द्विजशार्दूला ! तथा कीर्तिर्यशो बलम् ॥९
धन्योऽहं पुण्यकर्मा च यतो मां द्रष्टुमागताः । येषां स्मरणमात्रेण युष्माकं पूयते नरः ॥१०
श्रोतुमिच्छाम्यहं किञ्चिद्धर्मशास्त्रमनुत्तमम् । आनृशंस्यं समाश्रित्य कथयध्वम् महाबलाः ! ॥११
येनाहं धर्मशास्त्रं तु श्रुत्वा गच्छे परां गतिम् । यथागतो मम पिता श्रुत्वा वै भारतं पुरा ॥१२
तथोक्तास्तेन राज्ञा वै ब्राह्मणास्ते समन्ततः । समागम्य मिथस्ते तु विमृश्य च [1]भृशम् तदा ॥१३
पूजयित्वा ततो व्यासमिदं वचनमब्रुवन् । व्यासं प्रसादय विभो ! एष ते कथयिष्यति ॥१४
तिष्ठत्यस्मिन्महाबाहो ! वयं वक्तुं न शक्नुमः । तिष्ठमाने गुरौ शिष्यः कथं वक्ति महामते ! ॥१५
[2]अयं गुरुः सदास्माकं साक्षान्नारायणस्तथा । कृपालुश्च तथा चायं तथा दिव्यविधानवित् ॥१६
चतुर्णामपि वर्णानां पावनाय महात्मनाम् । धर्मशास्त्रमनेनोक्तं धर्माद्यैः सुसमन्वितम् ॥१७
बिभेति गहनाच्छास्त्राल्लोको व्याधिरिवौषधात् । भारतस्य[3] च विस्तारो मुनिना व्याहृतः स्वयम् ॥१८
यथा स्वादु च पथ्यं च दद्यात्स्वं भिषगौषधम् । तथा रम्यं च शास्त्रं च भारतं कृतवान्मुनिः ॥१९
आस्तिक्यारोहसोपानमेतद्भारतमुच्यते । तच्छ्रुत्वा स्वर्गनरकौ लोकः साक्षादवेक्षते ॥२०

---

देवतातीर्थतपसां भारतादेव निश्चयः । न जन्यते नास्तिकता तस्य मीमांसकैरपि ॥२१
विष्णौ[१] देवेषु वेदेषु गुरुषु ब्राह्मणेषु च । भक्तिर्भवति कल्याणी भारतादेव धीमताम् ॥२२
धर्मार्थकाममोक्षाणां भरतात्सिद्धिरेव[२] हि । अजिह्मो भारतः पन्था निर्वाणपदगामिनाम् ॥२३
मोक्षधर्मार्थकामानां प्रपञ्चो भारते कृतः । अनित्यतापसन्तप्ता भवन्ति तस्य मुक्तये ॥२४
विपत्तिं भारताच्छ्रुत्वा वृष्णिपाण्डवसम्पदाम् । दुःखावसानाद्राजेन्द्र ! पुण्यं च संश्रयेद्बुधः ॥२५
एवंविधं[३] भारतं वै प्रोक्तं येन महात्मना । सोऽयं नारायणः साक्षात् व्यासरूपी महामुनिः[४] ॥२६
स तेषां वचनं श्रुत्वा प्रतापी यो महीपतिः । प्रसादयामास मुनिं व्यासं शास्त्रविशारदम् ॥२७

## शतानीक उवाच

अञ्जलिः शिरसा ब्रह्मन् ! कृतोऽयं पादयोस्तव । ब्रूहि मे धर्मशास्त्रं[५] तु येनां पूततां व्रजे ॥२८
समुद्धर भवादस्मात्कीर्तयित्वा कथां शुभाम् । यथा मम पिता पूर्वं कीर्तयित्वा तु भारतम् ॥२९

## व्यास उवाच

तस्यैतद्वचनं श्रुत्वा व्यासो वचनमब्रवीत् । एष शिष्यः सुमन्तुर्मे कथयिष्यति ते प्रभो ! ॥३०

यदिच्छसि महाबाहो ! प्रीतिदं चाद्भुतं शुभम् । श्रव्यं भरतशार्दूल ! सर्वपापभयापहम् ।।३१
यथा वैशम्पायनेन पुरा प्रोक्तं पितुस्तव । महाभारतव्याख्यानं ब्रह्महत्याव्यपोहनम् ।।३२
अथ तमृषयः सर्वे राजानमिदमब्रुवन् । साधु प्रोक्तं महाबाहो ! व्यासेनामितबुद्धिना ।।३३
सुमन्तुं पृच्छ राजर्षे ! सर्वशास्त्रविशारदम् । अस्माकमपि राजेन्द्र ! श्रवणे जायते मतिः ।
अथ व्यासो महातेजाः सुमन्तुमृषिमब्रवीत् ।।३४
कथयास्मै कथास्तात ! याः श्रुत्वा मोदते नृपः । भारतादिकथानां तु यत्रास्य रमते मनः ।।३५
असावपि महातेजाः श्रुत्वा भावं महामतेः । व्यासस्य द्विजशार्दूल ! ऋषीणां चापि सर्वशः ।।३६
चकार वक्तुं स मनस्तस्मै राज्ञे महामतिः । व्यासस्य शासनाद्विप्र ! ऋषीणां चैव सर्वशः ।।३७
अथ राजा महातेजा आजमीढो द्विजोत्तमम् । प्रणम्य शिरसात्यर्थं प्रवक्तुमुपचक्रमे ।।३८

## शतानीक उवाच

पुण्याख्यानं मम ब्रह्मन् ! पावनाय प्रकीर्तय । श्रुत्वा यद्ब्राह्मणश्रेष्ठ ! मुच्येऽहं सर्वपातकात् ।।३९

## सुमन्तुरुवाच

नानाविधानि शास्त्राणि सन्ति पुण्यानि भारत । यानि श्रुत्वा नरो राजन् ! मुच्यते सर्वकिल्विषैः ।।४०
किमिच्छसि महाबाहो ! श्रोतुं यत्त्वां ब्रवीमि वै । भारतादिकथानां तु यासु धर्मादयः स्थिताः ।।४१

## शतानीक उवाच

मतानि कानि विप्रेन्द्र[1] ! धर्मशास्त्राणि सुव्रत ! । यानि श्रुत्वा नरो विप्र ! मुच्यते सर्वकिल्विषैः ।।४२

## सुमन्तुरुवाच

श्रूयन्तां धर्मशास्त्राणि मनुर्विष्णुर्यमोऽङ्गिराः । वसिष्ठदक्षसंवर्तशातातपपराशराः ।।४३
[2]आपस्तम्बोऽथ उशना कात्यायनबृहस्पती । गौतमःशङ्खलिखितौ हारीतोऽत्रिरथापि वा ।।४४
एतानि धर्मशास्त्राणि श्रुत्वा ज्ञात्वा च भारत ! । वृन्दारकपुरं गत्वा मोदते नात्र संशयः ।।४५

## शतानीक उवाच

यान्येतानि त्वयोक्तानि धर्मशास्त्राणि सुव्रत ! । नेच्छामि श्रोतुं विप्रेन्द्र ! [3]श्रुतान्येतानि हि द्विज ! ।।४६
त्रयाणामपि वर्णानां प्रोक्तानामपि पण्डितैः । श्रेयसे न तु शूद्राणां तत्र मे वचनं शृणु ।।४७
चतुर्णामिह वर्णानां श्रेयसे यानि सुव्रत[4] ! । भवन्ति द्विजशार्दूल ! श्रुतानि भुवनत्रये ।।४८
विशेषतश्चतुर्थस्य वर्णस्य द्विजसत्तम ! ।।४९
ब्राह्मणादिषु वर्णेषु त्रिषु वेदाः प्रकल्पिताः । मन्वादीनि च शास्त्राणि तथाङ्गानि समन्ततः ।।५०

---

**शतानीक बोले**—विप्रवर ! उत्तमव्रती ! वे धर्मशास्त्र कौन से हैं, विप्र, उन्हें सुनकर मनुष्य (अपने) समस्त पापों से छुटकारा पा जाता है ।४२

**सुमन्तु बोले**—राजन् ! उन धर्मशास्त्रों को सुनिये । मनु, विष्णु, यम, अङ्गिरा, वसिष्ठ, दक्ष, संवर्त, शातातप, पराशर, आपस्तम्ब, उशना, कात्यायन, बृहस्पति, गौतम, शंखलिखित, हारीत, अत्रि आदि के रचे हुए धर्मशास्त्र हैं, हे भरतवंशोद्भव ! इन सब धर्मशास्त्रों को सुनकर और जानकर मनुष्य

शूद्राश्चैव भृशं दीनाः प्रतिभान्ति द्विजप्रभो । धर्मार्थकाममोक्षस्य शक्ताः स्युरवने कथम् ।।५१
आगमेन विहीना हि अहो कष्टं मतं मम् । कश्चैषामागमः प्रोक्तः पुरा द्विजमनीषिभिः ।।
त्रिवर्गप्राप्तये ब्रह्मञ्छ्रेयसे च तथोभयोः ।।५२

## सुमन्तुरुवाच

साधु साधु महाबाहो ! श्रृणु मे परमं वचः । चतुर्णामपि वर्णानां यानि प्रोक्तानि श्रेयसे ।।५३
धर्मशास्त्राणि[1] राजेन्द्र ! श्रृणु तानि नृपोत्तम । विशेषतश्च शूद्राणां पावनानि मनीषिभिः[2] ।।५४
अष्टादशपुराणानि चरितं राघवस्य च । रामस्य कुरुशार्दूल ! धर्मकामार्थसिद्धये ।।५५
तथोक्तं भारतं वीर ! पाराशर्येण धीमता । वेदार्थसकलं योज्य[3] धर्मशास्त्राणि च प्रभो ! ।।५६
कृपालुना कृतं शास्त्रं चतुर्णामिह श्रेयसे । वर्णानां भवमग्नानां कृतं पोतो ह्यनुत्तमम् ।।५७
अष्टादशपुराणानि अष्टौ व्याकरणानि च । ज्ञात्वा सत्यवतीसूनुश्चक्रे भारतसंहिताम् ।।५८
यां श्रुत्वा पुरुषो राजन् ! मुच्यते ब्रह्महत्यया । प्रथमं प्रोच्यते ब्राह्मं द्वितीयं चैन्द्रमुच्यते ।।५९
याम्यं प्रोक्तं ततो रौद्रं वायव्यं वारुणं तथा । सावित्रं च तथा प्रोक्तमष्टमं वैष्णवं तथा ।।६०
एतानि व्याकरणानि पुराणानि निबोध मे । ब्राह्मं पाद्मं वैष्णवं च शैवं भागवतं तथा ।।६१
तथान्यन्नारदीयं च मार्कण्डेयं च सप्तमम् । आग्नेयमष्टमं वीर भविष्यं नवमं स्मृतम् ।।६२

---

वे अपने धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की रक्षा कैसे करेंगे वे (शूद्रादि) आगम से हीन हैं, यह मेरी समझ से कष्टदायक बात है। इन लोगों के लिए ब्राह्मण विद्वानों ने कौन सा आगम (शास्त्र) प्राचीन काल में बनाया था ? जो इनके (शूद्रों के) त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) के पाने में सहायक एवं दोनों लोकों (इहलोक—परलोक) में कल्याणकारक हो ।५१-५२

**सुमन्तु बोले**—हे महाबाहु ! बहुत ठीक (आपने पूछा है) । आप मेरी बातों को सुनिये जो चारों वर्णों के कल्याण के लिए कही गयी हैं ।५३। हे राजेन्द्र ! नृपोत्तम ! जो धर्मशास्त्रादि विद्वानों द्वारा

दशमं ब्रह्मवैवर्तं लैङ्गमेकादशं स्मृतम् । वाराहं द्वादशं प्रोक्तं स्कान्दं चैव त्रयोदशम् ॥६३
चतुर्दशं वामनं च कौर्मं पञ्चदशं स्मृतम् । मात्स्यं च गारुडं चैव ब्रह्माण्डं च ततः[1] परम् ॥६४
एतानि कुरुशार्दूल धर्मशास्त्राणि पण्डितैः । साधारणानि प्रोक्तानि वर्णानां श्रेयसे सदा[2] ॥६५
चतुर्णामिह राजेन्द्र श्रोतुमर्हाणि सुव्रत । किमिच्छसि महाबाहो श्रोतुमेषां नृपोत्तम ॥६६

## शतानीक उवाच

भारतं तु श्रुतं विप्र तातस्याङ्कगतेन[3] तु । रामस्य चरितं चापि श्रुतं ब्रह्मन्समन्ततः ॥६७
पुराणानि च विप्रेन्द्र भविष्यं न तु सुव्रत । पुराणं वद विप्रेन्द्र ! भविष्यं कौतुकं हि मे ॥६८

## सुमन्तुरुवाच

साधु साधु महाबाहो साधु पृष्टोऽस्मि[4] मानद । शृणु मे वदतो राजन् पुराणं नवमं महत् ॥६९
यच्छ्रुत्वा सर्वपापेभ्यो मुच्यते मानवो नृप । अश्वमेधफलं प्राप्य गच्छेद्भानौ न संशयः ॥७०
इदं तु ब्रह्मणा प्रोक्तं धर्मशास्त्रमनुत्तमम् । विदुषा ब्राह्मणेनेदमध्येतव्यं प्रयत्नतः[5] ॥७१
शिष्येभ्यश्चैव वक्तव्यं चातुर्वर्ण्येभ्य एव हि ।अध्येतव्यं न चान्येन ब्राह्मणं क्षत्रियं बिना ॥
श्रोतव्यमेव शूद्रेण नाध्येतव्यं कदाचन[6] ॥७२

---

वाराह, स्कान्द, कौर्म, मात्स्य, गारुड़ और ब्रह्माण्ड हैं। हे कुरुशार्दूल ! पण्डितों ने सभी वर्ण वालों के शाश्वत कल्याण के लिए साधारणतया ये विविध धर्मशास्त्र कहे हैं। हे राजेन्द्र ! ये सभी चारों (वर्णों) के सुनने योग्य हैं। नृपोत्तम ! महाबाहु ! आप इनमें से कौन-सा सुनना चाहते हैं ? ।६१-६६

**शतानीक ने कहा**—विप्र ! पिता जी की गोद में बैठकर मैं महाभारत की पवित्र कथा का श्रवण कर चुका हूँ, तथा रामचन्द्र जी के चरित को भी आद्योपान्त सुन चुका हूँ ।६७। हे विप्रेन्द्र ! सुव्रत ! (इसी प्रकार) अन्यान्य पुराणों का भी (श्रवण कर चुका हूँ) किन्तु (अभी तक) भविष्य पुराण का

**देवार्चां पुरतः[1] कृत्वा ब्राह्मणैश्च नृपोत्तम । श्रोतव्यमेव शूद्रैश्च तथान्यैश्च द्विजातिभिः ॥७३**
**श्रौतं स्मार्तं हि वै धर्मं प्रोक्तमस्मिन्नृपोत्तम । तस्माच्छूद्रैर्विना विप्रान्न श्रोतव्यं कथञ्चन ।७४**
**इदं शास्त्रमधीयानो ब्राह्मणः संशितव्रतः । मनोवाग्देहजैर्नित्यं कर्मदोषैर्न लिम्पते ॥७५**
**शृण्वन्ति चापि ये राजन् भक्त्या वै ब्राह्मणादयः । मुच्यन्ते पातकैः सर्वैर्गच्छन्ति च दिवं प्रभो ॥७६**
**श्रावयेच्चापि यो विप्रः सर्वान्वर्णान्नृपोत्तम । स गुरुः प्रोच्यते तात वर्णानामिह सर्वशः ॥७७**
**स पूज्यः सर्वकालेषु सर्वैर्वर्णैर्नराधिप । पृथिवीं च तथैवेमां कृत्स्नामेकोऽपि सोऽर्हति ॥७८**
**इदं स्वस्त्ययनं श्रेष्ठमिदं बुद्धिविवर्धनम् । इदं यशस्यं सततमिदं निःश्रेयसं परम् ॥७९**
**अस्मिन्धर्मोऽखिलेनोक्तो गुणदोषौ च कर्मणाम् । चतुर्णामपि वर्णानामाचारश्चापि शाश्वतः ॥८०**
**आचारः प्रथमो धर्मः श्रुत्युक्तश्च नरोत्तम । तस्मादस्मिन्समायुक्तो नित्यं स्यादात्मवान्द्विजः ॥८१**
**आचाराद्विच्युतो विप्रो न वेदफलमश्नुते । आचारेण च संयुक्तः सम्पूर्णफलभाक्स्मृतः ॥८२**
**एवमाचारतो दृष्ट्वा धर्मस्य मुनयो गतिम् । सर्वस्य तपसो मूलमाचारं जगृहुः परम् ॥८३**
**अन्ये च मानवा राजन्नाचारं संश्रिता[2] सदा । एवमस्मिन्पुराणे तु आचारस्य तु कीर्तनम् ॥८४**

---

नहीं करना चाहिये ।७२। नृपोत्तम ! सर्वप्रथम देवता की पूजा कर ब्राह्मणों से उसका श्रवण करना चाहिये । इसी प्रकार अन्य द्विजातियों से भी शूद्र इसका श्रवण ही कर सकता है ।७३। हे नृपोत्तम ! इस भविष्य पुराण में समस्त श्रौत-स्मार्त धर्मों का उपदेश किया गया है । इसलिए शूद्रों को विप्रों के बिना अन्य किसी प्रकार इसका श्रवण नहीं करना चाहिये ।७४। नियम-व्रत-परायण ब्राह्मण इस शास्त्र (भविष्य पुराण) का अध्ययन कर मानसिक, वाचिक एवं शारीरिक—इन तीनों पाप-कर्मों से उत्पन्न होने वाले दोषों से सर्वदा मुक्ति प्राप्त करता है ।७५। हे राजन् ! जो ब्राह्मणादि योनियों में उत्पन्न होने वाले मनुष्य भक्तिपूर्वक इसका श्रवण करते हैं, प्रभो ! वे भी अपने समस्त पापों से छूटकर स्वर्गलोक को जाते हैं ।७६। नृपोत्तम ! जो ब्राह्मण समस्त वर्णों को इसका श्रवण कराता है, हे तात ! वह सभी वर्णों का

वृत्तान्तानि च राजेन्द्र तथा चोक्तानि पण्डितैः । त्रिलोक्यास्तु समुत्पत्तिः संस्कारविधिरुत्तमः ।।
श्रवणं चेतिहासस्य विधानं कथ्यते नृप ।।८५
तथास्मिन्कथ्यते राजन्माहात्म्यं वाचकस्य तु । व्रतचर्याश्रमाचाराः स्नातकस्य परो विधिः ।।८६
दारादिगमनं चैव विवाहानां च लक्षणम् । पुंसां च लक्षणं राजन्योषितां चात्र कथ्यते ।।८७
महायज्ञविधानं च शास्त्रकल्पं च शाश्वतम् । पृथिव्या लक्षणं तात देवार्चायाः सुलक्षणम् ।।८८
वृत्तीनां लक्षणं चैव स्नातकस्य व्रतानि च । भक्ष्याभक्ष्यं च शौचं च द्रव्याणां शुद्धिरेव च ।।८९
स्त्रीधर्मयोगस्तापस्यं मोक्षः संन्यास एव च । राज्ञश्च धर्मो ह्यखिलः कार्याणां च विनिर्णयः ।।९०
माहात्म्यं सवितुश्चात्र तीर्थानां च विशाम्पते । नारायणस्य माहात्म्यं तथा रुद्रस्य कथ्यते ।।९१
महाभाग्यं च विप्राणां माहात्म्यं पुस्तकस्य च । दुर्गादेव्यास्तथा चोक्तं सत्यस्य च महामते ।।९२
संक्षिप्तं [1]संविधानं च धर्मं स्त्रीपुंसयोरपि । विभागं धर्मद्यूतं च कथकानां च शोधनम् ।।९३
वैश्यशूद्रोपचारं च संकीर्णानां च संभवम् । आपद्धर्मं च वर्णानां प्रायश्चित्तविधिं तथा ।।९४
संध्याविधिं प्रेतशुद्धिं स्नानतर्पणयोर्विधिम् । वैश्वदेवविधिं चापि तथा भोज्यविधिं नृप ।।९५
लक्षणं दन्तकाष्ठस्य चरणव्यूहमुत्तमम् । संसारगमनं चैव त्रिविधं कर्मसम्भवम् ।।९६
नैःश्रेयसं कर्मणां च गुणदोषपरीक्षणम् । दाराणां लक्षणं प्रोक्तं तथा पात्रपरीक्षणम् ।।९७

---

पुराण में उसी आचार का कीर्तन किया गया है ।८४। हे राजेन्द्र ! इसके अतिरिक्त पण्डितों ने उसमें अनेक वृत्तान्तों का वर्णन किया है । तीनों लोकों की उत्पत्ति का वर्णन है, उत्तम संस्कार विधि विस्तार पूर्वक कही गई है । इतिहास के श्रवण का विधान कहा गया है ।८५। हे राजन् ! इसके अतिरिक्त वाचकों का माहात्म्य बतलाया गया है, विविध प्रकार से व्रतों की विधि, आश्रमों के आचार, स्नातक की क्रियाएँ, स्त्रीगमन, विवाह के लक्षण, पुरुषों के लक्षण तथा स्त्रियों के लक्षण कहे गये हैं ।८६-८७। हे तात ! महान् यज्ञों का विधान, शाश्वतिक शास्त्र-कल्प, पृथ्वी के लक्षण, देवपूजा के लक्षण, जीविकाओं के लक्षण, स्नातकों के

प्रसूतिं चापि गर्भस्य तथा कर्मफलं नृप । जातिधर्मान्कुलधर्मान्वेदधर्मांश्च[1] पार्थिव ।।९८
वैतानव्रतिकानां च तथासौ प्रोक्तवान्विभुः । ब्रह्मा कुरुकुलश्रेष्ठ शंकराय महात्मने ।।९९
शंकरेण तथा विष्णोः कथितं कुरुनन्दन । विष्णुनापि पुनः प्रोक्तं नारदाय महीपते ।।१००
नारदात्प्राप्तवाञ्छक्रः शक्रादपि पराशरः । पराशरात्ततो व्यासो व्यासादपि मया विभो ।।१०१
एवं परम्पराप्राप्तं पुराणमिदमुत्तमम् । शृणु त्वमपि राजेन्द्र मत्सकाशात्परं हितम् ।।१०२
सर्वाण्येव पुराणानि संज्ञेयानि नरर्षभ । द्वादशैव सहस्राणि प्रोक्तानीह मनीषिभिः ।।१०३
पुनर्वृद्धिं गतानीह आख्यानैर्विविधैर्नृप । यथा स्कान्दं तथा चेदं भविष्यं कुरुनन्दन ।।१०४
स्कान्दं शतसहस्रं तु लोकानां ज्ञातमेव हि । भविष्यमेतदृषिणा लक्षार्द्धं संख्यया कृतम्[2] ।।१०५
तच्छ्रुत्वा पुरुषो भक्त्या इदं फलमवाप्नुयात् । ऋद्धिर्वृद्धिस्तथा श्रीश्च भवन्ति[3] तस्य निश्चितम् ।।१०६

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां[4] संहितायां ब्राह्मे पर्वणि कथाप्रस्तावने प्रथमोऽध्यायः ।१।

---

एवं कर्मफल का वर्णन किया गया है तथा जाति-धर्म, कुल-धर्म एवं वैदिक धर्मों की चर्चा की गई है।९३-९८

हे कुरुकुलश्रेष्ठ ! तथा वैतानिकों के व्रतों को भगवान् ब्रह्मा ने महात्मा शंकर को बताया था ।९९। कुरुनन्दन ! इसके अनन्तर शंकर ने भगवान् विष्णु को इसका उपदेश किया । महीपते ! पुनः भगवान् विष्णु ने नारद के लिए इसका उपदेश किया । नारद से इन्द्र ने प्राप्त किया, इन्द्र से पराशर ने प्राप्त किया । पराशर से व्यास ने और व्यास से मैंने प्राप्त किया । इस परम्परा से मुझे इस उत्तम पुराण की प्राप्ति हुई है । हे राजेन्द्र ! तुम भी मुझसे इस हितकारक उत्तम पुराण को सुनो ।१००-१०२

हे नरश्रेष्ठ ! समस्त पुराण को पण्डित लोग बारह सहस्र ही बतलाते हैं, किन्तु पीछे के विविध

# अथ द्वितीयोऽध्यायः

## सृष्टिवर्णनं पुराणानां ब्रह्मपञ्चमास्यादुत्पत्तिवर्णनञ्च

### सुमन्तुरुवाच

शृणुष्वेदं महाबाहो पुराणं पञ्चलक्षणम् । यच्छ्रुत्वा मुच्यते राजन्पुरुषो ब्रह्महत्यया ॥१
पर्वाणि चात्र वै पञ्च कीर्तितानि स्वयम्भुवा । प्रथमं कथ्यते ब्राह्मं द्वितीयं वैष्णवं स्मृतम् ॥२
तृतीयं शैवमाख्यातं चतुर्थं त्वाष्ट्रमुच्यते । पञ्चमं प्रतिसर्गाख्यं सर्वलोकैः सुपूजितम् ॥३
एतानि तात पर्वाणि लक्षणानि निबोध मे । सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च ॥४
वंशानुचरितं चैव पुराणं पञ्चलक्षणम् । चतुर्दशभिर्विद्याभिर्भूषितं कुरुनन्दन ॥५
अङ्गानि [1]चतुरो वेदा मीमांसा न्यायविस्तरः । पुराणं धर्मशास्त्रं च विद्या ह्येताश्चतुर्दश ॥६
आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्वश्चैव ते त्रयः । अर्थशास्त्रं चतुर्थं तु विद्या ह्यष्टादशैव ताः ॥७
प्रथमं कथ्यते सर्गो भूतानामिह सर्वशः । यच्छ्रुत्वा पापनिर्मुक्तो याति शान्तिमनुत्तमाम् ॥८
जगदासीत्पुरा तात तमोभूतमलक्षणम् । अविज्ञेयमतर्क्यं च प्रसुप्तमिव सर्वशः[2] ॥९

---

# अध्याय २

## सृष्टि का वर्णन तथा ब्रह्मा के पञ्चम मुख से पुराणों की उत्पत्ति का वर्णन

**सुमन्त बोले**—राजन्! महाबाहु! पाँचों लक्षणों से समन्वित इस (भविष्य) पुराण को सुनिये, जिसे सुनकर मनुष्य ब्रह्महत्या से छूट जाता है।१। स्वयम्भू ने इसमें पाँच पर्वों की चर्चा की है। इसका पहला पर्व

ततः स भगवानीशो ह्यव्यक्तो व्यञ्जयन्निदम् । महाभूतानि वृत्तौजाः प्रोत्थितस्तमनाशनः[१] ।।१०
योऽसावतीन्द्रियोऽग्राह्यः सूक्ष्मोऽव्यक्तः सनातनः । सर्वभूतमयोऽचिन्त्यः स एष स्वयमुत्थितः ।।११
योऽसौ षड्विंशको लोके तथा यः पुरुषोत्तमः । भास्करश्च महाबाहो परं ब्रह्म च कथ्यते ।।१२
सोऽभिध्याय शरीरात्स्वात्सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः । अत एव ससर्जादौ तासु वीर्यमवासृजत् ।।१३
यस्मादुत्पद्यते सर्वं सदेवासुरमानुषम् । बीजं शुक्रं तथा रेत उग्रं वीर्यं च कथ्यते ।।१४
वीर्यस्यैतानि नामानि कथितानि स्वयम्भुवा । तदण्डमभवद्धैमं ज्वालामालाकुलं विभो ।।१५
यस्मिञ्जज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोकपितामहः । सुरज्येष्ठश्चतुर्वक्त्रः परमेष्ठी पितामहः ।।१६
क्षेत्रज्ञः पुरुषो वेधाः शम्भुर्नारायणस्तथा । पर्यायवाचकैः शब्दैरेवं ब्रह्मा प्रकीर्त्यते ।।१७
सदा मनीषिभिस्तात विरञ्चिः कञ्जजस्तथा[२] । आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ।।१८
ता यदस्यायनं पूर्वं तेन नारायणः स्मृतः । अरमित्येव शीघ्राय नियताः कविभिः कृताः ।।१९
आप[३] एवार्णवीभूत्वा सुशीघ्रास्तेन ता नराः । यत्तत्कारणमव्यक्तं नित्यं सदसदात्मकम् ।।२०
तद्विसृष्टः स पुरुषो लोके ब्रह्मेति कीर्त्यते । एवं स भगवानण्डे तत्त्वमेव निरूप्य वै ।।२१

---

सोये हुए की तरह था ।९। तदनन्तर सर्वैश्वर्यशाली, वे भगवान् अव्यक्त रूप से जगत् को व्यक्त करते हुए, महान् भूतों को प्रकट करते हुए तथा अन्धकार-राशि को नष्ट करते हुए उठते हैं । जो इन्द्रिय-समूहों से परे, अग्राह्य, सूक्ष्म अव्यक्त, सनातन (सर्वदा एक रूप में स्थिर रहने वाले) सर्वजीवमय एवं अचिन्त्य कहे जाते हैं, वे उस अवसर पर स्वयं उठ पड़ते हैं ।१०-११। वे लोक में छब्बीसवें पदार्थ के नाम से विख्यात हैं, उन्हीं की पुरुषोत्तम नाम से प्रसिद्धि है । हे महाबाहु ! वे ही भास्कर एवं परम ब्रह्म भी कहे जाते हैं ।१२। वे भगवान् उस समय अपने शरीर से विविध प्रकार की प्रजाओं की सृष्टि करने की इच्छा से चिन्तन करके सर्वप्रथम जल की सृष्टि करते हैं, और उसमें वीर्य छोड़ते हैं ।१३। उसी से समस्त देवताओं, असुरों और मनुष्यों समेत इस जगत् की उत्पत्ति होती है । बीज, शुक्र, रेत, उग्र और वीर्य भी उसी को कहते हैं ।१४। स्वयंभू ने वीर्य के इन

ध्यानमास्थाय राजेन्द्र तदण्डमकरोद्द्विधा । शकलाभ्यां च राजेन्द्र दिवं भूमिं च निर्ममे ॥२२
अन्तर्व्योम दिशश्चाष्टौ वारुणं स्थानमेव हि । ऊर्ध्वं महान्गतो राजन् समन्ताल्लोकभूतये ॥२३
महतश्चाप्यहंकारस्तस्माच्च त्रिगुणा अपि । त्रिगुणा अतिसूक्ष्मास्तु बुद्धिगम्या हि भारत ॥२४
उत्पत्तिहेतुभूता वै भूतानां महतां नृप । तेषामेव गृहीतानि शनैः पञ्चेन्द्रियाणि तु ॥२५
तथैवावयवाः सूक्ष्माः षण्णामप्यमितौजसाम्
॥२६
संनिवेश्यात्ममात्रासु स राजन्भगवान्विभुः । भूतानि निर्ममे तात सर्वाणि विधिपूर्वकम् ॥२७
यन्मूर्त्यवयवाः सूक्ष्मास्तस्येमान्याश्रयाणि षट् । तस्माच्छरीरमित्याहुस्तस्य मूर्तिं मनीषिणः ॥२८
महान्ति तानि भूतानि आविशन्ति ततो विभुम् । कर्मणा सह राजेन्द्र सगुणाश्चापि वै गुणाः ॥२९
तेषामिदं तु सप्तानां पुरुषाणां महौजसाम् । सूक्ष्माभ्यो मूर्तिमात्राभ्यः सम्भवत्यव्ययाद्व्ययम्[1] ॥३०
भूतादिमहतस्तात येन व्याप्तमिदं जगत् । तस्मादपि महाबाहो पुरुषाः पञ्च एव हि ॥३१
केचिदेवं परां तात सृष्टिमिच्छन्ति पण्डिताः । अन्येऽप्येवं महाबाहो प्रवदन्ति मनीषिणः ॥३२
योऽसावात्मा परस्तात कल्पादौ सृजते तनुम् । प्रजनश्च महाबाहो सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः ॥३३

---

का विनिश्चय करके और पूर्व रचित सृष्टि के क्रम का ध्यान कर उसको दो भागों में विभक्त कर दिया । हे राजेन्द्र ! अण्ड के उन दोनों भागों से आकाश और पृथ्वी का निर्माण किया ।२०-२२। फिर अन्तर्वर्ती आकाश, आठों दिशाएँ और समस्त समुद्रों का निर्माण किया । हे राजन् ! इस प्रकार लोककल्याणार्थ उस महान् ने ऊर्ध्वगत होकर इन सब का निर्माण किया ।२३। महत्तत्त्व से अहंकार, उससे तीनों गुण (सत्त्व, रजस् और तमस् की भी उत्पत्ति हुई) । हे भारत ! वे तीनों गुण परम सूक्ष्म हैं, केवल बुद्धि द्वारा वे जाने जा सकते हैं ।२४। हे नृप ! वे त्रिगुण समस्त महान् भूतों की उत्पत्ति के मूल कारण हैं । उन्हीं के द्वारा पाँचों इन्द्रियाँ शनैः शनैः उत्पन्न हुई हैं ।२५।उन परम तेजोमय छहों के अवयव भी उसी प्रकार परम सूक्ष्म हैं । हे राजन् ! परमैश्वर्यशाली भगवान ने

तेन सृष्टः पुद्गलस्तु प्रधानं विशते नृप । प्रधानं क्षोभितं तेन विकारान्सृजते बहून् ॥३४
उत्पद्यते महांस्तस्मात्ततो भूतादिरेव हि । उत्पद्यते विशालं च भूतादेः कुरुनन्दन ॥३५
विशालाच्च हरिस्तात हरेश्चापि वृकास्तथा । वृकैर्मूष्णन्ति च बुधास्तस्मात्सर्वं भवेन्नृप ॥३६
तथैषामेव राजेन्द्र प्रादुर्भवति वेगतः । मात्राणां कुरुशार्दूल विबोधस्तदनन्तरम्[1] ॥३७
तस्मादपि हृषीकाणि विविधानि नृपोत्तम । तथेयं सृष्टिराख्याताऽऽराध्यतः कुरुनन्दन ॥३८
भूयो निबोध राजेन्द्र भूतानामिह विस्तरम् । गुणाधिकानि सर्वाणि भूतानि पृथिवीपते ॥३९
आकाशमादितः कृत्वा उत्तरोत्तरमेव हि । एकं द्वौ च तथा त्रीणि चत्वारश्चापि पञ्च च ॥४०
ततः स भगवान्ब्रह्मा पद्मासनगतः प्रभुः । सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक्पृथक् ॥४१
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक्संस्थाश्च निर्ममे । कर्मोद्भवानां देवानां सोऽसृजद्देहिनां प्रभुः ॥४२
तुषितानां गणं राजन्यज्ञं चैव सनातनम् । दत्त्वा[2] वीर समानेभ्यो गुह्यं ब्रह्म सनातनम् ॥४३
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थमृग्यजुः सामलक्षणम् । कालं कालविभक्तीश्च[3] ग्रहानृतूंस्तथा नृप ॥४४
सरितः सागराञ्छैलान्समानि विषमाणि च । कामं क्रोधं तथा वाचं रतिं चापि कुरुद्वह ॥४५
सृष्टिं ससर्ज राजेन्द्र सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः । धर्माधर्मौ विवेकाय कर्मणां च तथासृजत् ॥४६

---

(परमाणु) प्रधान (प्रकृति) प्रवेश करते हैं, उनके द्वारा क्षुब्ध होकर प्रधान अनेक विकारों की सृष्टि करता है ।३४। जिससे महत् की उत्पत्ति होती है और उसी से (महत् से) आदि भूत की उत्पत्ति होती है । हे कुरुनन्दन ! उन भूतवर्गों से विशाल की उत्पत्ति होती है ।३५। हे तात ! विशाल से हरि और हरि से वृकों की उत्पत्ति होती है । उन वृकों द्वारा बुद्धिमान् जन छिपाये जाते हैं । हे राजन् ! उसी से समस्त जगत् की उत्पत्ति होती है ।३६। हे राजेन्द्र ! कुरुशार्दूल ! इन्हीं के वेग से मात्राओं के विबोध की उत्पत्ति होती है । उसके अनन्तर मात्राओं का विबोध होता है ।३७। नृपोत्तम ! तदनन्तर उसी से विविध इन्द्रिय समूहों की उत्पत्ति होती है । हे कुरुनन्दन ! इस प्रकार इस सृष्टि की आराधना द्वारा उत्पत्ति कही जाती है ।३८। हे राजेन्द्र ! अब भूतों का विस्तार किस प्रकार हुआ—इसे फिर से सुनिये । हे पृथ्वीपति ! उन सब भूत-समूहों

सुखदुःखादिभिर्द्वन्द्वैः प्रजाश्चेमा न्ययोजयत् । अण्व्यो मात्राविनाशिन्यो दशार्धानां तु याः स्मृताः ।।४७
ताभिः सर्वमिदं वीर सम्भवत्यनुपूर्वशः । यत्कृतं तु पुरा कर्म सन्नियुक्तेन वै नृप ।।४८
स तदेव स्वयं भेजे सृज्यमानं पुनः पुनः । हिंस्राहिंस्रे मृदुक्रूरे धर्माधर्मे ऋतानृते ।।४९
यद्यथास्याभवत्सर्गे तत्तस्य स्वयमाविशत् । यथा च लिङ्गान्यृतवः स्वयमेवानुपर्यये ।।५०
स्वानि स्वान्यभिपद्यन्ते तथा कर्माणि देहिनः । लोकस्येह विवृद्ध्यर्थं मुखबाहूरुपादतः ।।५१
ब्रह्म क्षत्रं तथा चोभौ वैश्यशूद्रौ नृपोत्तम । मुखानि यानि चत्वारि तेभ्यो वेदा विनिःसृताः ।।५२
ऋग्वेदसंहिता तात वसिष्ठेन महात्मना । पूर्वान्मुखान्महाबाहो दक्षिणाच्चापि वै भृगु ।।५३
यजुर्वेदो महाराज याज्ञवल्क्येन वै सह । सामानि पश्चिमात्तात गौतमश्च महानृषिः ।।५४
अथर्ववेदो राजेन्द्र मुखाच्चाप्युत्तरान्नृप । ऋषिश्चापि तथा राजञ्छौनको लोकपूजितः ।।५५
यत्तन्मुखं महाबाहो पञ्चमं लोकविश्रुतम् । अष्टादशपुराणानि सेतिहासानि भारत ।।५६
निर्गतानि ततस्तस्मान्मुखात्कुरुकुलोद्वह । तथान्याः स्मृतयश्चापि यमाद्या लोकपूजिताः ।।५७
ततः स भगवान्देवो द्विधा देहमकारयत् । द्विधा कृत्वात्मनो देहमर्धेन पुरुषोऽभवत् ।।५८
अर्धेन नारी तस्यां च विराजमसृजत्प्रभुः । तपस्तप्त्वासृजद्यं तु स स्वयं पुरुषो विराट् ।।५९
स चकार तपो राजन्सिसृक्षुर्विविधाः प्रजाः । पतीन्प्रजानामसृजन्महर्षीनादितो दश ।।६०

---

और उसके अनन्तर सुख-दुःख आदि द्वन्द्वों में इन प्रजाओं को उलझा दिया, जो अणु परिमाण तथा अविनाशिनी पञ्च मात्राएँ कही गयी हैं । हे वीर ! उन सबों से इस समस्त जगत् का क्रमिक उद्‌भव होता है । हे राजन् ! पहले (ईश्वरेच्छा द्वारा) नियुक्त होकर जीव जो कुछ कार्य करता है, उसे ही पुनः-पुनः सिरजे जाते हुए वह स्वयं प्राप्त करता है । हिंस्र-अहिंस्र, मृदु, क्रूर, धर्म, अधर्म, सत्य, असत्य—इनमें से जैसा जिसका प्राक्तन संचित कर्म रहा, वही इस सृष्टि में भी स्वयं आकर आविष्ट हुआ । हे राजन् ! जिस प्रकार ऋतुएँ अपने-अपने चिह्नों को स्वयमेव प्राप्त हो जाती हैं, उसी प्रकार शरीरधारी जीव भी अपने-अपने

**नारदं च भृगुं तात कं प्रचेतसमेव हि । पुलहं क्रतुं पुलस्त्यं च अत्रिमङ्गिरसं तथा ।।६१**
**मरीचिं चापि राजेन्द्र योऽसावाद्यः प्रजापतिः । एतांश्चान्यांश्च राजेन्द्र असृजद् भूरितेजसः ।।६२**
**अथ देवानृषीन्दैत्यान्सोऽसृजत्कुरुनन्दन । यक्षरक्षः पिशाचांश्च गन्धर्वाप्सरसोऽसुरान् ।।६३**
**मनुष्याणां पितॄणां च सर्पाणां चैव भारत । नागानां च महाबाहो ससर्ज विविधान्गणान् ।।६४**
**क्षणरुचोऽशनिगणान्रोहितेन्द्रधनूंषि च । धूमकेतूंस्तथाचोल्कानिर्वाताञ्ज्योतिषां गणान् ।।६५**
**मनुष्यान्किन्नरान्मत्स्यान्वराहांश्च विहङ्गमान् । गजानश्वानथ पशून्मृगान्व्यालांश्च भारत ।।६६**
**कृमिकीटपतङ्गांश्च यूकालिक्षकमत्कुणान् । सर्वं च दंशमशकं स्थावरं[1] च पृथग्विधम् ।।६७**
**एवं स भास्करो देवः ससर्ज भुवनत्रयम् । येषां तु यादृशं कर्म भूतानामिह कीर्तितम् ।।६८**
**कथयिष्यामि तत्सर्वं क्रमयोगं च जन्मनि[2] । गजा व्याला मृगास्तात पशवश्च पृथग्विधाः ।।६९**
**पिशाचा मानुषास्तात रक्षांसि च जरायुजाः । द्विजास्तु अण्डजाःसर्पा नक्रा मत्स्याः सकच्छपाः ।।७०**
**एवंविधानि यानीह स्थलजान्यौदकानि[3] च । स्वेदजं दंशमशकं यूकालिक्षकमत्कुणाः ।।७१**
**ऊष्मणा चोपजायन्ते यच्चान्यत्किञ्चिदीदृशम् । उद्भिज्जाः स्थावराः सर्वे बीजकाण्डप्ररोहिणः ।।७२**
**ओषध्यः फलपाकान्ता नानाविधफलोपगाः । अपुष्पाः फलवन्तो ये ते वनस्पतयः स्मृताः ।।७३**

---

पुलस्त्य, अत्रि, अंगिरा, और मरीचि। हे राजेन्द्र ! ये मरीचि इन सबों में प्रथम प्रजापति थे। हे राजेन्द्र ! इन उपर्युक्त प्रजापति ऋषियों को तथा इनके अतिरिक्त अन्यान्य बहुतेरे ऋषियों को, जो इन्हीं के समान परम तेजस्वी थे, ब्रह्मा ने उत्पन्न किया।६१-६२। हे कुरुनन्दन ! इसी प्रकार देवताओं, ऋषियों तथा दैत्यों की सृष्टि की। हे भारत ! हे महाबाहो ! फिर यज्ञ, राक्षस, पिशाच, गन्धर्व, अप्सरा, असुर तथा मनुष्य, पितर, सर्प एवं नागों के विविध गणों की सृष्टि की।६३-६४। इसी प्रकार क्षण भर चमककर छिप जाने वाली बिजलियों इन्द्रधनुष, धूमकेतु-उल्का एवं वातरहित ज्योतिष् चक्रों की सृष्टि की।६५। हे कुरुनन्दन ! इस प्रकार भगवान ने मनुष्य, किन्नर, मत्स्य, वराह, विहंगम

पुष्पिणः फलिनश्चैव वृक्षास्तूभयतः स्मृताः । गुच्छगुल्मं तु विविधं तथैव तृणजातयः ॥७४
बीजकाण्डरुहाण्येव प्रताना[1] वल्ल्य एव च । तमसा बहुरूपेण वेष्टिताः कर्महेतुना ॥७५
अन्तःसंज्ञा भवन्त्येते सुखदुःखसमन्विताः । एतावत्यस्तु गतयः प्रोद्भूताः कुरुनन्दन ॥७६
तस्माद्देवाद्दीप्तिमन्तो भास्कराच्च महात्मनः । घोरेऽस्मिंस्तात संसारे नित्यं सततयायिनि ॥७७
एवं सर्वं स सृष्ट्वेदं राजँल्लोकगुरुं परम् । तिरोभूतः स भूतात्मा[2] कालं कालेन पीडयन् ॥७८
यदा स देवो जागर्ति तदेदं चेष्टते जगत् । यदा स्वपिति शान्तात्मा तदा सर्वं निमीलति ॥७९
तस्मिन्स्वपिति राजेन्द्र जन्तवः कर्मबन्धनाः । स्वकर्मभ्यो निवर्तन्ते मनश्च ग्लानिमृच्छति ॥८०
युगपत्तु प्रलीयन्ते यदा तस्मिन्महात्मनि । तदायं[3] सर्वभूतात्मा सुखं स्वपिति भारत ॥८१
तमो यदा समाश्रित्य चिरं तिष्ठति सेन्द्रियः । न नवं कुरुते कर्म तदोत्क्रामति मूर्तितः ॥८२
यदा हंमात्रिको भूत्वा बीजं स्थास्नु चरिष्णु च । समाविशति संसृष्टस्तदा मूर्तिं विमुञ्चति ॥८३
एवं स जाग्रत्स्वप्नाभ्यामिदं सर्वं जगत्प्रभुः । संजीवयति चाजस्रं प्रमापयति चाव्ययः ॥८४
कल्पादौ सृजते तात अन्ते कल्पस्य संहरेत् । दिनं तस्येह यत्तात कल्पान्तमिति कथ्यते ॥८५

---

वृक्ष कहते हैं । गुच्छों और गुल्मों की अनेक कोटियाँ होती हैं । उसी प्रकार तृणों की भी बहुत-सी जातियाँ होती हैं ।७४। बीजों और काण्डों से उत्पन्न होकर वृक्षों पर फैलने वाली लताएँ तथा वल्लियाँ कही जाती हैं। अपने पूर्व जन्म के कर्म-बन्धन से ये सभी प्रकार के अज्ञानान्धकार (तमोगुण) से परिवेष्टित रहते हैं ।७५। इनके अन्तःकरण में चेतना होती है एवं सुख और दुःख का इन्हें भी अनुभव होता है । हे कुरुनन्दन ! जीवों की इतनी गतियाँ प्रकट हैं ।७६। हे तात उस (परम प्रकाशमान) एवं महातमा भास्कर देव (के प्रकाश) से ये सब इस घोर संसार में प्रतिक्षण तथा निरन्तर चलने वाले हैं ।७७। हे राजन् ! काल द्वारा काल को पीड़ित करते हुए, वह भूतों का आत्मा (परमेश्वर) लोक के गुरु एवं अन्य सभी की सृष्टि करने के

कालसंख्यां ततस्तस्य[१] कल्पस्य शृणु भारत । निमेषा दश चाष्टौ च अक्ष्णः काष्ठा निगद्यते ॥८६
त्रिंशत्काष्ठाः कलामाहुः क्षणस्त्रिंशत्कलाः स्मृताः । मुहूर्तमथ मौहूर्ता वदन्ति द्वादश क्षणम् ॥८७
[२]त्रिंशन्मुहूर्तमुद्दिष्टमहोरात्रं मनीषिभिः । मासस्त्रिंशदहोरात्रं द्वौ द्वौ मासावृतुः स्मृतः ॥८८
ऋतुत्रयमप्ययनमयने द्वे तु वत्सरः । अहोरात्रे विभजते सूर्यो मानुषदैविके ॥८९
रात्रिः स्वप्नाय भूतानां चेष्टायै कर्मणामहः । पित्र्ये रात्र्यहनी मासः प्रविभागस्तु पक्षयोः ॥९०
कर्म चेष्टास्वहः कृष्णः शुक्लः स्वप्नाय शर्वरी । दैवे रात्र्यहनी वर्षं प्रविभागस्तयोः पुनः ॥९१
अहस्तत्रोदगयनं रात्रिः स्याद्दक्षिणायनम् । ब्राह्मस्य तु क्षपाहस्य यत्प्रमाणं महीपते ॥९२
एकैकशो युगानां तु क्रमशस्तन्निबोध मे । चत्वार्याहुः सहस्राणि वर्षाणां तत्कृतं युगम् ॥९३
तस्य तावच्छती सन्ध्या सन्ध्यांशश्च तथाविधः । त्रेता त्रीणि सहस्राणि[३] वर्षाणि च विदुर्बुधाः ॥९४
शतानि षट् च राजेन्द्र सन्ध्यासन्ध्यांशयोः पृथक् । वर्षाणां द्वे सहस्रे तु द्वापरे परिकीर्तिते ॥९५
चत्वारि च शतान्याहुःसन्ध्यासन्ध्यांशयोर्बुधः । सहस्रं कथितं तिष्ये शतद्वयसमन्वितम् ॥९६
एषा चतुर्युगस्यापि संख्या प्रोक्ता नृपोत्तम । यदेतत्परिसंख्या तमादावेव चतुर्युगम् ॥९७

---

की अवधि का प्रमाण सुनिये, बतला रहा हूँ । आँख के मूँदने और खोलने में जितना समय लगता है, उसे निमेष कहते हैं, ऐसे अठारह निमेषों की एक काष्ठा कही जाती है ।८६। तीस काष्ठा की एक कला बतलाते हैं, तीस कला का एक क्षण कहा जाता है । मुहूर्तों को जानने वाले पण्डित लोग बारह क्षणों का एक मुहूर्त बतलाते हैं ।८७। मनीषियों ने एक दिन-रात के बीच में तीस मुहूर्त निश्चित किये हैं । तीस दिन-रात का एक महीना होता है, दो-दो महीनों की एक ऋतु होती है ।८८। तीन-तीन ऋतुओं का एक अयन होता है । दो अयनों का एक वर्ष माना जाता है । मनुष्य और देव इन दोनों के रात-दिन का विभाग सूर्य करता है ।८९। भूतों के शयनादि के लिए रात्रि और कर्म-व्यापार चालू रखने के लिए दिन हैं । पितरों के एक रात दिन मनुष्यों के एक मास में पूरे होते हैं ।९०। मनुष्यों का एक पक्ष उनकी रात्रि और एक पक्ष दिन है । कर्म-चेष्टा के लिए

एतद्द्वादशसाहस्रं देवानां युगमुच्यते । दैविकानां युगानां तु सहस्रपरिसंख्यया ॥९८
ब्राह्ममेकमहर्ज्ञेयं तावती रात्रिरुच्यते । एतद्युगसहस्रान्तं ब्राह्मं पुण्यमहर्विदुः ॥९९
रात्रिं च तावतीमेव तेऽहोरात्रविदो जनाः । ततोऽसौ युगपर्यन्ते प्रसुप्तः प्रतिबुध्यते ॥१००
प्रतिबुद्धस्तु सृजति मनः सदसदात्मकम् । मनः सृष्टिं विकुरुते चोद्यमानं[१] सिसृक्षया ॥१०१
विपुलं जायते तस्मात्तस्य शब्दं गुणं विदुः । विपुलात्तु विकुर्वाणात्सर्वगन्धवहः शुचिः ॥१०२
बलवाञ्जायते वायुः स वै स्पर्शगुणो मतः । वायोरपि विकुर्वाणाद्विरोचिष्णु तमोनुदम् ॥१०३
उत्पद्यते विचित्रांशुस्तस्य रूपं गुणं विदुः । तस्मादपि विकुर्वाणादापो जाताः स्मृता बुधैः ॥१०४
तासां गुणो रसो ज्ञेयः सर्वलोकस्य भावनः[२] । अद्भ्यो गन्धगुणा भूमिरित्येषा सृष्टिरादितः ॥१०५
यत्प्राग्द्वादशसाहस्रमुक्तं सौमनसं युगम् । तदेकसप्ततिगुणं मन्वन्तरमिहोच्यते ॥१०६
मन्वन्तराण्यसंख्यानि सर्गः संहार एव च । तथाप्यहे सदा ब्राह्मे मनवस्तु चतुर्दश ॥१०७
कथ्यन्ते कुरुशार्दूल[३] संख्यया पण्डितैः सदा । मनोः स्वायम्भुवस्येह षड्वंश्या[४] मनवोऽपरे ॥१०८

---

अभी आपको बतलाया है, वही बारह सहस्र वर्ष देवताओं का युग बतलाया जाता है । देवताओं के एक सहस्र युगों का ब्रह्मा का एक दिन जानना चाहिए और उतने ही की एक रात्रि भी कही जाती है । इस प्रकार (पण्डित लोग) देवताओं के सहस्र युग की समाप्ति पर ब्रह्मा का एक पुण्य दिन समाप्त होना बतलाते हैं ।९७-९९। और उतने ही प्रमाण की रात्रि भी बतलाते हैं। इस रात्रि के व्यतीत होने पर जब कि देवताओं का एक सहस्र युग व्यतीत होता है, भगवान् अपने शयन से निवृत्त होकर जाग उठते हैं।१००। प्रतिबुद्ध होकर अपने सत्-असदात्मक मन की सृष्टि करते हैं, सृष्टि विस्तार करने की भावना से प्रेरित होकर वह मन ही सृष्टि करता है।१०१

उससे विपुल आकाश की उत्पत्ति होती है। उस आकाश का गुण शब्द कहा जाता है। आकाश में

सृष्टवन्तः प्रजाःस्वाःस्वाः महात्मानो महौजसः। सावर्णेयस्तथा पञ्चभौत्यो रौच्यस्तथापरः ।।१०९
एते भविष्या मनवः सप्त प्रोक्ता नृपोत्तम । स्वस्वेऽन्तरे सर्वमिदं पालयन्ति चराचरम् ।।११०
एवंविधं दिनं तस्य विरिञ्चेस्तु महात्मनः । तस्यान्ते कुरुते सर्गं यथेदं कथितं तव ।।१११
क्रीडन्निवैतत्कुरुते परमेष्ठी नराधिप । चतुष्पात्सकलो धर्मः सत्यं चैव कृते युगे ।।११२
नाधर्मेणागमः कश्चिन्मनुष्याणां प्रवर्तते । इतरेष्वागमास्तात धर्मश्च कुरुनन्दन ।।११३
यादृशाः परिहीयन्ते यथाह भगवान्मनुः[1] । चौर्याच्चाप्यनृताद्राजन्मायाभिरमितद्युते ।।११४
पादेन हीयते धर्मस्त्रेतादिषु युगेषु वै । अरोगाः सर्वसिद्धार्थाश्चतुर्वर्षशतायुषः ।।११५
कृतत्रेतादिषु त्वेषां वयो ह्रसति पादशः । वेदोक्तमायुराशीश्च मर्त्यानां कुरुनन्दन ।।११६
कर्मणां तु फलं तात फलत्यनुयुगं सदा । प्रभावश्च तथा लोके फलत्येव शरीरिणाम् ।।११७
अन्ये कृतयुगे धर्मास्त्रेतायां द्वापरे परे । अन्ये कलियुगे नृणां युगधर्मानुरूपतः ।।११८
तपः परं कृतयुगे त्रेतायां ज्ञानमुच्यते । द्वापरे यज्ञमित्याहुर्दानमेकं[2] कलौ युगे ।।११९
सर्वस्य राजन्सर्गस्य गुप्त्यर्थं च महाद्युते । मुखबाहूरुपादानां पृथक्कर्माण्यकल्पयत् ।।१२०

---

में अपनी-अपनी प्रजाओं की सृष्टि कर चुके हैं। नृपोत्तम ! सावर्णेय, पञ्चभौत्य तथा रौच्य प्रभृति सात मनु गण, जो भविष्य में उत्पन्न होंगे, अपने-अपने समय में अपनी-अपनी प्रजाओं की सृष्टि करके इस चराचर जगत् का पालन करेंगे।१०८-११०। महात्मा ब्रह्मा का दिन इस प्रकार का होता है। उसके अन्तिम समय में वह सृष्टि-कार्य इसी तरह सम्पन्न करता है, जैसा अभी आपसे बतला चुका हूँ ।१११

नराधिप ! वह परमेष्ठी इस समस्त चराचर जगत् की सृष्टि खेलते हुए की तरह कर डालता है। सतयुग में सभी प्रकार के धर्म अपने चारों चरणों से सम्पन्न रहते हैं।११२। उस युग में मनुष्यों की प्रवृत्ति अधर्म में तनिक भी नहीं होती। हे कुरुनन्दन ! अन्यान्य युगों में, मनुष्यों की प्रवृत्ति एवं धर्म जिस प्रकार हीन कोटि के हो जाते हैं, उसे भगवान् मनु ने इस प्रकार बतलाया है। हे राजन् ! चोरी करने से तथा असत्य भाषण

अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा । दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ॥१२१
प्रजानां पालनं राजन्दानमध्ययनं तथा । विषयेषु प्रसक्तिं च तथेज्यां क्षत्रियस्य तु ॥१२२
पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च । वणिक्पथं[1] कुसीदं च वैश्यस्य कृषिरेव च ॥१२३
एकमेव तु शूद्रस्य कर्म लोके प्रकीर्तितम्[2] । एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनुपूर्वशः ॥१२४
पुरुषस्य सदा श्रेष्ठं नाभेरूर्ध्वं नृपोत्तम । तस्मादपि शुचितरं मुखं तात स्वयम्भुवः ॥१२५
तस्मान्मुखाद्द्विजो जात इतीयं वैदिकी श्रुतिः । सर्वस्यैवास्य धर्मस्य धर्मतो ब्राह्मणः प्रभुः ॥१२६
स[3] सृष्टो ब्रह्मणा पूर्वं तपस्तप्त्वा कुरूद्वह । हव्यानामिव कव्यानां सर्वस्यापि च गुप्तये ॥१२७
अश्नन्ति च मुखेनास्य हव्यानि त्रिदिवौकसः । कव्यानि चैव पितरः किम्भूतमधिकं ततः ॥१२८
भूतानां प्राणिनः श्रेष्ठाः प्राणिनां बुद्धिजीविनः । बुद्धिमत्सु नराः श्रेष्ठा नरेषु ब्राह्मणाः स्मृताः ॥१२९
ब्राह्मणेषु च विद्वांसो विद्वत्सु कृतबुद्धयः । कृतबुद्धिषु कर्तारः कर्तृषु ब्रह्मवेदिनः ॥१३०
जन्म विप्रस्य राजेन्द्र धमार्थमिह कथ्यते । उत्पन्नः सर्वसिद्ध्यर्थं[4] याति ब्रह्मसदो नृप ॥१३१

---

अध्यापन, अध्ययन, यज्ञाराधन, यज्ञ का अनुष्ठान कराना, दान देना और दान लेना—ये सब कर्म ब्राह्मणों के लिए निश्चित किये गये।१२१। हे राजन् ! इसी प्रकार प्रजाओं का भलीभाँति पालन, दान, अध्ययन, विषय-सेवन एवं यज्ञाराधन—ये सब क्षत्रियों के कर्म हैं।१२२। पशुओं की रक्षा, दान, यज्ञाराधन, अध्ययन, वाणिज्य, ब्याज लेकर कर्ज देना और कृषि—ये वैश्यों के कर्म हैं।१२३। इस लोक में शूद्रों का केवल एक ही कर्म कहा जाता है—इन उपर्युक्त ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्यों की क्रमानुसार शुश्रूषा करना।१२४। नृपोत्तम ! मनुष्य के शरीर में नाभि के ऊपर का भाग सर्वदा श्रेष्ठ माना जाता है, हे तात ! उस ऊपरी भाग में भी मुख पवित्रतर है। स्वयम्भू भगवान् के उसी पुनीत मुख से द्विजों की उत्पत्ति हुई है—ऐसा वेदों में भी सुना जाता है। ब्राह्मण सभी धार्मिक कार्यों में अपने धर्म से ही अधिकारी माना गया है।१२५-१२६। हे कुरुश्रेष्ठ ! ब्रह्मा ने प्रचुर तपस्या करके सर्वप्रथम इन्हीं ब्राह्मणों की उत्पत्ति

स चापि जायमानस्तु पृथिव्यामिह जायते । भूतानां प्रभवायैव धर्मकोशस्य गुप्तये ।।१३२
सर्वं हि ब्राह्मणस्येदं यत्किञ्चित्पृथिवीगतम् । जन्मना चोत्तमेनेदं सर्वं वै ब्राह्मणोऽर्हति ।।१३३
स्वकीयं ब्राह्मणो भुङ्क्ते विदधाति च सुव्रत । करुणां कुर्वतस्तस्य भुञ्जन्तीहेतरे जनाः ।।१३४
त्रयाणामिह वर्णानां भावाभावाय वै द्विजः । भवेद्राजन्न सन्देहस्तुष्टो भावाय वै द्विजः ।।१३५
अभावाय भवेत्क्रुद्धस्तस्मात्पूज्यतमो हि सः । ब्राह्मणे सति नान्यस्य प्रभुत्वं विद्यते नृप ।।१३६
कामात्करोत्यसौ कर्म कामगश्च नृपोत्तम । तस्माद्वृन्दारकपुरी तस्मादपि महः पुनः ।।१३७
महर्लोकाज्जनोलोकं ब्रह्मलोकं च गच्छति । ब्रह्मत्वं च महाबाहो याति विप्रो न संशयः ।।१३८

## शतानीक उवाच

ब्रह्मत्वं नाम दुष्प्रापं ब्रह्मलोकेषु सुव्रत ।।१३९
ब्रह्मत्वं कीदृशं विप्रो ब्रह्मलोकं च गच्छति । नाममात्रोऽथ किं विप्रो ब्रह्मत्वं ब्रह्मणः सदा ।।
याति ब्रह्मन्गुणाः के स्युर्ब्रह्मप्राप्तौ ममोच्यताम् ।।१४०

## सुमन्तुरुवाच

साधुसाधु महाबाहो शृणु मे परमं वचः ।।१४१
ये प्रोक्ता वेदशास्त्रेषु संस्कारा ब्राह्मणस्य तु । गर्भाधानादयो ये च[1] संस्कारा यस्य पार्थिव ।।१४२

---

प्राणियों के ऊपर आधिपत्य करने के लिए तथा धर्मकोश की रक्षा के लिए उत्पन्न होता है। १३२। इस पृथ्वी पर जो कुछ है, वह सब ब्राह्मण का ही है, क्योंकि उत्तम जन्म लेने के कारण वही सब कुछ पाने योग्य है। १३३। हे सुव्रत ! ब्राह्मण अपना ही भोजन करता है । फिर भी लोककल्याण के लिए प्रयत्न करता है जिसका अन्य लोग उपभोग करते हैं। १३४। हे राजन् ! ब्राह्मण इस पृथ्वी पर तीनों वर्णों के भाव (कल्याण) तथा अभाव (अकल्याण) को करने में समर्थ हैं, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं है कि ब्राह्मण सन्तुष्ट होकर कल्याण करता है

चत्वारिंशतथाष्टौ च निर्वृत्ताः शास्त्रतो नृप । स याति ब्रह्मणः स्थानं ब्राह्मणत्वं च मानद[१] ॥
संस्काराः सर्वथा हेतुर्ब्रह्मत्वे नात्र संशयः ॥१४३

## शतानीक उवाच

संस्काराः के मता ब्रह्मन्ब्रह्मत्वे ब्राह्मणस्य तु । शंस मे द्विजशार्दूलं कौतुकं हि महन्मम ॥१४४

## सुमन्तुरुवाच

साधुसाधु महाबाहो शृणु मे परमं वचः । ये प्रोक्ता वेदशास्त्रेषु संस्कारा ब्राह्मणस्य तु ॥
मनीषिभिर्महाबाहो शृणु सर्वानशेषतः ॥१४५
गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं तथा । जातकर्मान्नाशनं च चूडोपनयनं[२] नृप ॥१४६
ब्रह्मव्रतानि चत्वारि स्नानं च तदनन्तरम् । सधर्मचारिणीयोगो यज्ञानां[३] कर्म मानद ॥१४७
पञ्चानां कार्यमित्याहुरात्मनः श्रेयसे नृप । देवपितृमनुष्याणां भूतानां ब्राह्मणस्तथा ॥१४८
एतेषां चाष्टकाकर्म पार्वणश्राद्धमेव हि । श्रावणी चाग्रहायणी चैत्री चाश्वयुजी तथा ॥१४९
पाकयज्ञास्तथा सप्त अग्न्याधानं[४] च सत्क्रिया । अग्निहोत्रं तथा राजन्दर्शं च विधुसङ्क्षये ॥१५०
पौर्णमासं च राजेन्द्र चातुर्मास्यानि चापि हि । निरूपणं[५] पशुवधं तथा सौत्रामणीति च ॥१५१
हविर्यज्ञास्तथा सप्त तेषां चापि हि सत्क्रिया । अग्निष्टोमोऽत्यग्निष्टोमस्तथोक्थ्यः [६]षोडशीं विदुः ॥१५२

---

संस्कार शास्त्रों में बतलाये गये हैं, वे जिस ब्राह्मण के शास्त्रीय विधि के अनुसार हुए रहते हैं, हे मानद ! वही ब्राह्मण ब्रह्मा के स्थान को प्राप्त करता है और वही सच्चे ब्रह्मत्व की भी प्राप्ति करता है। ब्रह्मत्व की प्राप्ति में सर्वथा ये संस्कार ही कारण हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है ।१४२-१४३

**शतानीक बोले**—हे द्विजशार्दूल ! ब्रह्मन् ! ब्राह्मण की ब्रह्मत्व-प्राप्ति में साधनभूत वे संस्कार कौन-कौन माने गये हैं ? मुझे उनके सुनने का बड़ा कुतूहल है, मुझे सुनाइये ।१४४

वाजपेयोऽतिरात्रश्च आप्तोर्यामेति वै स्मृतः[1] । संस्कारेषु स्थिताः सप्त सोमाः कुरुकुलोद्वह[2] ।।१५३
इत्येते द्विजसंस्काराश्चत्वारिंशन्नृपोत्तम । अष्टौ चात्मगुणास्तात शृणु तानपि भारत ।।१५४
अनसूया दया क्षान्तिरनायासं च मङ्गलम् । अकार्पण्यं तथा शोचमस्पृहा च कुरूद्वह ।।१५५
य एतेऽष्टगुणास्तात कीर्त्यन्ते वै मनीषिभिः । एतेषां लक्षणं वीर शृणु सर्वमशेषतः ।।१५६
न गुणान्गुणिनो हन्ति न स्तौत्यात्मगुणानपि । प्रहृष्यन्ते नान्यदोषैरनसूया प्रकीर्तिता ।।१५७
अपरे बन्धुवर्गे वा मित्रे द्वेष्टरि वा सदा । आत्मवद्वर्तनं यत्स्यात्सा दया परिकीर्तिता ।।१५८
वाचा मनसि काये च दुःखेनोत्पादितेन च । न कुप्यति न चाप्रीतिः सा क्षमा परिकीर्तिता ।।१५९
अभक्ष्यपरिहारश्च संसर्गश्चाप्यनिन्दितैः । आचारे च व्यवस्थानं शौचमेतत्प्रकीर्तितम् ।।१६०
शरीरं पीड्यते येन शुभेनापि च कर्मणा । अत्यन्तं तन्न कुर्वीत अनायासः स उच्यते ।।१६१
प्रशस्ताचरणं नित्यमप्रशस्तविवर्जनम् । एतद्धि मङ्गलं प्रोक्तं मुनिभिर्ब्रह्मवादिभिः ।।१६२
स्तोकादपि प्रदातव्यमदीनेनान्तरात्मना । अहन्यहनि यत्किंचिदकार्पण्यं तदुच्यते ।।१६३
यथोत्पन्नेन सन्तुष्टः स्वल्पेनाप्यथ वस्तुना । अहिंसया परस्वेषु[3] साऽस्पृहा परिकीर्तिता ।।१६४
वपुर्यस्य तु इत्येतैः संस्कारैः संस्कृतं द्विजः । ब्रह्मत्वमिह सम्प्राप्य ब्रह्मलोकं च गच्छति ।।१६५

---

आप्तोर्याम—ये सब संस्कार कहे जाते हैं । हे कुलश्रेष्ठ ! इन संस्कारों में सात सोमयज्ञ भी स्थित हैं ।१४८-१५३। हे नृपोत्तम ! ये चालीस ब्राह्मणों के संस्कार कहे जाते हैं । हे भारत । आठ उनके स्वाभाविक गुण हैं, उन्हें भी सुनिये ।१५४। अनसूया, दया, क्षान्ति, अनायास, मङ्गल, अकार्पण्य, शौच तथा अस्पृहा ।१५५। हे तात ! मनीषियों के द्वारा जो ये आठ ब्राह्मणों के स्वाभाविक गुण कहे जाते हैं, हे वीर ! इन सद्गुणों के सम्पूर्ण लक्षणों को भी बतला रहा हूँ, सुनिये ।१५६। जिसमें गुणवान् गुणों का हनन

**वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकाद्यैर्द्विजन्मनाम् । कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्य चेह च ।।१६६**
**गर्भशुद्धिं ततः प्राप्य धर्मं चाश्रमलक्षणम् । याति मुक्तिं न सन्देहः पुराणेऽस्मिन्नृपोत्तम ।।१६७**
**उशन्ति कुरुशार्दूल ब्राह्मणा नात्र संशयः । [1]आश्रितानां विशेषेण ये नित्यं स्वस्तिवादिनः ।।१६८**
**निकटस्थान्द्विजान्हित्वा योऽन्यान्पूजयति द्विजान् । सिद्धं पापं तदपमानात्तद्वक्तुं नैव शक्यते ।।१६९**
**तस्मात्सदा समीपस्थः सम्पूज्यो विधिवन्नृप । पूजयेदतिथींस्तद्वदन्नपानादिदानतः ।।१७०**
**ब्राह्मणः सर्ववर्णानां ज्येष्ठः श्रेष्ठस्तथोत्तमः । एवमस्मिन्पुराणे तु संस्कारान्ब्राह्मणस्य तु ।।१७१**
**शृणोति यश्च जानाति यश्चापि पठते सदा । ऋद्धिं वृद्धिं तथा कीर्तिं प्राप्येह श्रियमुत्तमाम् ।।१७२**
**धनं धान्यं यशश्चापि पुत्रान्बन्धून्सुरूपताम् । सावित्रं लोकमासाद्य ब्रह्मलोकमवाप्नुयात् ।।१७३**

**इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां**
**ब्राह्मे पर्वणि द्वितीयोऽध्यायः ।२।**

---

के निमित्त द्विजों (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों) को प्रशस्त वैदिक कर्म द्वारा शरीर का पवित्र संस्कार करना चाहिए ।१६६। इस तरह शरीर संस्कृत होने पर गर्भ-शुद्धि और आश्रमानुसार धर्म को प्राप्त कर, पुराणवचनानुसार हे राजन्, वह व्यक्ति मुक्ति प्राप्त करता है, इसमें संदेह नहीं है ।१६७। हे कुरुवंश में श्रेष्ठ राजन् ! आश्रित जनों के प्रति स्वस्तिवाचन करने वाले ब्राह्मण (ब्रह्मवेत्ता) सर्वदा प्रसन्न रहते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है ।१६८। समीपस्थ ब्राह्मणों को त्यागकर जो अन्य ब्राह्मणों की पूजा करते हैं, वे निकटस्थ ब्राह्मण के अपमान से निश्चित ही पाप के भागी होते हैं, उस पाप का वर्णन नहीं किया जाता

# अथ तृतीयोऽध्यायः

## गर्भाधानादारभ्य समासात्सर्वसंस्कारवर्णनमाचमनादिविधिवर्णनञ्च

### शतानीक उवाच

जातकर्मादिसंस्कारान्वर्णानामनुपूर्वशः । आश्रमाणां च मे धर्मं कथयस्व द्विजोत्तम ॥१

### सुमन्तुरुवाच

गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं तथा । जातकर्मान्नप्राशश्च चूडामौञ्जीनिबन्धनम् ॥२
बैजिकं गार्भिकं चैनो द्विजानामपमृज्यते । स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैस्त्रैविद्येनेज्यया श्रुतैः ॥३
महायज्ञैश्च ब्राह्मीयं यज्ञैश्च क्रियते तनुः । शृणुष्वैकमना राजन्यथा सा क्रियते तनुः ॥४
प्राङ्नाभिकर्तनात्पुंसो जातकर्म विधीयते । मन्त्रवत्प्राशनं चास्य हिरण्यमधुसर्पिषाम् ॥५
नामधेयं दशम्यां तु केचिदिच्छन्ति पार्थिव । द्वादश्यामपरे राजन्मासि पूर्णे तथा परे ॥६
अष्टादशेऽहनि तथाऽन्ये वदन्ति मनीषिणः । पुण्ये तिथौ मुहूर्ते च नक्षत्रे च गुणान्विते ॥७
मङ्गल्यं तात विप्रस्य शिवशर्मेति पार्थिव । राजन्यस्य विशिष्टं[1] तु इन्दुवर्मेति कथ्यते[2] ॥८

---

# अध्याय ३

## गर्भाधान से लेकर संक्षेप में समस्त संस्कारों एवं आचमन आदि की विधियों का वर्णन

**शतानीक बोले**—हे द्विजोत्तम ! सभी वर्णों के जातकर्म आदि जितने संस्कार एवं आश्रमों के धर्म हैं, उन्हें मुझे क्रमशः बतलाने की कृपा कीजिये ।१

वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य च जुगुप्सितम् । धनवर्धनेति वैश्यस्य सर्वदासेति हीनजे ।।९
मनुना च तथा प्रोक्तं नाम्नो लक्षणमुत्तमम् । शर्मवद्ब्राह्मणस्य स्याद्राज्ञो रक्षासमन्वितम् ।।१०
वैश्यस्य पुष्टिसंयुक्तं शूद्रस्य प्रेष्यसंयुतम् । स्त्रीणां सुखोद्यमक्रूरं विस्पष्टार्थमनोरमम् ।।११
मङ्गल्यं दीर्घवर्णान्तमाशीर्वादाभिधानवत् । द्वादशेऽहनि राजेन्द्र शिशोर्निष्क्रमणं गृहात् ।।१२
चतुर्थे मासि कर्त्तव्यं तथान्येषां मतं विभो । षष्ठेऽन्नप्राशनं मासि यथेष्टं मङ्गलं कुले ।।१३
चूडाकर्म द्विजातीनां सर्वेषामनुपूर्वशः । प्रथमेऽब्दे तृतीये[1] वा कर्तव्यं कुरुनन्दन ।।१४
गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम् । गर्भादेकादशे राजन्क्षत्रियस्य विनिर्दिशेत् ।।१५
द्वादशेऽब्देऽपि गर्भात्तु वैश्यस्य व्रतमादिशेत् । ब्रह्मवर्चसकामेन कार्यं विप्रस्य पञ्चमे ।।१६
बलार्थिना तथा राज्ञः षष्ठेऽब्दे कार्यमेव हि । अर्थकामेन वैश्यस्य अष्टमे कुरुनन्दन ।।१७
आषोडशाद्ब्राह्मणस्य सावित्री नातिवर्तते । द्वाविंशतेः क्षत्रबन्धोराचतुर्विंशतेर्विशः ।।१८
अत ऊर्ध्वं तु ये [2]राजन्यथाकालमसंस्कृताः । सावित्रीपतिता व्रात्या व्रात्यस्तोमादृते[3] क्रतोः ।।१९

---

विशिष्ट नामकरण करना चाहिए ।७-८। वैश्य का धन संयुक्त नाम रखना चाहिये । शूद्र का कुछ जुगुप्सित नामकरण करना चाहिये जैसे वैश्य का नाम धनवर्धन और शूद्र का नाम सर्वदास ।९। मनु ने नाम के ये उत्तम लक्षण बतलाये हैं कि ब्राह्मण के नाम के साथ शर्मा, क्षत्रिय के साथ रक्षार्थक (वर्मा), वैश्य के साथ पुष्टिप्रदायक नाम (कोई संज्ञा) तथा शूद्र के साथ (दास्यभाव) युक्त कोई नाम हो। स्त्रियों के नाम सुख देने वाले, मृदु भावना के प्रतीक, सरल, स्पष्ट, मनोहारी, मांगलिक, अन्त में दीर्घवर्ण युक्त तथा आशीर्वाद व्यंजित करने वाले हों। हे राजेन्द्र ! बारहवें दिन शिशु का घर से बाहर के लिए निष्क्रमण होता है ।१०-१२। हे विभो ! कुछ अन्य आचार्यों का मत है कि शिशु को चौथे मास घर से बाहर निकालना चाहिये । छठे मास में अन्नप्राशन करने से परिवार में यथेष्ट मङ्गल की प्राप्ति होती है ।१३। हे कुरुनन्दन ! सभी द्विज कही जाने वाली जातियों में क्रमशः शिशुओं का चूडाकर्म संस्कार प्रथम अथवा तीसरे वर्ष में करना चाहिए ।१४। ब्राह्मण शिशु का उपनयन संस्कार गर्भ से आठवें वर्ष में करना

न चाप्येभिरपूतैस्तु आपद्यपि हि कर्हिचित् । ब्राह्मं यौनं च सम्बन्धमाचरेद्ब्राह्मणैः सह ।।२०
भवन्ति राजंश्चर्माणि व्रतिनां त्रिविधानि च । कार्ष्णरौरवबास्तानि ब्रह्मक्षत्रविशां नृप ।।२१
वशीरंश्चानुपूर्व्येण वस्त्राणि विविधानि तु । ब्रह्मक्षत्रविशो राजञ्छाणक्षौमादिकानि च ।।२२
मौञ्जी त्रिवृत्समा श्लक्ष्णा कार्या विप्रस्य मेखला । क्षत्रियस्य च मौर्वीज्या वैश्यस्य शणतान्तवी ।।२३
मुञ्जालाभे तु कर्तव्या कुशाश्मन्तकबल्वजैः । त्रिवृत्ता ग्रन्थिनैकेन त्रिभिः पञ्चभिरेव च ।।२४
कार्पासमुपवीतं स्याद्विप्रस्योर्ध्ववृतं त्रिवृत् । शणसूत्रमयं राज्ञो वैश्यस्याविकसौत्रिकम् ।।२५
पुष्कराणि तथा चैषां भवन्ति त्रिविधानि तु । ब्रह्मणो बैल्वपालाशौ तृतीयं प्लक्षजं नृप ।।२६
वाटखादिरौ क्षत्रियस्तु तथान्यं वेतसोद्भवम् । पैलवोदुम्बरौ वैश्यस्तथाश्वत्थजमेव हि ।।२७
दण्डानेतान्महाबाहो धर्मतोऽर्हन्ति धारितुम् । केशान्तिको ब्राह्मणस्य दण्डः कार्यः प्रमाणतः ।।२८
ललाटसम्मितो राज्ञः स्यात्तु नासान्तिको विशः । ऋजवस्ते तू सर्वे स्युर्ब्राह्मणाः सौम्यदर्शनाः ।।२९
अनुद्वेगकरा नृणां सत्वचो नाग्निदूषिताः । प्रगृह्य चेप्सितं दण्डमुपस्थाय च भास्करम् ।।३०
सम्यग्गुरुं तथा पूज्य चरेद्भैक्ष्यं यथाविधि । भवत्पूर्वं चरेद्भैक्ष्यमुपनीतो द्विजोत्तमः ।।३१

---

कभी आपत्ति में भी अध्ययन, अध्यापन, अथवा यौन सम्बन्ध ब्राह्मण को नहीं रखना चाहिये ।२०। हे राजन् ! उपनयन व्रत पालन करने वाले व्रतियों के लिए तीन प्रकार के चर्म भी होते हैं, ब्राह्मण के लिए कृष्ण मृग चर्म, क्षत्रिय के लिए रुरु मृग चर्म और वैश्य के लिए बकरे का चर्म ।२१। हे राजन् ! इसी प्रकार ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्यों को सन, रेशमी आदि विविध प्रकार के वस्त्र क्रमानुसार धारण करने चाहिये ।२२। (इन उपनयन संस्कार में) ब्राह्म की मेखला मूँज की बनी हुई त्रिसूती तीन लड़ियों वाली, समान तथा चिकनी करनी चाहिए । क्षत्रिय के लिए मूर्वा की बनी होनी चाहिये । तथा वैश्य के लिए सन् के रेशों की होनी चाहिये ।२३। मूँज न मिलने पर ब्राह्मणों के लिए कुश, अश्मन्तक अथवा बल्वज (बगही) की मेखला बनानी चाहिये । उसे एक गाँठ बाँधकर तीन लड़ की बना लेनी चाहिये अथवा तीन गाँठ या पाँच

**भवन्मध्यं तु राजन्यो वैश्यस्य भवदुत्तरम् । मातरं वा स्वसारं वा मातुर्वा भगिनीं निजाम् ।।३२**
**भिक्षेत भैक्ष्यं प्रथमं या चैनं नावमानयेत् । सुवर्णं रजतं चान्नं सा पात्रेऽस्य विनिर्दिशेत् ।।३३**
**समाहृत्य ततो भैक्ष्यं यावदर्थममायया । निवेद्य गुरवेऽश्नीयादाचम्य प्राङ्मुखः शुचिः ।।३४**
**आयुष्यं प्राङ्मुखो भुङ्क्ते यशस्यं दक्षिणामुखः । श्रियं प्रत्यङ्मुखो भुङ्क्ते ऋतं[१] भुङ्क्ते उदङ्मुखः ।।३५**
**उपस्पृश्य द्विजो राजन्नन्नमद्यात्समाहितः । भुक्त्वा चोपस्पृशेत्सम्यगद्भिः खानि च संस्पृशेत् ।।३६**
**तथान्नं पूजयेन्नित्यमद्याच्चैतदकुत्सयन् । दर्शनात्तस्य हृष्येद्वै प्रसीदेच्चापि भारत।।३७**
**अभिनन्द्य ततोऽश्नीयादित्येवं मनुरब्रवीत् । पूजितं त्वशनं नित्यं बलमोजश्च यच्छति।।३८**
**अपूजितं तु तद्भुक्तमुभयं नाशयेदिदम्[६] । नोच्छिष्टं कस्यचिद्दद्यान्नाद्याच्चैतत्तथान्तरा ।।३९**
**यस्त्वन्नमन्तरा कृत्वा लोभादत्ति नृपोत्तम । विनाशं याति स नर इह लोके परत्र च ।।**
**यथाभवत्पुरा वैश्यो धनवर्द्धनसंज्ञितः ।।४०**

## शतानीक उवाच

**स कथमन्तरं पूर्वमन्नस्य द्विजसत्तम । किमन्तरं तथान्नस्य कथं वा तत्कृतं भवेत् ।।४१**

---

माता, बहिन, अथवा अपनी मौसी से सर्वप्रथम भिक्षा की याचना करनी चाहिये । जो ब्रह्मचारी की अवमानना न करे । उसे अर्थात् देने वाली को सुवर्ण या चाँदी के पात्र में अन्न रखकर दान करने का निर्देश है ।२९-३३। इस प्रकार भिक्षाटन कर ब्रह्मचारी मायारहित हो सब धन गुरु को समर्पित कर पवित्र भाव से आचमन कर पूर्वाभिमुख हो भोजन करे ।३४। पूर्वाभिमुख भोजन करने से दीर्घायु की प्राप्ति होती है, दक्षिण मुख से यश की प्राप्ति होती है, पश्चिम मुख करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है । तथा उत्तर मुख करने से ऋत की प्राप्ति होती है ।३५। हे राजन् ! द्विज समाहित चित्त होकर विधिपूर्वक आचमन कर अन्न का भक्षण करे । भोजन करने के उपरान्त भी जल से अच्छी तरह आचमन कर सब

## सुमन्तुरुवाच

पुरा कृतयुगे राजन्वैश्यो वसति पुष्करे । धनवर्धननामावै समृद्धौ धनधान्यतः ।।४२
निदाघकाले राजेन्द्र स कृत्वा वैश्वदेविकम् । सपुत्रभ्रातृभिः सार्धं तथा वै मित्रबन्धुभिः ।।
आहारं कुरुते राजन्भक्ष्यभोज्यसमन्वितम्[1] ।।४३
अथ तद्भुञ्जतस्तस्य[2] अन्नं शब्दो महानभूत् । करुणः कुरुशार्दूल अथ तं स प्रधावितः ।।४४
त्यक्त्वा स भोजनं यावन्निष्क्रान्तो गृहबाह्यतः । अथ शब्दस्तिरोभूतः स भूयो गृहमागतः ।।४५
तमेव भाजनं गृह्य[3] आहारं कृतवान्नृप । भुक्तशेषं महाबाहो आहारं स तु भुक्तवान् ।।४६
भुक्त्वा स शतधा जातस्तस्मिन्नेव क्षणे नृप । तस्मादन्नं न राजेन्द्र अश्नीयादन्तरा क्वचित् ।।४७
च चैवात्यशनं कुर्यान्न चोच्छिष्टः क्वचिद्व्रजेत् । रसो भवत्यत्यशनाद्रसाद्रोगः प्रवर्तते ।।४८
स्नानं दानं जपो होमः पितृदेवाभिपूजनम् । न भवन्ति रसे जाते नराणां भरतर्षभ ।।४९
अनारोग्यमनायुष्यमस्वर्ग्यं चातिभोजनम् । अपुण्यं लोकविद्विष्टं तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ।।५०
यक्षभूतपिशाचानां रक्षसां च नृपोत्तम । [4]गम्यो भवति वै विप्र उच्छिष्टो नात्र संशयः ।।५१
शुचित्वमाश्रयेत्तस्माच्छुचित्वान्मोदते दिति । सुखेन चेह रमते इतीयं वैदिकी श्रुतिः ।।५२

---

**सुमन्तु ने कहा**—हे राजन् ! बहुत दिन पहले की बात है, सतयुग में पुष्कर नामक नगर में धनवर्धन नामक एक वैश्य निवास करता था, जो धन धान्यादि से परिपूर्ण था ।४२। हे राजेन्द्र ! (एक बार) ग्रीष्म ऋतु में वह अपने मित्र, बन्धु-बान्धव, पुत्र, भाई आदि के साथ वैश्वदेवादि का विधान सम्पन्न कर विविध प्रकार के भक्ष्य भोज्य पदार्थों का आहार कर रहा था कि बीच में ही अन्न शब्द हुआ जो उसे सुनाई पड़ा । हे कुरुवंश सिंह ! (धन वर्धन उस शब्द को सुनकर) उसी ओर दौड़ पड़ा ।४३-४४। अपने भोजन को छोड़कर जब तक वह घर से बाहर निकला तब तक वह शब्द तिरोहित हो गया, जिससे वह फिर

### शतानीक उवाच

शुचितामियात्कथं विप्रः कथं चाशुचितामियात् । एतन्मे ब्रूहि विप्रेन्द्र कौतुकं परमं मम ।।५३

### सुमन्तुरुवाच

उपस्पृश्य शुचिर्विप्रो भवते भरतर्षभ । विधिवत्कुरुशार्दूल भवेद्विधिपरो ह्यतः ।।५४

### शतानीक उवाच

उपस्पर्शविधिं विप्र कथय त्वं ममाखिलम् । शुचित्वमाप्नुयाद्येन आचान्तो ब्राह्मणो द्विजः ।।५५

### सुमन्तुरुवाच

साधु पृष्टोऽस्मि राजेन्द्र शृणु विप्रो यथा भवेत् । शुचिर्भरतशार्दूल विधिना येन वा विभो ।।५६
प्रक्षाल्य हस्तौ पादौ च प्राङ्मुखोदङ्मुखोऽपि वा । उपविश्य शुचौ देशे बाहुं कृत्वा च दक्षिणम् ।।५७
जान्वन्तरे महाबाहो ब्रह्मसूत्रसमन्वितः[१] । सुसमौ चरणौ कृत्वा तथा बद्धशिखो नृप ।।५८
न तिष्ठन्न च संजल्पंस्तथा चानवलोकयन् । न त्वरन्कुपितो वापि त्यक्त्वा राजन्सुदूरतः ।।५९
प्रसन्नाभिस्तथाद्भिस्तु आचान्तः शुचितामियात् । नोष्णाभिर्न सफेनाभिर्युक्ताभिः कलुषेण च ।।६०
वर्णेन रसगन्धाभ्यां हीनाभिर्न च भारत । सबुद्बुदाभिश्च तथा नाचामेत्पण्डितो नृप ।।६१

---

अतएव शुद्धता को अपनाना चाहिए । शुद्धता से ही दिति प्रसन्न होती हैं । मनुष्य यहाँ पर भी सुखपूर्वक आनन्दित होता है । ऐसा वेदवाङ्मय में कहा गया है ।५२

**शतनीक ने कहा**—हे ब्राह्मणश्रेष्ठ ! ब्राह्मण कैसे पवित्रता को प्राप्त होता है कैसे अपवित्रता को प्राप्त होता है, यह मुझे बताइये, मेरे मन में महान् कौतूहल हो रहा है ।५३

**सुमन्तु ने कहा**—हे भरतवंश में उत्पन्न होने वाले कुरुशार्दूल ! ब्राह्मण उपस्पर्श करके पवित्र होता

**पञ्चतीर्थानि विप्रस्य श्रूयन्ते दक्षिणे करे । देवतीर्थं पितृतीर्थं ब्रह्मतीर्थं च मानद ।।६२**
**प्राजापत्यं तथा चान्यत्तथान्यत्सौम्यमुच्यते । अङ्गुष्ठमूलोत्तरतो येयं रेखा महीपते ।।६३**
**ब्राह्मं तीर्थं वदन्त्येतद्वसिष्ठाद्या द्विजोत्तमाः । कायं कनिष्ठिकामूले अङ्गुल्यग्रे तु दैवतम् ।।६४**
**तर्जन्यङ्गुष्ठयोरन्तः पित्र्यं तीर्थमुदाहृतम् । करमध्ये स्थितं सौम्यं प्रशस्तं देवकर्मणि ।।६५**
**देवार्चाबलिहरणं प्रविक्षपणमेव च । एतानि देवतीर्थेन कुर्यात्कुरुकुलोद्वह ।।६६**
**अन्ननिर्वपणं राजंस्तथा सपवनं[1] नृप । लाजाहोमं तथा सौम्यं प्राजापत्येन कारयेत् ।।६७**
**कमण्डलूपस्पर्शनं दधिप्राशनमेव च । सौम्यतीर्थेन राजेन्द्र सदा कुर्याद्विचक्षणः ।।६८**
**पितृणां तर्पणं कार्यं पितृतीर्थेन धीमता । ब्राह्मेण चापि तीर्थेन सदोपस्पर्शनं परम् ।।६९**
**[2]घनाङ्गुलिकरं कृत्वा एकाग्रः सुमना द्विजः । त्रिः कृत्वा यः पिबेदापो[3] मुखशब्दविवर्जितः ।।७०**
**[4]भृणु यत्फलमाप्नोति प्रीणाति च यथा सुरान् । प्रथमं यत्पिबेदाप ऋग्वेदस्तेन तृप्यति ।।७१**
**यद्द्वितीयं यजुर्वेदस्तेन प्रीणाति भारत । यत्तृतीयं सामवेदस्तेन प्रीणाति भारत ।।७२**
**प्रथमं यन्मृजेदास्यं दक्षिणाङ्गुष्ठमूलतः । अथर्ववेदः प्रीणाति तेन राजन्नसंशयः ।।७३**
**इतिहासपुराणानि यद्द्वितीयं प्रमार्जति । यन्मूर्धानं हि राजेन्द्र अभिषिञ्चति वै द्विजः ।।७४**

---

हाथ में पाँच तीर्थ सुने जाते हैं जिन्हें देवतीर्थ, पितृतीर्थ, ब्राह्मतीर्थ, प्रजापत्यतीर्थ तथा सौम्यतीर्थ कहा जाता है। अंगूठे के मूल भाग से जो रेखा प्रारम्भ होती है उसे वशिष्ठ आदि द्विजोत्तम ब्राह्मतीर्थ कहा करते हैं। कनिष्ठिका के मूल में (कायतीर्थ) प्राजापत्यतीर्थ एवं अंगुलियों के अग्रभाग में देवतीर्थ विद्यमान है ।६२-६४। तर्जनी एवं अंगूठे के मध्य का भाग पितृतीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। देवकार्य में प्रशस्त सौम्यतीर्थ हाथ के मध्य में स्थित है।६५। हे कुरुकुल में उत्पन्न ! देवता की अर्चना करना, बलि का हरण तथा उसका

**तेन प्रीणाति वै रुद्रं शिखामालभ्य वै ऋषीन् । यदक्षिणी चालभते रविः प्रीणाति तेन वै ॥७५**
**नासिकालम्भनाद्वायुं प्रीणात्येव न संशयः । यच्छ्रोत्रमालभेद्विप्रो दिशः प्रीणाति तेन वै ॥७६**
**यमं कुबेरं वरुणं वासवं चाग्निमेव च । यद्बाहुमन्वालभते एतान्प्रीणाति तेन[1] वै ॥७७**
**यन्नाभिमन्वालभते प्राणानां ग्रन्थिमेव च । तेन प्रीणाति राजेन्द्र इतीयं वैदिकी श्रुतिः ॥७८**
**अभिषिञ्चति यत्पादौ विष्णुं प्रीणाति तेन वै । यद्भूम्याच्छादकं वारि विसर्जयति मानद ॥७९**
**वासुकिप्रमुखान्नागांस्तेन प्रीणाति भारत । यद्बिन्दवोऽन्तरे भूमौ पतन्तीह नराधिप ॥८०**
**भूतग्रामं ततस्तस्तु प्रीणन्तीह चतुर्विधम् । अङ्गुष्ठेन प्रदेशिन्या लभेत चाक्षिणी नृप ॥८१**
**अनामिकाङ्गुष्ठिकाभ्यां नासिकामालभेन्नृप । मध्यमाङ्गुष्ठाभ्यां मुखं संस्पृशेद्भरतर्षभ ॥८२**
**कनिष्ठिकाङ्गुष्ठकाभ्यां कर्णमालभते नृप[2] । अङ्गुलीभिस्तथा बाहुमङ्गुष्ठेन तु मङ्गलम् ॥८३**
**नाभिं कुरुकुलश्रेष्ठ शिरः सर्वाभिरेव[3] च । अङ्गुष्ठोग्निर्महाबाहो प्रोक्तो वायुः प्रदेशिनी ॥८४**
**अनामिका तथा सूर्यः कनिष्ठा माघवा विभो । प्रजापतिर्मध्यमा ज्ञेया तस्माद्भरतसत्तम ॥८५**
**एवमाचम्य विप्रस्तु प्रीणाति सततं जगत् । सर्वाश्च देवतास्तात लोकांश्चापि न संशयः ॥८६**
**तस्मात्पूज्यः सदा विप्रः सर्वदेवमयो हि सः । ब्राह्मेण विप्रतीर्थेन नित्यकालमुस्पृशेत् ॥८७**

---

शिखा का स्पर्श करता है उससे रुद्र एवं ऋषिगण प्रसन्न हो जाते हैं। जो अपनी आँखों का स्पर्श करता है, उससे सूर्य देवता प्रसन्न हो जाते हैं ।७४-७५। नासिका का स्पर्श करके वह निःसन्दिग्ध रूप से वायु को प्रसन्न कर देता है। जो ब्राह्मण अपने कान का स्पर्श करता है, उससे दिशायें प्रसन्न हो जाती हैं ।७६। जो अपनी भुजाओं का स्पर्श करता है उससे यम, कुबेर, वसु, वरुण तथा अग्नि प्रसन्न हो जाते हैं ।७७। जो प्राणों की ग्रन्थि एवं नाभि का स्पर्श करता है, उससे राजेन्द्र प्रसन्न हो जाते हैं, ऐसा वैदिक साहित्य से बोध होता है ।७८। जो अपने पैरों का अभिषेक करता है उससे विष्णु प्रसन्न हो जाते हैं। हे सम्मान्य ! जो

कायत्रैदेशिकाभ्यां वा न पित्र्येण कदाचन । हृद्गाभिः पूयते विप्रः कण्ठगाभिस्तु भूमिपः ॥८८
वैश्योद्भिः प्राशिताभिस्तु शूद्रः स्पृष्टाभिरन्ततः । उद्धृते दक्षिणे पाणावुपवीत्युच्यते बुधः ॥८९
सव्येन प्राचीनावीती निवीती कण्ठसंज्ञिते । मेखलामजिनं दण्डमुपवीतं कमण्डलुम् ॥९०
अप्सु प्रास्य विनष्टानि गृह्णीतान्यानि मन्त्रवित् । उपवीत्याचमेन्नित्यमन्तर्जानु महीपते ॥९१
एवं तु विप्रो ह्याचान्तः शुचितां याति भारत । यास्त्वेताः करमध्ये तु रेखा विप्रस्य भारत ॥९२
गङ्गाद्याः सरितः सर्वा ज्ञेया भारतसत्तम । यान्यङ्गुलिषु पर्वाणि गिरयस्तानि विद्धि वै ॥९३
सर्वदेवमयो राजन्करो विप्रस्य दक्षिणः । हस्तोपस्पर्शनविधिस्तवाख्यातो महीपते ॥९४
एषु सर्वेषु लोकेषु येनाचान्तो दिवं व्रजेत् ॥९५

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां
ब्राह्मे पर्वण्युपस्पर्शनविधिवर्णनं नाम तृतीयोऽध्यायः ।३।

---

(मन) द्वारा कभी भी नहीं। हृदय के गीतों (स्तोत्रों) द्वारा ब्राह्मण पवित्र (सन्तुष्ट) होते हैं। कण्ठ में विद्यमान गीतों (स्तोत्रों) द्वारा राजा पवित्र (सन्तुष्ट) होता है ।८७-८८। वैश्य जल से पवित्र होता है तथा अन्त में स्पष्ट मुक्त जल से शूद्र पवित्र होता है। दक्षिण (दाहिने) हाथ के उद्धृत होने पर (उठने पर) विद्वान् लोग उपवीती की स्थिति बताते हैं ।८९। सव्य होने पर प्राचीनावीती और कण्ठ में [illegible] रहने पर निवीती कहते हैं। मेखला, चर्म, दण्ड, उपवीत और कमण्डलु—इनमें से किसी के

# अथ चतुर्थोऽध्यायः

## प्रणवार्थसावित्रीमाहात्म्योपनयनविधिवर्णनञ्च

### सुमन्तुरुवाच

केशान्तः षोडशे वर्षे ब्राह्मणस्य विधीयते । राजन्यबन्धोर्द्वाविंशे वैश्यस्य त्र्यधिके ततः ॥१
अमन्त्रिका सदा कार्या स्त्रीणां चूडा महीपते । संस्कारहेतोः कायस्य यथाकालं विभागशः ॥२
वैवाहिको विधिः स्त्रीणां संस्कारो नैगमः स्मृतः । निवसेद्वा गुरोर्वापि गृहे वाग्निपरिक्रिया ॥३
एष ते कथितो राजन्नौपनायनिको विधिः । द्विजातीनां महाबाहो उत्पत्तिव्यञ्जकः परः ॥४
कर्मयोगमिदानीं ते कथयामि महाबल । उपनीय गुरुः शिष्यं प्रथमं शौचमादिशेत् ॥५
आचारमग्निकार्यं च सन्ध्योपासनमेव च । अध्यापयेत्तु सच्छिष्यान्सदाचान्त उदङ्मुखः ॥६
ब्रह्माञ्जलिकरो नित्यमध्याप्यो विजितेन्द्रियः । लघुवासास्तथैकाग्रः सुमना सुप्रतिष्ठितः ॥७
ब्रह्मारम्भेऽवसाने च पादौ पूज्यौ गुरोः सदा । संहत्य हस्तावध्येयं स हि ब्रह्माञ्जलिः स्मृतः ॥८
व्यत्यस्तपाणिना कार्यमुपसङ्ग्रहणं गुरोः । सव्येन सव्यः स्प्रष्टव्यो दक्षिणेन तु दक्षिणः ॥९

---

# अध्याय ४

## प्रणव के अर्थ, सावित्री के माहात्म्य तथा उपनयन की विधि का वर्णन

**सुमन्तु ने कहा**—हे राजन् !। ब्राह्मण का केशान्त संस्कार सोलहवें वर्ष में किया जाता है। क्षत्रियों का बाईसवें और वैश्य का तेईसवें वर्ष में करने का विधान है।१। हे महीपति ! स्त्रियों का चूड़ा संस्कार सर्वदा मंत्र रहित करना चाहिये। शरीर की रक्षा के लिए उसके संस्कारों का कालक्रमानुसार विभाग किया गया है।२। स्त्रियों का केवल वैवाहिक संस्कार वेदानुमोदित कहा जाता है।

**अध्येष्यमाणं तु गुरुर्नित्यकालमतन्द्रितः । अधीष्व भो इति ब्रूयाद्विरामोऽस्त्विति वारयेत् ।।१०**
**ब्राह्मणः प्रणवं कुर्यादादावन्ते च सर्वदा । स्रवत्यनोङ्कृतं पूर्वं परस्ताच्च विशीर्यते ।।११**
**श्रूयतां चापि राजेन्द्र यथोङ्कारं द्विजोऽर्हति । प्राक्कूलान्पर्युपासीनः पवित्रैश्चैव पावितः ।।१२**
**प्राणायामैस्त्रिभिः पूतस्ततस्त्वोङ्कारमर्हति । ॐकारलक्षणं चापि शृणुष्व कुरुनन्दन ।।१३**
**अकारं चाप्युकारं च मकारं च प्रजापतिः । वेदत्रयात्तु निर्गृह्य भूर्भुवः स्वरितीति च ।।१४**
**त्रिभ्य एव तु वेदेभ्यः पादंपादमदूदुहत् । तदित्यृचोऽस्याः सावित्र्याः परमेष्ठी प्रजापतिः ।।१५**
**एतदक्षरमेतां च जपन्व्याहृतिपूर्विकाम् । सन्ध्ययोरुभयोर्विप्रो वेद पुण्येन युज्यते ।।१६**
**सहस्रकृत्वस्त्वभ्यस्य बहिरेतत्त्रिकं द्विजः । महतोऽप्येनसो मासात्त्वचेवाहिर्विमुच्यते ।।१७**
**एतयर्चा विसंयुक्तः काले च क्रियया स्वया । विप्रक्षत्रियविड्योनिर्गर्हणां याति साधुषु ।।१८**
**शृणुष्वैकमनाराजन्परमं ब्रह्मणो मुखम् । ॐकारपूर्विकास्तिस्रोमहाव्याहृतयोऽव्ययाः ।।१९**
**त्रिपदा चैव सावित्री विज्ञेया ब्रह्मणो मुखम् । योऽधीतेऽहन्यहन्येतां त्रीणि वर्षाण्यतन्द्रितः ।।२०**

---

चाहिये ।९। सर्वदा पढ़ाते समय गुरु निरालस भाव से शिष्य को यह आज्ञा करे कि अब पाठ प्रारम्भ करो। और इसी प्रकार पाठ समाप्ति पर 'अब बन्द करो' ऐसी आज्ञा दे ।१०।

ओंकार का स्वरूप—वेदाध्ययन करते समय आरम्भ और समाप्ति पर सदा प्रणव का उच्चारण करे। क्योंकि वेदाध्ययन के पूर्व ओंकार का उच्चारण न करने से पाठ व्यर्थ हो जाता है। और समाप्ति पर न करने से सारा पाठ विशीर्ण हो जाता है।११। हे राजेन्द्र ! सुनो, मैं बतला रहा हूँ कि ब्राह्मण को इस प्रणवोच्चारण करने की क्यों आवश्यकता होती है ? सुन्दर सरोवर अथवा नदी आदि के तट पर आसीन होकर भाव पूर्वक केवल तीन प्राणायाम करने से वह पवित्र हो जाता है, यही कारण है कि ब्राह्मण के लिए इसकी विशेष महत्ता है। हे कुरुनन्दन ! इस ओंकार के लक्षण को भी बतला रहा हूँ, सुनिये ।१२-१३। (इस ओंकार के) अकार, उकार तथा मकार प्रजापति ने तीनों वेदों से तथा भूः, भुवः और स्वः

स ब्रह्म परमभ्येति वायुभूतः खमूर्तिमान् । एकाक्षरं परं ब्रह्म प्राणायामः परन्तप. ।।२१
सावित्र्यास्तु परं नास्ति मौनात्सृत्यं विशिष्यते । तपः क्रिया होमक्रिया तथा दानक्रिया नृप ।।२२
अक्षयान्ताः सदा राजन्यथाह भगवान्मनुः । अवरं स्वक्षरं ज्ञेयं ब्रह्म चैव प्रजापतिः ।।२३
विधियज्ञात्सदा राजञ्जपयज्ञो विशिष्यते । नानाविधैर्गुणोद्देशैः सूक्ष्माख्यातैर्नृपोत्तम ।।२४
उपांशुः स्याल्लक्षगुणः सहस्रो मानसः स्मृतः । ये पाकयज्ञाश्चत्वारो विधियज्ञेन चान्विताः ।।२५
सर्वे ते जपयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् । जपादेव तु संसिध्येद्ब्राह्मणो नात्र संशयः ।।२६
कुर्यादन्यन्न वा कुर्यान्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते । पूर्वां सन्ध्यां जपंस्तिष्ठेत्सावित्रीमार्कदर्शनात् ।।२७
पश्चिमां तु समासीनः सम्यगृक्षविभावनात् । दिनस्यादौ भवेत्पूर्वा शर्वर्यादौ तथा परा ।।२८
सनक्षत्रा परा ज्ञेया अपरा सदिवाकरा । जपंस्तिष्ठन्परां सन्ध्यां नैशमेनो व्यपोहति ।।२९
अपरां तु समासीनो मलं हन्ति दिवाकृतम् । नोपतिष्ठति यः पूर्वां नोपास्ते पश्चिमां नृप ।।३०
स शूद्रवद्बहिष्कार्यः सर्वस्माद्द्विजकर्मणः । अपां समीपे नियतो नैत्यकं विधिमास्थितः ।।३१

---

विलीन हो जाता है। एकाक्षर (ओंकार साक्षात्) पर ब्रह्म स्वरूप है। प्राणायाम सभी तपों में बढ़कर है ।१९-२१। सावित्री से बढ़कर माहात्म्य किसी का नहीं है, मौन की अपेक्षा सत्यभाषण की विशेषता है। हे राजन् ! जैसा कि भगवान् मनु ने कहा, तपस्या, हवन एवं दान—ये सारी प्रणय क्रियाएँ सर्वदा अक्षय फलदायिनी होती हैं। इनके अतिरिक्त एकाक्षर प्रणव भी अक्षय फलदायी है, इसे साक्षात् प्रजापति ब्रह्मा का स्वरूप जानना चाहिये ।२२-२३। हे राजन्। हे नृपोत्तम विधानपूर्वक किये जाने वाले यज्ञ की अपेक्षा जप यज्ञ की विशेषता मानी जाती है। विविध प्रकार के गुणों एवं नामोच्चारण और सूक्ष्म से जप का कार्य उच्चारण के कारण उपांसु[1] जप का लाख गुना फल होता है, मानसिक जप का सहस्र गुणित फल स्मरण किया जाता है। जो विधि यज्ञों से समन्वित चारों पाक[2] यज्ञ हैं, वे सभी जपयज्ञ की सोलहवीं कला की भी योग्यता नहीं रखते। ब्राह्मण को जप से ही सिद्धि की प्राप्ति होती है—इसमें सन्देह नहीं ।२४-२६। कुछ दूसरा कार्य करे अथवा न करे पर वह ब्राह्मण

सावित्रीमप्यधीयीत गत्वाऽरण्यं समाहितः । वेदोपकरणे राजन्स्वाध्याये चैव नैत्यके ॥३२
नात्र दोषोस्त्यनध्याये होममन्त्रेषु वा विभो । नैत्यके नास्त्यनध्यायो ब्रह्मसत्रं हि तत्स्मृतम् ॥३३
ब्रह्माहुतिहुतं पुण्यमनध्यायवषट्कृतम् । ऋगेकां यस्त्वधीयीत विधिना नियतो द्विजः ॥३४
तस्य नित्यं क्षरत्येषा पयो मेध्यं घृतं मधु । अग्निशुश्रूषणं भैक्षमधः शय्यां गुरोर्हितम् ॥३५
आसमावर्तनात्कुर्यात्कृतोपनयनो द्विजः । आचार्यपुत्रशुश्रूषां ज्ञानदो धार्मिकः शुचिः ॥३६
आप्तः शक्तोन्नदः साधुः स्वाध्याप्या दश धर्मतः । नापृष्टः कस्यचिद्ब्रूयान्न चान्यायेन पृच्छतः ॥३७
जानन्नपि हि मेधावी जडवल्लोक आचरेत् । अधर्मेण च यः प्राह यश्चाधर्मेण पृच्छति ॥३८
तयोरन्यतरः प्रैति विद्वेषं वा निगच्छति । धर्मार्थौ यत्र न स्यातां शुश्रूषा चापि तद्विधा ॥
न तत्र विद्या वप्तव्या शुभं बीजमिवोषरे ॥३९
विद्ययैव समं कामं मर्तव्यं ब्रह्मवादिना । आपद्यपि हि घोरायां न त्वेनामीरिणे वपेत् ॥४०
विद्या ब्राह्मणमित्याह शेवधिस्तेऽस्मि रक्ष माम् । असूयकाय मा प्रादास्तथा स्यां वीर्यवत्तमा ॥४१
शेवं सुखमुशन्तीह केचिज्ज्ञानं प्रचक्षते । तौ धारयति वै यस्माच्छेवधिस्तेन सोच्यते ॥४२

---

चाहिए ।२७-३१। अथवा अरण्य में जाकर समाहित चित्त हो इसका अध्ययन (जप) करना चाहिए । हे राजन् ! वेदोक्त नैत्यिक स्वाध्याय एवं हवन के मन्त्रों में अनध्याय का दोष नहीं लगता, क्योंकि ये सब ब्रह्मसूत्र कहे जाते हैं ।३२-३३। ब्रह्म अर्थात् वेदमन्त्रों का उच्चारण करना, मन्त्रोच्चारण पूर्वक आहुति देना, अनध्याय का विचार कर अध्ययन करना तथा वषट्कार करना पुण्य है । जो ब्राह्मण नियमपूर्वक सविधि एवं ऋचा का भी अध्ययन करता है, उसे वह (ऋचा) पवित्र दूध, घृत, मधु देती है। अग्नि की शुश्रूषा, भिक्षाटन, भूमिशयन, गुरु का हित (इन सब कर्तव्यों का पालन) उपनयन संस्कार से संस्कृत द्विज समावर्तन संस्कार पर्यन्त करे । आचार्य पुत्र, सेवक, ज्ञानदाता, धार्मिक, पवित्र यथार्थवक्ता, [illegible] को धर्मपूर्वक पढ़ाना चाहिए । बिना पूछे किसी से कुछ न

**यमेव तु शुचिं विद्यान्नियतं ब्रह्मचारिणम् । तस्मै मां ब्रूहि विप्राय निधिपायाप्रमादिने ॥४३**
**ब्रह्म यस्त्वननुज्ञातमधीयानादवाप्नुयात् ॥४४**
**लौकिकं वैदिकं वापि तथाध्यात्मिकमेव च । स याति नरकं घोर रौरवं भीमदर्शनम् ॥४५**
**अणुमात्रात्मकं देहं षोडशार्धमिति स्मृतम् । आददीत यतो ज्ञानं तं पूर्वमभिवादयेत् ॥४६**
**सावित्रीसारमात्रोऽपि वरो विप्रः सुयन्त्रितः । नायन्त्रितस्त्रिवेदोऽपि सर्वाशी सर्वविक्रयी ॥४७**
**शय्यासनेध्याचरिते श्रेयसा न समाविशेत् । शय्यासनस्थश्चैवेनं प्रत्युत्थायाभिवादयेत् ॥४८**
**ऊर्ध्वं प्राणा ह्युत्क्रामन्ति यूनः स्थविर आगते । प्रत्युत्थानाभिवादाभ्यां पुनस्तान्प्रतिपद्यते ॥४९**
**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः । चत्वारि सम्यग्वर्धन्ते आयुः प्रज्ञा यशो बलम् ॥५०**
**अभिवादपरो विप्रो ज्यायांसमभिवादयेत् । असौ नामाहमस्मीति स्वनाम परिकीर्तयेत् ॥५१**
**नामधेयस्य ये केचिदभिवादं न जानते । तान्प्राज्ञोऽहमिति ब्रूयात्स्त्रियः सर्वास्तथैव च ॥५२**
**भोः शब्दं कीर्तयेदन्ते स्वस्य नाम्नोभिवादने । नाम्नः स्वरूपभावो हि भो भाव ऋषिभिः स्मृतः ॥५३**
**आयुष्मान्भव सौम्येति वाच्यो विप्रोऽभिवादने । अकारश्चास्य नाम्नोऽन्ते वाच्यः पूर्वाक्षरः प्लुतः ॥५४**

---

वाले ब्राह्मण को ही मुझे सौंपना ।४३। जो वेद का अध्ययन करते हुए, बिना उसकी आज्ञा से वेद-ज्ञान अथवा लौकिक, वैदिक तथा आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करता है, वह भयंकर रौरव नरक को जाता है ।४४-४५। अणुमात्रात्मक देह (सूक्ष्म शरीर) को आठ तत्वों से निर्मित कहा गया है । जिससे ज्ञान प्राप्त करे उसका पहले (उठकर) अभिवादन करना चाहिए ।४६। केवल सावित्री का ज्ञान रखने वाला भी संयमी ब्राह्मण जो अनियन्त्रितचित्त, सर्वभक्षी तथा सर्वविक्रमी है उस त्रिवेदज्ञ ब्राह्मण से भी श्रेष्ठ है ।४७

शय्या एवं आसन पर गुरु के सामने बैठकर अध्ययनादि कार्य करने वाला कल्याणभाजन नहीं

**यो न वेत्त्यभिवादस्य विप्रः प्रत्यभिवादनम् । नाभिवाद्यः स विदुषा यथा शूद्रस्तथैव सः ।।५५**
**अभिवादे कृते यस्तु न करोत्यभिवादनम् । आशीर्वा कुरुशार्दूल स याति नरकं ध्रुवम् ।।५६**
**अभीति भगवान्विष्णुर्वादयामीति शङ्करः । द्वावेव पूजितौ तेन यः करोत्यभिवादनम् ।।५७**
**ब्राह्मणं कुशलं पृच्छेत्क्षत्रबन्धुमनामयम् । वैश्यं क्षेमं समागम्य शूद्रमारोग्यमेव तु ।।५८**
**न वाच्यो दीक्षितो नाम्ना यवीयानपि यो भवेत् । भो भवत्पूर्वकत्वेन इतिः स्वायम्भुवोऽब्रवीत् ।५९**
**परपत्नी तु या राजन्नसम्बद्धा तु योनितः । वक्तव्या भवतीत्येवं सुभगे भगनीति च ।।६०**
**पितृव्यान्मातुलान्राजञ्छ्वशुरानृत्विजो गुरून् । असावहमिति ब्रूयात्प्रत्युत्थाय जघन्यजः ।।६१**
**मातृष्वसा[1] मातुलानी श्वश्रूरथ पितृष्वसा । सम्पूज्या गुरुपत्नी च समास्ता गुरुभार्यया ।।६२**
**ज्येष्ठस्य भ्रातुर्या भार्या सवर्णाहन्यहन्यपि । [2]पूजयन्प्रयतो विप्रो याति विष्णुसदो नृप ।।६३**
**प्रवासादेत्य सम्पूज्या ज्ञातिसम्बन्धियोषितः । पितुर्या भगिनी राजन्मातुश्चापि विशाम्पते ।।६४**

---

जो ब्राह्मण अभिवादन करने पर प्रत्यभिवादन (अभिवादन का उत्तर) करना नहीं जानता, उसका अभिवादन विद्वान् पुरुष न करें, क्योंकि जैसे एक शूद्र है, वैसा ही वह भी है ।५५

जो ब्राह्मण किसी के अभिवादन करने पर प्रत्यभिवादन नहीं करता, अथवा आशीर्वाद नहीं देता, हे कुरुवंश शार्दूल ! वह निश्चय ही नरकगामी होता है ।५६। अभिवादयामि (आपको प्रणाम कर रहा हूँ) इस वाक्य में 'अभि' इस शब्द से भगवान् विष्णु और 'वादयामि' इस शब्द से शंकर—ये दोनों देवता उससे पूजित हो जाते हैं, जो अभिवादन करता है ।५७

ब्राह्मण को अभिवादन करने पर 'कुशल' शब्द कहकर वार्ता पूछनी चाहिये । क्षत्रियों 'अनाश्य' (स्वस्थ) कहकर वार्ता पूछनी चाहिए । वैश्य का क्षेम (धन का संरक्षण, और परायेधन का अपहरण न करना) कुशल और शूद्र का आरोग्य पूछना चाहिये ।५८। अपने से छोटा भी हो यदि वह दीक्षित

आत्मनो भगिनी या च ज्येष्ठा कुरुकुलोद्वह । सदा स्वमातृवद्वृत्तिमातिष्ठेद्भारतोत्तम ॥६५
गरीयसी ततस्ताभ्यो माता ज्ञेया नराधिप । पुत्रमित्रभागिनेया द्रष्टव्या ह्यात्मना समाः ॥६६
दशाब्दाख्यं पौरसंख्यं पञ्चाब्दाख्यं कलाभृताम् । अब्दपूर्वं श्रोत्रियाणां स्वल्पेनापि स्वयोनिषु ॥६७
ब्राह्मणं दशवर्षं च शतवर्षं च भूमिपम् । पितापुत्रौ विजानीयाद्ब्राह्मणस्तु तयोः पिता ॥६८
इत्येवं क्षत्रियपिता वैश्यस्यापि पितामहः । प्रपितामहश्च शूद्रस्य प्रोक्तो विप्रो मनीषिभिः ॥६९
वित्तं बन्धुर्वयः कर्म विद्या भवति पञ्चमी । एतानि मान्यस्थानानि गरीयो यद्यदुत्तरम् ॥७०
पञ्चानां त्रिषु वर्गेषु भूयांसि गुणवन्ति च । यस्य स्युः सोऽत्र मानार्हः शूद्रोऽपि दशमीं गतः ॥७१
चक्रिणो दशमीस्थस्य रोगिणो भारिणः[1] स्त्रियाः । स्नातकस्य तु राज्ञश्च पन्था देयो वरस्य च ॥७२
एषां समागमे तात पूज्यौ स्नातकपार्थिवौ । आभ्यां समागमे राजन्स्नातको नृपमानभाक् ॥७३
अध्यापयेद्यस्तु शिष्यं कृत्वोपनयनं द्विजः । सरहस्यं सकल्पं च वेदं भरतसत्तम ॥

---

अपने पिता की बहिन, माता की बहिन, अपनी बड़ी बहिन, इन सबके साथ सर्वदा माता के समान व्यवहार करना चाहिये ।६४-६५। इन सबों से माता अधिक श्रेष्ठ है—ऐसा विचार भी रखना चाहिये । हे नराधिप, अपने पुत्र, मित्र तथा भांजे को सर्वदा अपने ही समान देखना चाहिये ।६६। एक ग्राम में निवास करने वाले के साथ दस वर्ष में मित्रता कही जाती है । कलाकारों अर्थात् कला से जीविका उपार्जित करने वालों के साथ पाँच वर्ष में मित्रता कही जाती है, श्रोत्रियों के साथ तीन वर्ष में मित्रता होती है, किन्तु अपने कुल अथवा परिवारादि के सम्बन्ध में बहुत स्वल्प काल (दो वर्ष) में ही मित्रता सम्पन्न होती है ।६७। दस वर्ष की अवस्था का ब्राह्मण सौ वर्ष की अवस्था का क्षत्रिय इन दोनों को परस्पर पिता पुत्र की भाँति जानना चाहिये । इन दोनों में ब्राह्मण पिता है । और इस प्रकार वह दस वर्षीय ब्राह्मण क्षत्रिय का तो पिता है, वैश्य का पितामह और शूद्र का प्रपितामह है, मनीषियों ने इस

तमाचार्यं महाबाहो प्रवदन्ति मनीषिणः ॥७४

एकदेशं तु वेदस्य वेदाङ्गान्यपि वा पुनः । योऽध्यापयति वृत्त्यर्थमुपाध्यायः स उच्यते ॥७५

निषेकादीनि कार्याणि यः करोति नृपोत्तम । अध्यापयति चान्येन स विप्रो गुरुरुच्यते ॥७६

अग्न्याधेयं पाकयज्ञानग्निष्टोमादिकान्मखान् । यः करोति वृतो यस्य स तस्यर्त्विगिहोच्यते ॥७७

य आवृणोत्यवितथं ब्रह्मणा श्रवणावुभौ । स माता स पिता ज्ञेयस्तं न द्रुह्येत्कथञ्चन[1] ॥७८

उपाध्यायान्दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता । सहस्रेण पितुर्माता गौरवेणातिरिच्यते ॥७९

उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान्ब्रह्मदः पिता । ब्रह्मजन्म हि विप्रस्य प्रेत्य चेह च शाश्वतम् ॥८०

कामान्माता पिता चैनं यदुत्पादयतो मिथः । सम्भूतिं तस्य तां विद्याद्यद्योनावभिजायते ॥८१

आचार्यस्तस्य तां जातिं विधिद्वेदपारगः । उत्पादयति सावित्र्या सा सत्या साऽजरामरा ॥८२

उपाध्यायमादितः कृत्वा ये पूज्याः कथितास्तव । महागुरुर्महाबाहो सर्वेषामधिकः स्मृतः ॥८३

---

कराता है, हे महाबाहु ! मनीषी पण्डित लोग उसे 'आचार्य' कहते हैं ।७४

वेद की कोई शाखा, अथवा वेदाङ्गों को जो अपनी जीविका निर्वाह के लिए अध्यापन करता है, वह 'उपाध्याय' कहा जाता है ।७५

हे नृपोत्तम ! जो गर्भाधानादि संस्कार कर्म करता है, और अन्नादि से पालन करते हुए विद्याध्ययन कराता है, वह ब्राह्मण 'गुरु' कहा जाता है ।७६। अग्न्याधान पाकयज्ञादि तथा अग्निष्टोम प्रभृति यज्ञों को वरण लेकर जो सम्पन्न करता है, वह इस लोक में 'ऋत्विक्' कहा जाता है ।७७। जो शुद्धस्वरादि को उच्चारणपूर्वक दोनों कानों को भरता है (अर्थात् सिखाता है) उसी को माता और पिता अर्थात्

सहस्रशतसंख्योऽसावाचार्याणामिदं मतम् । चतुर्णामपि वर्णानां स महागुरुरुच्यते ॥८४

**शतानीक उवाच**

य एते भवता प्रोक्ता उपाध्यायमुखा द्विजाः । विदिता एव मे सर्वे न महागुरुरेव हि ॥८५

**सुमन्तुरुवाच**

जयोपजीवी यो विप्रः स महागुरुरुच्यते । अष्टादशपुराणानि रामस्य चरितं तथा ॥८६
विष्णुधर्मादयो धर्माः शिवधर्माश्च भारत । कार्ष्णं वेदं पञ्चमं तु यन्महाभारतं स्मृतम् ॥८७
श्रौता[1] धर्माश्च राजेन्द्र नारदोक्ता महीपते । जयेति नाम एतेषां प्रवदन्ति मनीषिणः ॥८८
एवं विप्रकदम्बस्य धारकः[2] प्रवरः स्मृतः । यस्त्वेतानि समस्तानि पुराणानीह विन्दति ॥८९
भारतं च महाबाहो स सर्वज्ञो मतो नृणाम् । तस्मात्स पूज्यो राजेन्द्र वर्णैर्विप्रादिभिः सदा ॥९०
किं त्वया न श्रुतं वाक्यं यदाह भगवान्विभुः । अल्पं वा बहु वा यस्य श्रुतस्योपकरोति यः ॥
तमपीह गुरुं विद्याच्छ्रुतोपक्रियया तया[3] ॥९१
ब्राह्मस्य जन्मनः कर्ता स्वधर्मस्य च शासिता । बालोऽपि विप्रो वृद्धस्य पिता भवति धर्मतः[4] ॥९२
अध्यापयामास पितृञ्छिशुराङ्गिरसः कविः । पुत्रका इति होवाच ज्ञानेन परिगृह्य तान् ॥९३
ते तमर्थमपृच्छन्त देवानागतमन्यवः । देवाश्चैतान्समेत्योचुर्न्याय्यं वै शिशुरुक्तवान् ॥९४

---

हैं—ऐसा आचार्यों का मत है । वह महागुरु चारों वर्णों में कहा जाता है ।८४

**शतानीक बोले**—आपने उपाध्याय प्रभृति जिन ब्राह्मणों की अभी चर्चा की है, उन सबको तो मैं जानता हूँ किन्तु महागुरु को नहीं जानता ।८५

**सुमन्तु ने कहा**—हे राजन् ! जो ब्राह्मण 'जय' से जीविका उपार्जित करने वाला है । वही महागुरु कहा जाता है । (अब सुनिये कि जय का क्या तात्पर्य है) अठारहों पुराण, श्रीमद्‌ रामायण के राम

अज्ञो भवति वै बालः पिता भवति मन्त्रदः । अज्ञं हि बालमित्याहुः पितेत्येव तु मन्त्रदम् ॥९५
पितामहेति जयदमित्यूचुस्ते दिवौकसः । जयो मन्त्रास्तथा वेदा देहमेकं त्रिधा कृतम् ॥९६
नहायनैर्न पलितैर्न मित्रेण न बन्धुभिः । ऋषयश्चक्रिरे धर्मं याऽनूचानः स नो महान् ॥९७
ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणां च विशांपते । ज्येष्ठं वन्दन्ति राजेन्द्र सन्देहं शृणु वै यथा ॥९८
ज्ञानतो वीर्यतो राजन्धनतो जन्मतस्तथा । शीलतस्तु प्रधाना ये ते प्रधाना मता मम ॥९९
न तेन स्थविरो भवति येनास्य पलितं शिरः । यो वै युवाप्यधीयानस्तं देवाः स्थविरं विदुः ॥१००
यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः । यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नाम[1] बिभ्रति ॥१०१
यथा योषाऽफला स्त्रीषु यथा गौर्गवि चाफला । यथा चाज्ञेऽफलं दानं यथा विप्रोऽनृचोऽफलः ॥१०२
वैश्वदेवेन ये हीना आतिथ्येन विवर्जिताः । सर्वे तु वृषला ज्ञेयाः प्राप्तवेदा अपि द्विजाः ॥१०३
नानृग्ब्राह्मणो भवति न वणिङ्न कुशीलवः । न शूद्रः प्रेषणं कुर्वन्नस्तेनो न चिकित्सकः ॥१०४

---

ये हमारे पितर हैं, उनको पुत्र कहकर बुलाया।९३। उनके इस व्यवहार से क्रुद्ध पितरगण ने देवगणों से इसका कारण पूछा। देवताओं ने उन्हें एकत्रित कर उनसे कहा कि शिशु (कवि) ने आप लोगों को उचित ही कहा है।९४। क्योंकि जो अज्ञ होता है वही बालक है और जो मंत्र का उपदेश करता है, वही पिता होता है। लोग अज्ञ को बालक, मन्त्रदाता को पिता तथा जयदाता (उक्त महाभारत पुराण, रामायणादि के उपदेशक) को पितामह कहते हैं—ऐसा देवताओं ने उन पितरों से कहा। जय, मंत्र तथा वेद—ये तीनों एक ही शरीर के तीन भाग किये गये हैं।९५-९६। ऋषियों ने धर्म की व्यवस्था अवस्था में बहुत वर्षों के होने से, बाल पक जाने से, मित्र अथवा बंधु होने से नहीं की, जो षडङ्गवेद का अधिकारी प्रवक्ता है, वही हम सबों में महान माना गया है।९७। हे राजेन्द्र ! ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र—इन चारों जातियों में जिसे ज्येष्ठ कहते हैं, उसे बतला रहा हूँ, सुनो।९८। हे राजन् ! (ब्राह्मणों में) ज्ञान से ज्येष्ठ होते हैं, (क्षत्रियों में) पराक्रम से, (वैश्यों में) धन से, एवं (शूद्रों में) जन्म से और शील से ज्येष्ठ माने जाते

अव्रता ह्यनधीयाना यत्र भैक्षचरा द्विजाः । तं ग्रामं दण्डयेद्राजा चोरभक्तप्रदो हि सः ॥१०५
सन्तुष्टो यत्र वै विप्रः साग्निकः कुरुनन्दन । याति साफल्यतां वेदैर्देवैरेवं हि भाषितम् ॥१०६
वेदैरुक्तं यथा वीर सुरज्येष्ठमुपेत्य वै । वेपन्ते ब्राह्मणा भूमावभ्यस्यन्ति ह्यनग्निकाः ॥
क्लिश्यन्ते ते किमर्थं हि मूढा वै फलकाङ्क्षया ॥१०७
अनुष्ठानविहीनानामस्मानभ्यसतां भुवि । क्लेशो हि केवलं देव नास्मदभ्यसने फलम् ॥१०८
अनुष्ठानं परं देवमस्मत्स्वभ्यसनात्सदा । इत्येवं राजशार्दूल वेदा ऊचुर्हि वेधसम् ॥
तस्माच्च वेदाभ्यसनादनुष्ठानं परं मतम् ॥१०९
चत्वारो वा त्रयो वापि यद्ब्रूयुर्वेदपारगाः । स धर्म इति विज्ञेयो नेतरेषां सहस्रशः ॥११०
यद्वदन्ति तमोमूढा मूर्खा धर्ममजानतः[1] । तत्पापं शतधा भूत्वा वक्तृनेवानुगच्छति ॥१११
शौचहीने व्रतभ्रष्टे विप्रे वेदविवर्जिते । दीयमानं रुदत्यन्नं कि मया दुष्कृतं कृतम् ॥११२
जपोपजीविने दत्तं यदात्मानं प्रपश्यति । नृत्यति स्म तदाराजन्करावुद्धृत्य भारत ॥११३

---

जहाँ पर व्रतविहीन, बिना पढ़े लिखे, भिक्षा पर जीविका निर्वाहित करने वाले ब्राह्मण निवास करते हों, उस ग्राम के ऊपर राजा को दण्ड लगाना चाहिये, क्योंकि वह चोरी वृत्ति को प्रोत्साहन देने वाला (ग्राम) है।१०५। हे कुरुनन्दन ! जिस ग्राम में ब्राह्मण सन्तुष्ट हों वह ग्राम साग्निक (यज्ञ भूमि) है क्योंकि उसकी सफलता वेद से होती है—ऐसा देवताओं ने बतलाया है।१०६। हे वीर ! वेदों ने देवताओं में सर्वश्रेष्ठ पितामह ब्रह्मा के पास जाकर इस प्रकार निवेदन किया था। हे देव ! पृथ्वी पर ब्राह्मण इसलिए दुःखी होते हैं कि आग्निक लोग वेदों का अभ्यास करते हैं। वे मूर्ख (वेदाभ्यास द्वारा) फल की आकांक्षा करके क्यों बेकार में कष्ट भोगते हैं? ।१०७। अनुष्ठान से हीन होकर केवल हमारा (वेद) अभ्यास करने से तो केवल कष्ट मिलेगा क्योंकि (कोरे) वेदाभ्यास से कोई फल नहीं मिलता।१०८। हे देव ! सर्वदा वेदाभ्यास करने से क्रियाओं का अनुष्ठान श्रेष्ठ होता है। हे राजसिंह! वेदों ने इस प्रकार की बातें

विद्यातपोभ्यां सम्पन्ने ब्राह्मणे गृहमागते । क्रीडन्त्यौषधयः सर्वा यास्यामः परमां गतिम् ।।११४
[1]अव्रतानाममन्त्राणामजपानां च भारत । प्रतिग्रहो न दातव्यो न शिलातारयेच्छिलाम् ।।११५
श्रोत्रियायैव देयानि हव्यकव्यानि नित्यशः । अश्रोत्रियाय दत्तानि न पितॄन्नापि[2] देवताः ।।११६
यस्य चैव गृहे मूर्खो दूरे चापि बहुश्रुतः । बहुश्रुताय दातव्यं नास्ति मूर्खव्यतिक्रमः ।।११७
ब्राह्मणातिक्रमो नास्ति मूर्खे जपविवर्जिते । ज्वलन्तमग्निमुत्सृज्य न हि भस्मनि हूयते ।।११८
न चैतदेव मन्यन्ते पितरो देवतास्तथा । सगुणं निर्गुणं वापि ब्राह्मणं दैवतं परम् ।।११९
नातिक्रमेद्गृहासीनं ब्राह्मणं विप्रकर्मणि[3] । अतिक्रमन्महाबाहो रौरवं याति भारत ।।१२०
गायत्रीमात्रसारोऽपि ब्राह्मणः पूज्यतां गतः । गृहासन्नो विशेषेण न भवेत्पतितस्तु सः ।।१२१
धान्यशून्यो यथा ग्रामो यथा कूपश्च निर्जलः । ब्राह्मणश्चानधीयानस्त्रयस्ते नामधारकाः ।।१२२

यस्त्वेकपङ्क्त्यां विषमं ददाति स्नेहाद्भयाद्वा यदि वार्थहेतोः ।
वेदेषु दृष्टमृषिभिश्च गीतं तां ब्रह्महत्यां मुनयो वदन्ति ।।१२३

अहिंसयैव भूतानां कार्यं श्रेयोऽनुशासनम् । वाक्चैव मधुरा श्लक्ष्णा प्रयोज्या धर्ममीप्सता ।।१२४

---

हे राजन् ! वह अन्न विद्या एवं तपस्या से सुसम्पन्न ब्राह्मण के अपने घर आने पर समस्त औषधियाँ (अन्नादि) क्रीड़ा करने लगती हैं कि हम सब परम गति प्राप्त करेंगी ।११४। हे भारत ! जो व्रत नियमादि के पालन करने वाले नहीं हैं, मंत्र नहीं जानते, जप नहीं करते, उन्हें कभी दान नहीं करना चाहिये, क्योंकि एक शिला कभी भी दूसरी शिला को नहीं तार सकती ।११५। सर्वदा हव्य, कव्यादि श्रोत्रिय ब्राह्मणों को देना चाहिये, अश्रोत्रियों को दिया गया हव्य, कव्यादि न देवताओं को प्राप्त होता है न पितरों को ।११६। जिसके घर में मूर्ख हैं और बहुश्रुत विद्वान् दूरी पर हैं, उसे भी बहुश्रुत को ही बुलाकर दान देना चाहिये, इससे मूर्ख का व्यतिक्रम नहीं होता । (अर्थात् मूर्ख के अपमान की कोई चिन्ता नहीं करनी चाहिये ।११७। जप रहित मूर्ख ब्राह्मण को किसी कार्य में अतिक्रमण (दोष) नहीं होता, जैसे

यस्य वाङ्मनसी शुद्धे सत्यगुप्ते च भारत । स वै सर्वमवाप्नोति वेदान्तोपगतं फलम् ॥१२५
नारुन्तुदः स्यादार्तोऽपि न परद्रोहकर्मधीः । ययास्यो द्विजते लोको न तां वाचमुदीरयेत् ॥१२६
यत्करोति शुभं वाचा[1] प्रोच्यमाना मनीषिभिः । श्रूयतां कुरुशार्दूल सदा चापि तथोच्यताम् ॥१२७

न तथा शशी न सलिलं न चन्दनरसो न शीतलच्छाया ।
प्रह्लादयति च पुरुषं यथा मधुरभाषिणी वाणी॥१२८

अर्हणाद्ब्राह्मणो नित्यमुद्विजेत विषादिव । अमृतस्येव चाकांक्षेदपमानस्य[2] सर्वदा ॥१२९
सुखं ह्यवमतः शेते सुखं च प्रतिबुध्यते । सुखं चरति लोकेस्मिन्नवमन्ता विनश्यति ॥१३०
अनेन विधिना राजन्संस्कृतात्मा द्विजः शनैः । गुरौ वसन्सेचिनुयाद्ब्रह्माधिगमिदं तपः ॥१३१
तपोविशेषैर्विविधैर्व्रतैश्चविविधोदितैः । वेदः कृत्स्नोधिगन्तव्यः सरहस्यो द्विजन्मना ॥१३२
वेदमेवाभ्यसेन्नित्यं तपस्तप्यंद्विजोत्तमः । वेदाभ्यासो हि विप्रस्य तपः परमिहोच्यते ॥१३३
आहैव स नखाग्रेभ्यः परमं तप्यते तपः । यः सुप्तोऽपि द्विजोऽधीते स्वाध्यायं शक्तितोऽन्वहम् ॥१३४
योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम् । स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः ॥१३५

---

चाहिए, मधुर और कोमल वाणी का प्रयोग करना चाहिये ।१२४। हे भारत ! जिस व्यक्ति के मन और वचन शुद्ध सत्य सुरक्षित हैं, वह वेदान्त प्रतिपादित समस्त फलों को प्राप्त करता है ।१२५। आर्त होकर भी कभी किसी की भावना को चोट न पहुँचाये, दूसरे का द्रोह करने का विचार न करे। जिस वाणी को सुनकर लोगों का मन उद्विग्न हो जाय, उस वाणी का उच्चारण कभी न करे ।१२६। हे कुरुशार्दल ! मनीषी पण्डितों द्वारा मधुर वचन का प्रयोग कर जो शुभ कार्यों को सम्पन्न करते हैं उन्हें सुनिये और वैसा ही प्रयोग कीजिये ।१२७। चन्द्रमा, जल, चन्दन का रस और शीतल सुखदायिनी छाया पुरुष को उतनी आह्लादित नहीं करती जितनी उसकी मधुर वाणी ।१२८। ब्राह्मण को सर्वदा सम्मान एवं प्रतिष्ठा से विष की भाँति उद्विग्न होना चाहिये (अर्थात् सम्मान और प्रतिष्ठा से बहुत दूर रहना चाहिए) सर्वदा अमृत की तरह उसे अपमान की आकांक्षा करनी चाहिये ।१२९।

**न यस्य वेदो न जपो न विद्याश्च विशाम्पते । स शूद्र एव मन्तव्य इत्याह भगवान्विभुः ॥१३६**
**मातुरग्रे च जननं द्वितीयो मौञ्जिबन्धनम् । तृतीयो यज्ञदीक्षायां द्विजस्य विधिरीरितः ॥१३७**
**तत्र यद्ब्रह्म जन्मास्य मौञ्जीबन्धनचिह्नितम् ॥१३८**
**तत्रास्य माता सावित्री पिता त्वाचार्य उच्यते । वेदप्रदानात्त्वाचार्यं पितरं मनुरब्रवीत् ॥१३९**
**न ह्यस्य विद्यते कर्म किञ्चिदामौञ्जिबन्धनात् । नाभिव्याहारयेद्ब्रह्म स्वधानिनयनादृते[1] ॥१४०**
**शूद्रेण तु समं तावद्यावद्वेदे न जायते । कृतोपनयनस्यास्य व्रतादेशनमिष्यते ॥**
**ब्रह्मणो ग्रहणं चैव क्रमेण विधिपूर्वकम् ॥१४१**
**यत्सूत्रं चापि यच्चर्म या या चास्य च मेखला । वसनं चापि यो दण्डस्तद्वै तस्य व्रतेष्वपि ॥१४२**
**सेवेतेमांस्तु नियमान्ब्रह्मचारी[2] गुरौ वसन् । सन्नियम्येन्द्रियग्रामं तपोवृद्ध्यर्थमात्मनः ॥१४३**
**वृन्दारकर्षिपितॄणां कुर्यात्तर्पणमेव हि । नराणां च महाबाहो नित्यं स्नात्वा प्रयत्नतः ॥१४४**
**पुष्पं तोयं फलं चापि समिदाधानमेव[3] च । नानाविधानि काष्ठानि मृत्तिकां च तथा कुशान् ॥१४५**

---

परिवार समेत बहुत शीघ्र शूद्रता को प्राप्त करता है ।१३५। हे राजन् ! जिस ब्राह्मण के पास न वेद हैं, न जप है, न विद्या है, उसे शूद्र ही मानना चाहिये—ऐसा भगवान् ने स्वयं कहा है ।१३६। ब्राह्मण का जन्म सर्वप्रथम माता के उदर से होता है, दूसरा जन्म मौञ्जीबन्धन (अर्थात् यज्ञोपवीत) संस्कार से होता है, तीसरा जन्म यज्ञ की दीक्षा लेने से होता है ।१३७। उपनयन संस्कार का महत्त्व इन तीनों जन्मों से उसका दूसरा जन्म जो मौञ्जीबन्धन के समय होता है, उसमें उसकी माता सावित्री और पिता आचार्य होता है। वेदों के दान करने के कारण मनु ने आचार्य को पिता बतलाया है ।१३८-१३९। मौञ्जीबन्धन संस्कार के पूर्व ब्राह्मण का कोई (वैदिक और स्मार्त) कर्म नहीं होता (अर्थात् यज्ञोपवीत संस्कार होने के पहले

वर्जयेन्मधु मांसं च गन्धमाल्यरथान्स्त्रियः । शुक्लानि चैव सर्वाणि प्राणिनां[1] चैव हिंसनम् ॥१४६
अभ्यङ्गमञ्जनं चाक्ष्णोरुपानच्छत्रधारणम् । संकल्पं कामजं क्रोधं लोभं गीतं च वादनम् ॥१४७
नर्तनं च तथा द्यूतं जनवादं तथानृतम् । परिवादं चापि विभो दूरतः परिवर्जयेत् ॥१४८
स्त्रीणां च प्रेक्षणालम्बो रुपवीतं[2] परस्य च । पुंश्चलीभिस्तथा सङ्गं न कुर्यात्कुरुनन्दन ॥१४९
एकः शयीत सर्वत्र न रेतः स्कन्दयेत्क्वचित् । कामाद्धि स्कन्दयन्रेतो हिनस्ति व्रतमेव तु ॥१५०
सुप्तः क्षरन्ब्रह्मचारी द्विजः शुक्रमकामतः । स्नात्वार्कमर्चयित्वा तु पुनर्मामित्यृचं जपेत् ॥१५१
मनोरपि तथा चात्र श्रूयते परमं वचः । उदकुम्भं सुमनसो गोशकृन्मृत्तिकां कुशान् ॥
आहरेद्यावदर्थान्हि भैक्षं चापि हि नित्यशः ॥१५२
गृहेषु येषां कर्तव्यं ताञ्छृणुष्व नृपोत्तम । स्वकर्मसु रता ये वै तथा वेदेषु ये रताः ॥
यज्ञेषु चापि राजेन्द्र ये च श्रद्धासमाश्रिताः ॥१५३
ब्रह्मचार्याहरेद्भैक्षं गृहेभ्यः प्रयतोऽन्वहम् । गुरोः कुले न भिक्षेत् स्वज्ञातिकुलबन्धुषु ॥१५४
अलाभे त्वन्यगोत्राणां पूर्वं पूर्वं विवर्जयेत् । सर्वं चापि चरेद्ग्रामं पूर्वोक्तानामसम्भवे ॥

---

करना चाहिये ।१४५। नियमकाल में उसे मधु, मांस, चन्दन, माला, वाहनादि स्त्रियाँ सभी प्रकार की श्वेत वस्तुयें तथा प्राणियों की हिंसा—इस सबों से वर्जित रहना चाहिये ।१४६। हे विभो ! आँख में अंजन लगाना, शरीर में उबटन लगाना, जूता, छाता, कामजनित संकल्प, क्रोध, लोभ, गीत वादन, नाचना, द्यूत क्रीडा, असत्य प्रचार, असत्य भाषण, परकीय निन्दा—इन सबको ब्रह्मचारी को दूर से ही छोड़ देना चाहिये ।१४७-१४८। हे कुरुनन्दन ! ब्रह्मचारी को स्त्रियों की ओर देखना, स्त्रियों का आलिंगन, दूसरे के अपकार, पुंश्चली स्त्री का साथ कभी नहीं करना चाहिये ।१४९। उसे सब जगह अकेले ही शयन करना चाहिये, कहीं वीर्यपात नहीं करना चाहिये। कामवश यदि वह कहीं अपने वीर्य का क्षरण करता है तो अपने व्रत को ही नष्ट करता है ।१५०। ब्रह्मचारी शयन करते समय यदि बिना

**अन्त्यवर्जं महाबाहो इत्याह भगवान्विभुः ॥१५५**
**वाचं नियम्य प्रयतस्त्वग्निं शस्त्रं च वर्जयेत् । चातुर्वर्ण्यं चरेद्भैक्षमलाभे कुरुनन्दन ॥१५६**
**आरादाहृत्य समिधः सन्निदध्याद् गृहोपरि । सायंप्रातस्तु जुहुयात्ताभिरग्निमतन्द्रितः ॥१५७**
**भैक्षाचरणमकृत्वा न तमग्निं समिध्य वै । अनातुरः सप्तरात्रमवकीर्णिव्रतं चरेत् ॥१५८**
**वर्तनं चास्य भैक्षेण प्रवदन्ति मनीषिणः । तस्माद्भैक्षेण वै नित्यं नैकान्नादी भवेद्व्रती ॥१५९**
**भैक्षेण व्रतिनो वृत्तिरुपवाससमा स्मृता । दैवत्ये व्रतवद्राजन्पित्र्ये कर्मण्यथर्षिवत् ॥**
**काममभ्यर्थितोऽश्नीयाद्व्रतमस्य न लुप्यते ॥१६०**
**ब्राह्मणस्य महाबाहो कर्म यत्समुदाहृतम् । राजन्यवैश्ययोर्नैतत्पण्डितैः कुरुनन्दन ॥१६१**
**चोदितोऽचोदितो[1] वापि गुरुणा नित्यमेव हि । कुर्यादध्ययने योगमाचार्यस्य हितेषु च ॥१६२**
**बुद्धीन्द्रियाणि मनसा शरीरं वाचमेव हि । नियम्य प्राञ्जलिस्तिष्ठेद्वीक्षमाणो गुरोर्मुखम् ॥१६३**
**नित्यमुद्धृतपाणिः स्यात्साध्वाचारस्तु संयतः । आस्यतामिति चोक्तः सन्नासीताभिमुखं गुरोः ॥१६४**

---

हो तो शूद्र को छोड़कर ग्राम भर में भिक्षाटन करना चाहिये—ऐसा स्वयं भगवान् ने कहा है ।१५५। ब्रह्मचारी को मन एवं इन्द्रियों को वश में कर वचन को भी नियन्त्रित करना चाहिये, (अपने कार्य के लिए) अग्नि एवं शस्त्र का भी प्रयोग उसे नहीं करना चाहिये । हे कुरुनन्दन ! यदि सर्वथा असम्भव हो तो चारो वर्णों में भिक्षाटन करना चाहिये ।१५६। दूर के वन प्रान्त से समिधाएँ लाकर उसे अपनी कुटी के ऊपर रख देना चाहिये उन्हीं समिधाओं से सावधानीपूर्वक आलस्यादि छोड़कर सायंकाल एवं प्रातःकाल हवन करना चाहिये ।१५७। ब्रह्मचारी भिक्षाटन एवं अग्नि में हवन कार्य—इन दोनों नैत्यिक कर्मों को यदि नहीं करता है तो उसे सात रात तक सुस्थिर एवं व्यवस्थित चित्त से अवकीर्ण प्रायश्चित्त का पालन करना चाहिये ।१५८। जब ब्रह्मचारी को जीविका के लिए भिक्षाटन का ही विधान बतलाते हैं इसलिए

वस्त्रवेषैस्तथान्नैस्तु हीनः स्याद् गुरुसन्निधौ । उत्तिष्ठेत्प्रथमं चास्य जघन्यं चापि संविशेत् ।।१६५
प्रतिश्रवणसम्भाषे तल्पस्थो न समाचरेत् । न चासीनो न भुञ्जानो न तिष्ठन्न पराङ्मुखः ।।१६६
आसीनस्य स्थितः कुर्यादभिगच्छंश्च तिष्ठतः । प्रत्युद्गन्ता तु व्रजतः पश्चाद्धावंश्च धावतः ।।१६७
पराङ्मुखस्याभिमुखो दूरस्थस्यैत्य चान्तिकम् । नमस्कृत्य शयानस्य निदेशे तिष्ठेत्सर्वदा ।।१६८
नीचं शय्यासनं चास्य सर्वदा गुरुसन्निधौ । गुरोश्च चक्षुर्विषये न यथेष्टासनो भवेत् ।।१६९
नामोच्चारणमेवास्य परोक्षमपि सुव्रत । न चैनमनुकुर्वीत गतिभाषणचेष्टितैः ।।१७०
परीवादस्तथा निन्दा गुरोर्यत्र प्रवर्तते । कर्णौ तत्र पिधातव्यो गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः ।।१७१
परीवादाद्रासभः स्यात्सारमेयस्तु निन्दकः । परिभोक्ता कृमिर्भवति कीटो भवति मत्सरी ।।१७२
दूरस्थो नार्चयेदेनं नक्रुद्धो नान्तिके स्त्रियाः । यानासनगतो राजन्नवरुह्याभिवादयेत् ।।१७३
प्रतिकूले समाने तु नासीत गुरुणा सह । अशृण्वति गुरौ राजन्न किञ्चिदपि कीर्तयेत् ।।१७४

---

शरीर को वस्त्र से आच्छादित रखे । गुरु यदि कहे कि बैठ जाओ, तब उसे गुरु के अभिमुख होकर बैठना चाहिये ।१६४। गुरु के समीप में उसे हीन (अल्प) वस्त्र हीनवेश (अल्प) तथा हीन भोजन अन्न (अल्प अन्न) से करना चाहिये । गुरु के उठने के पहले ही उठ जाना चाहिये और बैठने के बाद बैठना चाहिये ।१६५। गुरु के उपदेश सुनते समय, सम्भाषण करते समय, उसे विस्तर पर नहीं बैठना चाहिये । इसी प्रकार बैठकर भोजन करते हुए खड़े-खड़े एवं पराङ्मुख होकर भी गुरु से सम्भाषणादि नहीं करना चाहिये ।१६६। गुरु बैठे हों तो (उनकी आज्ञा से) उठकर उनकी आज्ञा शिरोधार्य तथा बात-चीत करे । यदि वे खड़े हों तो उनकी ओर दो चार पग चलकर आज्ञा को सुने और बात-चीत करें । वे जब आयें तो उनके सम्मुख जाकर आज्ञा स्वीकार एवं बात-चीत कर और यदि वे दौड़ रहे हों तो उनके पीछे दौड़कर सुने ।१६७। यदि गुरु अपनी ओर से पराङ्मुख हों तो उनके सम्मुख स्वयं हो जाना चाहिये , वे दूर हों तो स्वयं उनके समीप जाकर बातचीत प्रारम्भ करनी चाहिये । उनके शयन करते समय नमस्कार करके आदेश

गोश्वोष्ट्रयानप्रासादप्रस्तरेषु कटेषु च । आसीत गुरुणा सार्धं शिलाफलकनौषु च ॥१७५
गुरोर्गुरौ सन्निहिते गुरुवद्वृत्तिमाचरेत् । गुरुपुत्रेषु चार्येषु गुरोश्चैव स्वबन्धुषु ॥१७६
बालः समानजन्मा वा विशिष्टो यज्ञकर्मणि । अध्यापयन्गुरुसुतो गुरुवन्मानमर्हति ॥१७७
उत्सादनमथाङ्गानां स्नापनोच्छिष्टभोजने । पादयोर्नेजनं राजन्गुरुपुत्रेषु वर्जयेत् ॥१७८
गुरुवत्प्रतिपूज्यास्तु सवर्णा गुरुयोषितः । असवर्णास्तु सम्पूज्याः प्रत्युत्थानाभिवादनैः ॥१७९
अभ्यञ्जनं स स्नपनं गात्रोत्सादनमेव च । गुरुपत्न्या न कार्याणि केशानां च प्रसाधनम् ॥१८०
गुरुपत्नीं तु युवतीं नाभिवादेत पादयोः । पूर्णविंशतिवर्षेण गुणदोषौ विजानता ॥१८१
स्वभाव एव नारीणां नराणामिह दूषणम् । [२]अतोर्थान्न प्रमाद्यन्ति प्रतिपाद्य विपश्चितः ॥१८२
अविद्वांसमलं लोके विद्वांसमपि वा पुनः । प्रमदा ह्युत्पथं नेतुं कामक्रोधवशानुगम् ॥१८३
मात्रा स्वस्रा दुहित्रा वा न विविक्तासनो भवेत् । बलवानिन्द्रियग्रामो विद्वांसमपि कर्षति ॥१८४
राजेन्द्र गुरुपत्नीनां युवतीनां युवा भुवि । विधिवद्वन्दनं कुर्यादसावहमिति ब्रुवन् ॥१८५

---

नौका में गुरु के साथ भी बैठना चाहिये ।१७५। गुरु के गुरु यदि वर्तमान हों तो उनके साथ भी गुरुवत् व्यवहार करना चाहिये, इसी प्रकार श्रेष्ठ गुरु पुत्रों एवं गुरु के परिवार वर्ग वालों के साथ भी गुरुवत् व्यवहार करना चाहिये।१७६। गुरु का पुत्र यदि बालक है, अथवा समान अवस्था का है, तब भी यज्ञ कर्म में उसकी विशेषता है। गुरु का पुत्र यदि पढ़ाता है तो वह गुरु के समान ही सम्मानीय है।१७७। हे राजन् ! (गुरुपुत्र के साथ गुरुवत् व्यवहार करते हुए भी इन कार्यों को वर्जित रखे) अंगों में उबटन लगाना, स्नान करवाना, जूठा भोजन करना, पैरों का धोना ।१७८। गुरु की पत्नी यदि सवर्णा हैं, (अर्थात् उन्हीं की वर्ण वाली हैं) तो वह भी गुरु के समान ही पूजनीय हैं। और यदि असवर्णा हैं तो वह भी उठकर सम्मान व्यक्त करके तथा अभिवादन करके सम्माननीय है ।१७९। गुरु की पत्नियों के अंगों में तेल लगाना, दबाना,

विप्रोऽस्य पादग्रहणमन्वहं चाभिवादनम् । गुरुदारेषु कुर्वीत सतां धर्ममनुस्मरन् ॥१८६
यथा खनन्खनित्रेण जलमाप्नोति[1] मानवः । तथा गुरुगतां विद्यां शुश्रूषुरधिगच्छति ॥१८७

मुण्डो वा जटिलो वा स्यादथ वा स्याच्छिखी जटी ।
नैनं ग्रामेऽभिनिम्लोचेदर्को नाभ्युदियात्क्वचित् ॥१८८

तं चेदभ्युदियात्सूर्यः शयानं कामकारतः । निम्लोचेद्वाप्यभिज्ञानाज्जपन्नुपवसेद्दिनम् ॥१८९
सूर्येण ह्यभिनिर्मुक्तः शयानोऽभ्युदितश्च यः । प्रायश्चित्तमकुर्वाणो युक्तः स्यान्महतैनसा ॥१९०
उपस्पृश्य महाराज उभे सन्ध्ये समाहितः । शुचौ देशे जपञ्जप्यमुपासीत यथाविधि ॥१९१
यदि स्त्री यद्यवरजः श्रेयः किञ्चित्समाचरेत् । तत्सर्वमाचरेद्युक्तो यत्र वा रमते मनः ॥१९२
धर्मार्थावुच्यते श्रेयः कामार्थौ धर्ममेव च । अर्थ एवेह वा श्रेयस्त्रिवर्ग इति संस्थितिः ॥१९३
पिता माता तथा भ्राता आचार्याः कुरुनन्दन । नार्तेनाप्यवमन्तव्या ब्राह्मणेन विशेषतः ॥१९४
आचार्यो ब्रह्मणो मूर्तिः पिता मूर्तिः प्रजापतेः । माताप्यथादितेर्मूर्तिर्भ्राता स्यान्मूर्तिरात्मनः ॥१९५

---

से आने पर शिष्य को सत्पुरुषों के चलाये हुए धर्म का स्मरण कर प्रतिदिन गुरु पत्नी का पाद स्पर्श एवं अभिवादन करना चाहिये ।१८६। जिस प्रकार कुदाल आदि खनने वाले हथियारों से लगातार खनते रहने पर मनुष्य अन्त में जल प्राप्त कर लेता है, उसी प्रकार गुरु सेवा में निरत रहने वाला शिष्य गुरु की समस्त विद्याओं को प्राप्त कर लेता है ।१८७

ब्रह्मचारी चाहे मुंडित शिर हो, चाहे जटाधारी हो चाहे जटा की भाँति शिखाधारी हो, उसको ग्राम में शयन करते हुए सूर्य का अस्त एवं उदय नहीं देखना चाहिये ।१८८। यदि इस नियम को जान बूझकर इच्छानुकूल शयन करते-करते उसके सूर्य अस्त हो जायँ वा उदित हो जायँ तो दिन भर उपवास रखकर जप करना चाहिये ।१८९। सूर्योदय अथवा सूर्यास्त तक सोकर जो उक्त प्रायश्चित्त नहीं करता है

यन्माता पितरौ क्लेशं सहेते सम्भवे नृणाम् । न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्त्तुं वर्षशतैरपि ।।१९६
तयोर्नित्यं प्रियं कुर्यादाचार्यस्य च भारत । तेषु हि त्रिषु तुष्टेषु तपः सर्वं समाप्यते ।।१९७
तेषां त्रयाणां शुश्रूषा परमं तप उच्यते । न तैरनभ्यनुज्ञातो धर्ममन्यं समाचरेत् ।।१९८
त एव हि त्रयो लोकास्त एव त्रय आश्रमाः[१] । त एव च त्रयो वेदास्त एवोक्तास्त्रयोऽग्नयः ।।१९९
माता वै गार्हपत्याग्निः पिता वै दक्षिणः स्मृतः । गुरुराहवनीयश्च साग्नित्रेता गरीयसी ।।२००
त्रिषु तुष्टेषु चैतेषु त्रींल्लोकाञ्जयते गृही । दीप्यमानः स्ववपुषा देववद्दिवि मोदते ।।२०१
इमं लोकं पितृभक्त्या मातृभक्त्या तु मध्यमम् । गुरुशुश्रूषया चैव गच्छेच्छक्रसलोकताम् ।।२०२
सर्वे तेनादृता धर्मा यस्यैते त्रय आदृताः । अनादृतास्तु येनैते सर्वास्तस्याफलाः क्रियाः ।।२०३
यावत्त्रयस्ते जीवेयुस्तावन्नान्यत्समाचरेत्। तेष्वेव नित्यं शुश्रूषां कुर्यात्प्रियहिते रतः ।।२०४
तेषामनुपरोधेन पार्थक्यं[२] यद्यदाचरेत् । तत्तन्निवेदयेत्तेभ्यो मनोवचनकर्मभिः ।।२०५
त्रिष्वेतेष्विति कृत्यं हि पुरुषस्य समाप्यते । एष धर्मः परः साक्षादुपधर्मोऽन्य उच्यते ।।२०६
श्रद्धधानः शुभां विद्यामाददीतावरादपि । अन्त्यादपि परं धर्मं स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि ।।२०७

---

वर्ष में भी नहीं किया जा सकता ।१९६। हे भारत ! इसलिए मनुष्य को सर्वदा उन दोनों अर्थात् माता-पिता का तथा आचार्य का कल्याण साधन करना चाहिये । इन तीनों के सन्तुष्ट रहने पर सभी तपस्याएँ समाप्त हो जाती हैं ।१९७। इन तीनों की शुश्रूषा करना ही परम तपस्या कही गयी है । इनकी आज्ञा को बिना प्राप्त किये हुए किसी अन्य धर्म का पालन नहीं करना चाहिये ।१९८। वे ही तीनों-तीनों लोक हैं तीनों आश्रम हैं, तीनों वेद हैं, और तीनों अग्नियाँ[१] हैं ।१९९। माता गार्हपत्याग्नि है, पिता दक्षिण अग्नि कहा जाता है, गुरु आहवनीय अग्नि है ये तीनों अग्नियाँ परम गौरवास्पद हैं ।२००। गृहस्थ पुरुष यदि इन तीनों को सन्तुष्ट कर लेता है तो वह तीनों लोकों को जीत लेता है । (इसके माहात्म्य से) वह अपनी दिव्य शरीर कान्ति से संयुक्त होकर देवताओं के समान स्वर्ग में आनन्द का अनुभव करता है

विषादप्यमृतं ग्राह्यं बालादपि सुभाषितम् । अमित्रादपि सद्वृत्तममेध्यादपि काञ्चनम् ॥२०८
स्त्रियो रत्नं नयो विद्या धर्मः शौचं सुभाषितम् । विविधानि च शिल्पानि समादेयानि सर्वशः ॥२०९
अब्राह्मणादध्ययनमापत्काले विधीयते । अनुव्रज्या च शुश्रूषा यावदध्ययनं गुरोः ॥२१०
नाब्राह्मणे गुरौ शिष्यो वासमात्यन्तिकं वसेत् । ब्राह्मणे चाननूचाने काङ्क्षन्गतिमनुत्तमाम् ॥२११
यदि त्वात्यन्तिको वासो रोचते च गुरोः कुले । युक्तः परिचरेदेनमाशरीरविमोक्षणात् ॥२१२
आ समाप्तेः शरीरस्य यस्तु शुश्रूषते गुरुम् । स गच्छत्यञ्जसा विप्रो ब्राह्मणः सद्म शाश्वतम् ॥२१३
न पूर्वं गुरवे किञ्चिदुपकुर्वीत धर्मवित् । स्नानाय गुरुणाज्ञप्तः शक्त्या गुर्वर्थमाहरेत् ॥२१४
क्षेत्रं हिरण्यं गामश्वं छत्रोपानहमेव च । धान्यं वासांसि शाकं वा गुरवे प्रीतमाहरेत् ॥२१५
स्वर्गते गां परित्यज्य गुरौ भरतसत्तम । गुणान्विते गुरुसुते गुरुदारेऽथ वा नृप ॥
सपिण्डे वा गुरोश्चापि गुरुवद्वृत्तिमाचरेत् ॥२१६
एतेष्वविद्यमानेषु स्थानासनविहारवान् । प्रयुञ्जानोऽग्निशुश्रूषां साधयेद्देहमात्मनः ॥
वीरस्य कुर्वञ्छुश्रूषां याति वीरसलोकताम् ॥२१७
चरत्येवं हि यो विप्रो ब्रह्मचर्यमविप्लुतः । स गत्वा ब्रह्मसदनं ब्रह्मणा सह मोदते ॥२१८

---

प्रकार दुष्ट कुल से भी स्त्रीरत्न ले लेना चाहिये ।२०७। विष से भी अमृत ले लेना चाहिये, बच्चा भी है यदि कोई सच्ची और सुन्दर बात कह रहा है तो उसे ग्रहण करना चाहिये । इसी प्रकार शत्रु से भी सदाचरण की शिक्षा लेनी चाहिये, और अपवित्र स्थल से भी सुवर्ण ले लेना चाहिए ।२०८। स्त्री, रत्न, नीति, विद्या, पवित्रता, धर्म सुभाषित एवं विविध प्रकार के शिल्प कर्म—इन्हें सम स्थानों से ले लेना चाहिये ।२०९

आपत्ति काल में अब्राह्मण से भी अध्ययन करने का विधान है । जब तक अब्राह्मण गुरु के समीप अध्ययन चले तब तक उसकी भी सेवा-शुश्रूषा करनी चाहिये ।२१०। कोई ब्राह्मण यदि वेदों

इत्येष कथितो धर्मः प्रथमं ब्रह्मचारिणः । गृहस्थस्यापि राजेन्द्र शृणु धर्ममशेषतः ।।२१९
काले प्राप्य व्रतं विप्र ऋतुयोगेन भारत । प्रपालयन्व्रतं याति ब्रह्मसालोक्यतां विभो ।।२२०
सदोपनयनं शस्तं वसन्ते ब्राह्मणस्य तु । क्षत्रियस्य ततो ग्रीष्मे प्रशस्तं मनुरब्रवीत् ।।२२१
प्राप्ते शरदि वैश्यस्य सदोपनयनं परम् । इत्येष त्रिविधः कालः कथितो व्रतयोजने ।।२२२

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि
उपनयनविधिवर्णनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ।४।

# अथ पञ्चमोऽध्यायः

## स्त्रीणां शुभाशुभलक्षणवर्णनम्

### सुमन्तुरुवाच

षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम् । तदर्धिकं पादिकं वा ग्रहणान्तिकमेव च ।।१
वेदानधीत्य वेदौ वा वेदं वापि नृपोत्तम । अविप्लुतब्रह्मचर्यो गृहस्थाश्रममावसेत् ।।२
तं प्रतीतं स्वधर्मेण ब्रह्मदायहरं पितुः । स्रग्विणं तल्प[1] आसीनमर्हयेत्प्रथमं गवा ।।३

---

के साथ आनन्द का अनुभव करता है ।२१८। प्रथम ब्रह्मचारी के धर्म का यह वर्णन मैं कर चुका, हे राजेन्द्र ! अब गृहास्थाश्रम में निवास करने वालों के समस्त धर्मों को भी बतला रहा हूँ, सुनो ।२१९। हे भारत ! हे विभो ! इस प्रकार उचित समय एवं ऋतु काल के अवसर पर ब्रह्मचर्यव्रत का पालन कर मनुष्य ब्रह्मलोक की प्राप्ति करता है ।२२०

ब्राह्मण का यज्ञोपवीत संस्कार सर्वदा वसन्त ऋतु में प्रशस्त माना गया है, मनु ने क्षत्रियों का यज्ञोपवीत संस्कार ग्रीष्म ऋतु में श्रेयस्कर बतलाया है ।२२१। वैश्यवर्ण का उपनयन संस्कार सर्वदा शरद् ऋतु के आने पर श्रेष्ठ है । यज्ञोपवीत संस्कार के लिये तीनों वर्णवालों के ये तीन समय बतलाये गये हैं ।२२२
श्री भविष्य महापुराण के ब्राह्मपर्व में यज्ञोपवीत संस्कार विधि वर्णन नामक चौथा अध्याय समाप्त ।४।

गुरुणा समनुज्ञातः समावृत्तौ यथाविधि । उद्वहेत द्विजो भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् ।।४

### शतानीक उवाच

लक्षणं द्विजशार्दूल स्त्रीणां वद महामुने । कीदृग्लक्षणसंयुक्ता [1]कन्या स्यात्सुखदा नृप ।।५

### सुमन्तुरुवाच

यदुक्तं ब्राह्मणा पूर्वं स्त्रीलक्षणमनुत्तमम् । श्रेयसे[2] सर्वलोकानां शुभाशुभफलप्रदम् ।।६
तत्ते वच्मि महाबाहो शृणुष्वैकमना नृप । श्रुतेन येन जानीषे कन्यां शोभनलक्षणाम् ।।७
सुखासीनं सुरश्रेष्ठमभिगम्य महर्षयः । पप्रच्छुर्लक्षणं स्त्रीणां यत्पृष्टोऽहं त्वयाधुना ।।८
प्रणम्य शिरसा देवमिदं वचनमब्रुवन् । भगवन्ब्रूहि नः सर्वं स्त्रीणां लक्षणमुत्तमम् ।।९
श्रेयसे सर्वलोकानां शुभाशुभफलप्रदम् । प्रशस्तामप्रशास्तां च जानीमो येन कन्यकाम् ।।१०
तेषां तद्वचनं श्रुत्वा विरिञ्चो वाक्यमब्रवीत् । शृणुध्वं द्विजशार्दूला वच्मि युष्मास्वशेषतः ।।११
प्रतिष्ठिततलौ सम्यग्रताम्भोजसमप्रभौ । ईदृशौ चरणौ धन्यौ योषितां भोगवर्धनौ ।।१२
करालैरतिनिर्मांसै रूक्षैरर्धशिरान्वितैः । दारिद्रयं दुर्भगत्वं च प्राप्नुवन्ति न संशयः ।।१३

---

पिता या आचार्य की पूजा करे ।३। इस प्रकार गुरु की आज्ञा से यथाविधि समावर्तन संस्कार सम्पन्न होकर ब्राह्मण अपने वर्ण में उत्पन्न शुभलक्षण समन्वित स्त्री के साथ विवाह संस्कार करे ।४

**शतानीक बोले**—हे महामुनि ! द्विज शार्दूल ! मुझे स्त्रियों के लक्षण बतलाइये । हे नृप, किस प्रकार के लक्षणों वाली कन्या पति को सुख देने वाली होती है ? ।५

**सुमन्तु ने कहा**—समस्त लोक के कल्याणार्थ स्त्रियों के शुभाशुभ फल देने वाल जिन लक्षणों

अङ्गुल्य: संहता वृत्ता: स्निधा: सूक्ष्मनखास्तथा । कुर्वन्त्यत्यन्तमैश्वर्यं राजभावं च योषित: ।।१४
ह्रस्वा: सुजीवितं ह्रस्वा विरला वित्तहानये । दारिद्रयं मूलमग्नासु प्रेष्यं च पृथुलासु च ।।१५
परस्परसमारूढैस्तनुभिर्वृत्तपर्वभि: । बहूनपि पतीन्हत्वा दासी भवति वै द्विजा: ।।१६
अङ्गुष्ठोन्नतपर्वाणस्तुङ्गाग्रा: कोमलान्विता: । रत्नकाञ्चनलाभाय विपरीता विपत्तये ।।१७
सुभगत्वं नखै: स्निग्धैराताम्रैश्च धनाढ्यता । पुत्रा: स्युरुन्नतैरेभि: सुसूक्ष्मैश्चापि राजता ।।१८
पाण्डुरै: स्फुटितै रूक्षैर्नीलैधूमैस्तथा खरै:[1] । नि:स्वता भवति स्त्रीणां पीतैश्चाभक्ष्यभक्षणम् ।।१९
गुल्फा: स्निग्धाश्च वृत्ताश्च समारूढशिरास्तथा । यदि स्युर्नूपुरान्दध्युर्बान्धवाद्यै: समाप्नुयु: ।।२०
अशिरा शरकाण्डाभा: सुवृत्ताल्पतनूरुहा: । जङ्घा: कुर्वन्ति सौभाग्यं यानं च गजवाजिभि: ।।२१
क्लिश्यते रोमजङ्घा स्त्री भ्रमत्युद्धतपिण्डिका । काकजङ्घा पतिं हन्ति वाचाटा कपिला च या: ।।२२
जानुभिश्चैव मार्जारसिंहजान्वनुकारिभि: । श्रियमाप्य सुभाग्यत्वं प्राप्नुवन्ति सुतांस्तथा ।।२३
घटाभैरध्वगा नार्यो निर्मांसै: कुलटा स्त्रिय: । शिरालैरपि हिंस्रा: स्युर्विश्लिष्टैर्धनवर्जिता: ।।२४

---

चिकनी एवम् छोटे सुन्दर नखों वाली पैर की अँगुलियाँ स्त्रियों को परम ऐश्वर्य एवं राज्यपद को देने वाली होती है ।१४। छोटी अँगुलियों वाली स्त्रियाँ दीर्घजीवी होती हैं । किन्तु छोटी और बिरली जो एक में मिली न हों, अँगुलियाँ धन हानि करने वाली होती हैं । मूल स्थान पर टेढ़ी रहनेवाली अँगुलियाँ दारिद्र्य की सूचक हैं, मोटी अँगुलियों से दासता की प्राप्ति होती है ।१५। हे द्विज वृन्द ! अत्यन्त सूक्ष्म, परस्पर एक दूसरे पर चढ़ी हुई एवं गोले पर्व (पोरों) वाली अँगुलियों से युक्त स्त्री अनेक पतियों को मारकर दासी होती है ।१६। उच्च पर्व (पोरों) से युक्त अँगूठे, उन्नत अग्रभागवाली कोमल अंगुलियाँ रत्न एवं सुवर्ण लाभ की सूचना देती हैं, इससे विपरीत जो होती हैं वे विपत्ति में डालने वाली होती हैं ।१७। चिकने नखों से सौभाग्य की प्राप्ति होती है, लाल नखों से प्रचुर धन मिलता है । उन्नत नखों से अनेक पुत्रों की प्राप्ति होती है एवं सूक्ष्म नखों से राजत्व की प्राप्ति होती है ।१८। स्त्रियों के पाण्डुर टूटे, फटे, रूखे, नीले एवं धूमिल तथा खर नखों से निर्धनता बढ़ती है, उनके पीले नख अभक्ष्य-भक्षण की सूचना देते हैं ।१९। इसी

अत्यन्तकुटिलै रूक्षैः स्फुटिताग्रैर्गुडप्रभैः । अनेकजैस्तथा रोमैः केशैश्चापि तथाविधैः ॥२५
अत्यन्तपिङ्गला नारी विषतुल्येति निश्चितम् । सप्ताहाभ्यन्तरे पापा पतिं हन्यान्न संशयः ॥२६
हस्तिहस्तनिभैर्वृत्तै रम्भाभैः करभोपमैः । प्राप्नुवन्त्यूरुभिः शश्वत्स्त्रियः सुखमनङ्गजम् ॥२७
दौर्भाग्यं बद्धमांसैश्च बन्धनं रोमशोरुभिः । तनुभिर्वधमित्याहुर्मध्यच्छिद्रेष्वनीशता ॥२८
सन्ध्यावर्णं समं चारु सूक्ष्मरोमान्वितं पृथु । जघनं शस्यते स्त्रीणां रतिसौख्यकरं द्विज ॥२९
अरोमको भगो यस्याः समः सुश्लिष्टसंस्थितः । अपि नीचकुलोत्पन्ना राजपत्नी भवत्यसौ ॥३०
अश्वत्थपत्रसदृशः कूर्मपृष्ठोन्नतस्तथा । शशिबिम्बनिभश्चापि तथैव कलशाकृतिः ॥
भगः शस्ततमः स्त्रीणां रतिसौभाग्यवर्धनः ॥३१
तिलपुष्पनिभो यश्च यद्यग्रे खुरसन्निभः । द्वावप्येतौ परप्रेष्यं कुर्वाते च दरिद्रताम् ॥३२
उलूखलनिभैः शोकं मरणं विवृताननैः । विरूपैःपूतिनिर्मांसैर्गजसन्निभरोमभिः ॥
दौःशील्यं दुर्भगत्वं च दारिद्र्यमधिगच्छति ॥३३

---

हैं, दुर्बल एवं असुन्दर घुटनों से धनहीन होती हैं ।२४। अत्यन्त कुटिल, रूखे, टूटे फूटे अग्रभाग वाले, गुड़ के समान लाल वर्णवाले, एक-एक रोम कूप से अनेक संख्या में उत्पन्न होने वाले रोम एवं केशों से युक्त अत्यन्त पिंगल वर्ण की नारी विषतुल्य समझनी चाहिये—यह निश्चित मानिये । वह पापिनी एक सप्ताह के भीतर ही अपने पति का नाश करती हैं—इसमें सन्देह मत मानिये ।२५-२६। हाथी के शुण्डादण्ड के समान चढ़ाव उतार वाले, कदली के रंग के समान गोरे, चिकने एवं शीतल करभ[1] के समान मनोहर एवं स्निग्ध उरु प्रदेशों से स्त्रियाँ सर्वदा कामदेव का सुखभोगने वाली होती हैं ।२७। बँध गये हैं मांस पिण्ड जिनमें—ऐसे उरुओं से युक्त स्त्रियाँ परम दुर्भाग्य शील होती हैं । बहुत रोमावलि से युक्त उरुओं से उसे बन्धन की प्राप्ति होती है । इसी प्रकार सूक्ष्म उरुओं वाली स्त्रियों का वध होता है—ऐसा लोग कहते हैं । मध्य में छिद्र भाग वाले उरुओं से प्रभुत्वहीनता की प्राप्ति होती है ।२८। हे द्विज ! संध्या के समान

कपित्थफलसंकाशः पीनो वलिविवर्जितः । स्फीताः प्रशस्यते स्त्रीणां निन्दितश्चान्यथा द्विजाः ।।३४
पयोधरभरानम्रप्रचलत्त्रिवलीगुरुः । मध्यः शुभावहः स्त्रीणां रोमराजीविभूषितः ।।३५
पणवाभैर्मृदङ्गाभैस्तथा मध्ये यवोपमैः । प्राप्नुवन्ति भयावासक्लेशदौःशील्यमीदृशैः ।।३६
अवक्रानुल्बणं पृष्ठमरोमशमगर्हितम् । नानास्तरणपर्यङ्करतिसौख्यकरं परम् ।।३७
कुब्जमद्रोणिकं पृष्ठं रोमशं यदि योषितः । स्वप्नान्तरे सुखं तस्या नास्ति हन्यात्पतिं च सा ।।३८
विपुलैः [1]सुकुमारैश्च कुक्षिभिः सुबहुप्रजाः । मण्डूककुक्षिर्या नारी राजानं सा प्रसूयते ।।३९
उन्नतैर्बलिभिर्वन्ध्याःसुवृतैः कुलटाः स्त्रियः । [2]जारकर्मरतास्ताः स्युः प्रव्रज्यां च समाप्नुयुः ।।४०
उन्नता च नतैः क्षुद्रा विषमैर्विषमाशया । आयुरैश्वर्यसम्पन्ना वनिता हृदयैः समैः ।।४१
सुवृत्तमुन्नतं पीनमदूरोन्नतमायतम् । स्तनयुग्ममिदं शस्तमतोऽन्यदसुखावहम् ।।४२
उन्नतिः प्रथमे गर्भे द्वयोरेकस्य भूयसी । वामे तु जायते कन्या दक्षिणे तु भवेत्सुतः ।।४३
दीर्घे तु [3]चूचुके यस्याः सा स्त्री धूर्ता रतिप्रिया । सुवृत्ते तु पुनर्यस्या द्वेष्टि सा पुरुषं सदा ।।४४

---

गोले, पुष्ट, सिकुड़न रहित एवं चिकने योनि प्रदेश स्त्रियों के प्रशंसनीय माने गये हैं, इनके अतिरिक्त सभी निन्दित हैं ।३४। उन्नत स्तनों के भार से झुका हुआ एवं चञ्चल तीन सिकुड़न की रेखाओं से युक्त, रोमावलि से विभूपित मध्यभाग स्त्रियों का परमकल्याणदायी एवं प्रशंसनीय बतलाया गया है ।३५। पणव, मृदङ्ग, एवं जौ की तरह मध्यभाग वाली स्त्रियाँ भय, निवास का कष्ट एवं दुःशीलता को प्राप्त करती हैं ।३६। अवक्र, सीधे एवं समान, अव्यक्त अर्थात् ऊपर की ओर न उठा हुआ, रोमावलिरहित पृष्ठ प्रदेश प्रशंसनीय माना गया है । वह विविध प्रकार के विछावन, पर्यंक एवं रति का सुख प्रदान करने वाला होता है ।३७। स्त्री का पृष्ठ प्रदेश (पीठ) यदि कुबड़ा, असुन्दर एवं रोमावलि से व्याप्त हो तो उसे कभी स्वप्न में भी सुख की प्राप्ति नहीं होती, वह अपने पति को मारने वाली होती है ।३८। विस्तृत एवं सुकुमार कुक्षि प्रदेश (उदर) से स्त्रियाँ अनेक सन्तानों वाली होती हैं । जो स्त्री मेढक के समान उदर वाली होती है

स्तनैः सर्पफणाकारैः श्वजिह्वाकृतिभिस्तथा । दारिद्रचमधिगच्छन्ति स्त्रियः पुरुषचेष्टिताः ।।
अवष्टब्धघटीतुल्या भवन्ति हि तथा द्विजाः ।।४५
सुसमं मांसलं चारु शिरो रोमविवर्जितम् । वक्षो यस्या भवेन्नार्या भोगान्भुक्ते यथेप्सितान् ।।४६
हिंस्रा भवति वक्रेण दौःशील्यं रोमशेन तु । निर्मांसेन तु वैधव्यं विस्तीर्णे कलहप्रिया ।।४७
चतस्रो रक्तगम्भीरा रेखाः स्निग्धाः करे स्त्रियाः । यदि स्युः सुखमाप्नोति विच्छिन्नाभिरनीशता ।।४८
रेखाः कनिष्ठिकामूलाद्यस्याः प्राप्ताः प्रदेशिनीम् । शतमायुर्भवेत्तस्यास्त्रयाणामुन्नतौ क्रमात् ।।४९
संवृत्ताः समपर्वाणस्तीक्ष्णाग्राः कोमलत्वचः । समाह्यंगुलयो यस्याः सा नारी भोगवर्धिनी ।।५०
बन्धुजीवारुणैस्तुंगैर्नखैरैश्वर्यमाप्नुयात् । खरैर्वक्रैर्विवर्णाभैः श्वेतप्रीतैरनीशता ।।५१
रक्तैर्मृदुभिरैश्वर्यं निश्छिद्राङ्गुलिभिर्द्विजाः । स्फुटितैर्विषमै रूक्षैः क्लेशं पाणिभिराप्नुयुः ।।५२
समरेखा यवा यासाङ्गुष्ठाङ्गुलिपर्वसु । तासां हि विपुलं सौख्यं धनं धान्यं तथाऽक्षयम् ।।५३
मणिबन्धोऽव्यवच्छिन्नो रेखात्रयविभूषितः । ददाति न चिरादेव भोगमायुस्तथाक्षयम् ।।५४
श्रीवत्सध्वजपद्माक्षगजवाजिनिवेशनैः । चक्रस्वस्तिकवज्रासिपूर्णकुम्भनिभाङ्कुशैः ।।५५

---

रखने वाली होती हैं।४४। सर्प के फण एवं कुत्ते की जीभ के समान आकार वाले स्तनों से स्त्रियाँ पुरुष के समान चेष्टा करने वाली तथा दरिद्रता को प्राप्त करने वाली होती हैं। हे द्विजवृन्द ! इसी प्रकार छोटे कलश के समान स्तनों वाली स्त्रियाँ भी पुरुषवत् चेष्टाशील तथा दरिद्र होती हैं।४५। जिस स्त्री का वक्षस्थल समान, मांसल, शिरा (नस) एवं रोमावलि से रहित होते हैं वह मन चाहे भोग विलास का आनन्द उठाती है।४६। वक्र वक्षस्थल से हिंसक स्वभाव वाली तथा रोमावलि युक्त वक्षस्थल से स्त्रियाँ दु:शील होती हैं। मांसरहित वक्षस्थल वैधव्य का सूचक तथा विस्तृत वक्षस्थल कलह प्रिय का सूचक होता है।४७। स्त्री के हाथ में चिकनी गम्भीर लालिमायुक्त चार रेखाएँ यदि हों तो वह प्रचुर सुख प्राप्ति करती है, यदि ये ही रेखाएँ टूटी-फूटी और अपूर्ण हों तो वह प्रभुत्वहीन होती हैं।४८। जिस स्त्री के हाथ में

प्रासादच्छत्रमुकुटैर्हारकेयूरकुण्डलैः । शङ्खतोरणनिर्व्यूहैर्हस्तन्यस्तैर्नृपस्त्रियः ।।५६
यस्याः पाणितले रक्ता यूपकुम्भाश्च कुण्डिकाः । दृश्यन्ते चरणे यस्या यज्ञपत्नी भवत्यसौ ।।५७
वीथ्यापणतुलामानैस्तथा मुद्रादिभिः स्त्रियः । भवन्ति वणिजां पत्न्यो रत्नकाञ्चनशालिनाम् ।।५८
दात्रयोक्त्रयुगाबन्धफलोलूखललाङ्गलैः । भवन्ति धनधान्याढ्याः कृषीवलजनाङ्गनाः ।५९
अनुन्नतशिरासन्धि पीनं रोमविवर्जितम् । गोपुच्छाकृति नारीणां भुजयोर्युगुलं शुभम् ।।६०
निगूढग्रन्थयो यस्याः कूर्परौ रोमवर्जितौ । बाहू वै ललितौ यस्याः प्रशस्तौ वृत्तकोमलौ ।।६१
उन्नतावनतौ चैव नातिस्थूलौ न रोमशौ । सुखदौ तु सदा स्त्रीणां सौभाग्यारोग्यवर्धनौ ।।६२
स्थूले स्कन्धे वहेद्भारं रोमशे व्याधिता भवेत् । वक्रस्कन्धे भवेद्वन्ध्या कुलटा चोन्नतानने ।।६३
स्पष्टं रेखात्रयं यस्या ग्रीवायां चतुरङ्गुलम् । मणिकाञ्चनमुक्ताढ्यं सा दधाति विभूषणम् ।।६४
अधना स्त्री कृशग्रीवा दीर्घग्रीवा च बन्धकी । ह्रस्वग्रीवा मृतापत्या स्थूलग्रीवा च दुःखिता ।।६५
अनुन्नता समांसा च समा यस्याः कृकाटिका । सुदीर्घमायुस्त्वस्यास्तु चिरं भर्ता च जीवति ।।६६
निर्मांसा बहुमांसा च शिराला रोमशा तथा । कुटिला विकटा चैव विस्तीर्णा न च शस्यते ।।६७

---

जिनके हाथ में हों वे राजा की स्त्रियाँ होती हैं ।५५-५६। जिस स्त्री के हाथ में रक्तवर्ण के स्तम्भ तथा कलश एवं चौकोर कुण्डिका पैर में हों वह स्त्री किसी यज्ञकर्त्ता की पत्नी होती है ।५७। गली, बाजार, तराजू एवं मुद्राओं के चिह्न जिन स्त्रियों के हाथ में हों वे सुवर्ण रत्न के महान् व्यापारी की पत्नी होती हैं ।५८। दात्र (काटने वाले हथियार) योक्त्र (नाधा) जूआ, फाल, उलूखल (ओखली) एवं हल के चिह्नों वाली स्त्रियाँ धन-धान्य सम्पन्न एवं किसान की गृहिणी होती हैं ।५९। जिनकी नसें एवं संधियाँ बहुत उन्नत न हों, पुष्ट, मांसल एवं रोमावलि रहित हों, गौ की पूँछ के समान आकार वाली हों ऐसी स्त्रियों की दोनों भुजाएँ कल्याणकारक होती हैं ।६०। जिसकी ग्रन्थि (गाठ) ढँकी हुई हो, ऐसी कुहने वाली

न स्थूलो न कृशोऽत्यर्थं न वक्रो न च रोमशः । हनुरेवंविधः श्रेयांस्ततोऽन्यो न प्रशस्यते ।।६८
चतुरस्रमुखी धूर्ता मण्डलास्या शिवा[1] भवेत् । अप्रजा वाजिवक्त्रा स्त्री महावक्त्रा च दुर्भगा ।।६९
श्ववराहवृकोलूकमर्कटास्याश्च याः स्त्रियः । क्रूरास्ताः पापकर्मिण्यः प्रजाबान्धववर्जिताः ।।७०
मालतीबकुलाम्भोजनीलोत्पलसुगन्धि यत् । वदनं मुच्यते नैतत्पानताम्बूलभोजनैः ।।७१
ताम्राभः किञ्चिदालम्भः स्थौल्यकार्श्यविवर्जितः । अधरो यदि तुङ्गश्च नारीणां भोजदः सदा ।।७२
स्थूले कलहशीला स्याद्विवर्णे चातिदुःखिता । उत्तरोष्ठेन तीक्ष्णेन वनिता चातिकोपना ।।७३
जिह्वा तनुतरा वक्रा ताम्रा दीर्घा च शस्यते । स्थूला ह्रस्वा विवर्णा या वक्रा भिन्ना च निन्दिता ।।७४
शङ्खकुन्देन्दुधवलैः स्निग्धैस्तुङ्गैरसन्धिभिः । मिष्टान्नपानमाप्नोति दन्तैरेभिरनुन्नतैः ।।७५
सूक्ष्मैरतिकृशैर्ह्रस्वैः स्फुटितैर्विरलैस्तथा । रूक्षैश्च दुःखिता नित्यं विकटैर्भामिनी भवेत् ।।७६
सुमृष्टदर्पणाम्भोजपूर्णबिम्बेन्दुसन्निभम् । वदनं वरनारीणामभीष्टफलदं स्मृतम् ।।७७
न स्थूला न कृशा वक्रा नातिदीर्घा समुन्नता । ईदृशी नासिका यस्याः सा धन्या तु शुभङ्करी ।।७८
उन्नता मृदुला या च रेखा शुद्धा न सङ्गता । भ्रूर्वक्रतुल्या सूक्ष्मा च योषितां सा सुखावहा ।।७९

---

वक्र, न रोमावलियुक्त—ऐसा चिबुक स्त्रियों का परम कल्याणदायी होता है। इसके विपरीत जो हों, वे प्रशंसनीय नहीं माने गये हैं।६८। चौकोर मुखवाली स्त्री धूर्त स्वभाव की होती है। मण्डलाकार अर्थात् गोले मुखवाली कल्याणदायिनी होती है। घोड़े के समान मुँह वाली स्त्री सन्तानविहीन एवं लम्बे मुखवाली स्त्री दुर्भगा होती है।६९। इसी प्रकार कुत्ते, शूकर, भेड़िया, उल्लू, बन्दर के समान मुखवाली स्त्रियाँ क्रूर स्वभाव वाली पापिनी, सन्तान एवं बन्धु-बान्धवादि से विहीन होती हैं।७०। मालती, मौलसिरी, लाल कमल एवं नीलकमल के समान सुगन्धि जिससे निकलती हो, स्त्रियों का ऐसा मुख सुस्वादु पेय, ताम्बूल एवं सुभोजन से कभी वञ्चित नहीं होता।७१। लालिमायुक्त स्निग्ध, स्थूलता एवं कृशता से रहित, ऊपर की ओर उठे हुए स्त्रियों के अधर सर्वदा भोग देने वाले होते हैं।७२। स्थूल अधरोंवाली स्त्री

[1]धनुस्तुल्याभिः सौभाग्यं वन्ध्या स्याद्दीर्घरोमभिः। पिङ्गलासङ्गता ह्रस्वा दारिद्र्याय न संशयः ॥८०
नीलोत्पलदलप्रख्यैराताम्रैश्चारुपक्ष्मभिः । वनिता नयनैरेभिर्भोगसौभाग्यभागिनी ॥८१
खञ्जनाक्षी मृगाक्षी च वराहाक्षी वराङ्गना । यत्रयत्र समुत्पन्ना महान्तं भोगमश्नुते ॥८२
अगम्भीरैरसंश्लिष्टैर्बहुरेखाविभूषितैः । राजपत्न्यो भवन्तीह नयनैर्मधुपिङ्गलैः ॥८३
वायसाकृतिनेत्राणि दीर्घापाङ्गानि योषिताम् । अनाविलानि चारूणि भवन्ति हि विभूतये ॥८४
गम्भीरैः पिङ्गलैश्चैव दुःखिताः स्युश्चिरायुषः। वयोमध्ये त्यजेत्प्राणानुन्नताक्षी तु[2] याङ्गना ॥८५
रक्ताक्षी विषमाक्षी च [3]धूम्राक्षी प्रेतलोचना । वर्जनीया सदा नारी श्वनेत्रा चैव दूरतः ॥८६
उद्भ्रान्तकैः करैश्चित्रैर्नयनैस्त्वंगनास्त्विह । मद्यमांसप्रिया नित्यं चपलाश्चैव सर्वतः ॥८७
करालाकृतयः कर्णा नभःशब्दास्तु संस्थिताः । वहन्ति विकसत्कान्तिं हेमरत्नविभूषणम् ॥८८
खरोष्ट्रनकुलोलूककपिलश्रवणाः स्त्रियः । प्राप्नुवन्ति महद्दुःखं प्रायशः प्रव्रजन्ति च ॥८९
ईषदापाण्डुगण्डा या सुवृत्ता पर्वणि त्विह । प्रशस्ता निन्दिता त्वन्या रोमकूपकदूषिता ॥९०
अर्धेन्दुप्रतिमाभोगमरोम तु समाहितम् । भोगारोग्यकरं श्रेष्ठं ललाटं वरयोषिताम् ॥९१

---

स्त्रियों को सुख देने वाली होती है ।७९। धनुष के समान टेढ़ी भौंहें सौभाग्य देने वाली होती हैं, दीर्घ रोमावलि युक्त स्त्रियों की भौंहें उनके वन्ध्यापन की सूचना देती हैं । इसी प्रकार पिङ्गल वर्णवाली, असंगत एवं छोटी भौंहें निस्सन्देह दरिद्रता देनेवाली होती है ।८०। नीले कमल दल के समान मनोहर, कुछ लालिमा लिये हुए, सुन्दर, भौंहों से विभूषित नेत्रों वाली स्त्री सौभाग्य एवं भोग विलास को प्राप्त करने वाली होती है ।८१। खञ्जन, मृग एवं शूकर के समान नेत्रोंवाली सुन्दरी स्त्री जहाँ तहाँ उत्पन्न होकर महान् भोग एवं ऐश्वर्य को प्राप्त करने वाली होती हैं ।८२। गंभीरता रहित असंश्लिष्ट, बहुत रेखाओं से विभूषित मधु के समान लाल वर्ण के नेत्रों वाली स्त्रियाँ इस लोक में राजपत्नी के रूप में उत्पन्न होती हैं ।८३। कौओ के आकार के समान, लम्बे कोण वाले स्वच्छ सुन्दर स्त्रियों के नेत्र उनके धन सम्पत्ति

द्विगुणं परिणाहेन ललाटं विहितं च यत् । शिरः प्रशस्तं नारीणामधन्या हस्तिमस्तका ॥९२
सूक्ष्माः कृष्णा मृदुस्निग्धाः कुञ्चिताग्राः शिरोरुहाः । भवन्ति श्रेयसे स्त्रीणामन्ये स्युः क्लेशशोकदाः ॥९३
हंसकोकिलवीणालिशिखिवेणुस्वराः स्त्रियः । प्राप्नुवन्ति बहून्भोगान्भृत्यानाज्ञापयन्ति च ॥९४
भिन्नकांस्यस्वरा नारी खरकाकस्वरा च या । रोगं व्याधिं भयं शोकं दारिद्र्यं चाधिगच्छति ॥९५
हंसगोवृषचक्राह्वमत्तमातङ्गगामिनी । स्वकुलं द्योतयेन्नारी महिषी पार्थिवस्य च ॥९६
श्वशृगालगतिर्निन्द्या या च वायसवद्व्रजेत् । दासी मृगगतिर्नारी द्रुतगामी च बन्धकी ॥९७
फलिनी रोचना हेमकुङ्कुमप्रभ एव च । वर्णः शुभकरः स्त्रीणां यश्च दूर्वाङ्कुरोपमः ॥९८
मृदूनि मृदुरोमाणि नात्यन्तस्वेदकानि च । सुरभीणि च गात्राणि यासां ताः पूजिताः स्त्रियः ॥९९
नोद्वहेत्कपिलां कन्यां नाधिकाङ्गीं न रोगिणीम् । नालोमिकां नातिह्रस्वां न वाचाटां न पिङ्गलाम् ॥१००
नर्क्षवृक्षनदीनाम्नीं नान्त्यपर्वतनामिकाम् । न पक्ष्यहिप्रेष्यनाम्नीं न च भीषणनामिकाम् ॥१०१
अव्यङ्गाङ्गीं सौम्यनाम्नीं हंसवारणगामिनीम् । तनुलोमकेशदशनां मृदङ्गीमुद्वहेत्स्त्रियम् ॥१०२
महान्त्यपि समृद्धानि गोजाविधनधान्यतः । स्त्रीसम्बन्धे दशैतानि कुलानि परिवर्जयेत् ॥१०३

---

कि ललाट बतलाया गया है, विस्तार में उससे द्विगुणित शिर स्त्रियों के प्रशंसनीय माने गये हैं। हाथी के समान विशाल शिर वाली स्त्री प्रशंसनीय नहीं समझी जाती है।९२। सूक्ष्म (महीन) काले, मृदुल चिकने, आगे की ओर कुञ्चित (घुँघराले) शिर के केश स्त्रियों के कल्याण के लिए होते हैं, इसके विपरीत जो हैं वे क्लेश और शोक देने वाले कहे जाते हैं।९३। हंस, कोकिल, वीणा, भ्रमर, मयूर और वेणु के समान स्वर वाली स्त्रियाँ बहुत भोग एवं ऐश्वर्य की अधिकारिणी होती हैं, वे नौकरों पर शासन चलाने वाली होती हैं।९४। जो स्त्री फूटे हुए कांसे के वर्तन के समान स्वर वाली एवं गधे और कौअे के समान स्वरवाली होती है वह रोग, शोक, व्यादि, भय एवं दरिद्रता को प्राप्त करने वाली होती है।९५। हंस, गौ, वृषभ, चक्रवाक एवं मतवाले हाथी के समान गमन करने वाली स्त्री अपने कुल को प्रकाशित करने वाली अथवा राजा की स्त्री होती है।९६। कुत्ते और सियार के समान गमन करने वाली स्त्री निन्दित मानी गई है, इसी प्रकार

हीनक्रियं निष्पुरुषं निश्छन्दोरोमशार्शसम् । क्षयामयाव्यपस्मारिश्वित्रकुष्ठिकुलानि च ।।१०४

पादौ सुगुल्फौ प्रथमं प्रतिष्ठौ जङ्घे द्वितीयं च सुजानुचक्रे ।
मेढ्रोरुगुह्यं च ततस्तृतीयं नाभिः कटिश्चेति चतुर्थमाहुः ।।१०५
उदरं कथयन्ति पञ्चमं हृदयं षष्ठमथ स्तनान्वितम् ।
अथ सप्तममंसजत्रुणी कथयन्त्यष्टममोष्ठकन्धरे ।।१०६
नवमं नयने च सभ्रुणी सललाटं दशमं शिरस्तथा ।
अशुभेष्वशुभं दशाफलं चरणं चरणाद्यशुभेषु शोभनम् ।।१०७
इदं महात्मा स महानुभावः शचीनिमित्तं गुरुरब्रवीद्द्विजाः ।
शक्रेण पृष्टः सविशेषमुत्तमं संलक्ष्यमुक्तं वरयोषलक्षणम्[1] ।।१०८

मत्सकाशात्पुनः श्रुत्वा लक्षणं पुरुषस्य च । यथाधुना भवद्भिस्तु श्रुतं मत्तो द्विजोत्तमाः ।।१०९
लक्षणेभ्यः प्रशस्तं तु स्त्रीणां सद्वृत्तमुच्यते । सद्वृत्तमुक्त्वा या स्त्री सा प्रशस्ता न च लक्षणैः ।।११०
ईदृग्लक्षणसम्पन्नां सुकन्यामुद्वहेत्तु यः । ऋद्धिर्वृद्धिस्तथा कीर्तिस्तत्र तिष्ठति नित्यशः ।।१११

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शताद्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि स्त्रीलक्षणवर्णनं
नाम पञ्चमोऽध्यायः ।५।

---

क्रियाहीन, पौरुषरहित, वेदविहीन, अधिकरोमवाले, अर्श रोग वाले, क्षय रोगवाले, मृगी रोग वाले, सर्वदा किसी न किसी रोग में ग्रस्त रहने वाले, श्वेत कुष्ठ एवं गलित कुष्ठ वाले कुलों के साथ विवाह संस्कार न करे ।१०४। स्त्रियों के दोनों पैर और गुल्फ प्रथम प्रशंसनीय माने गये हैं । फिर सुन्दर जानु (घुटने) भाग से सुशोभित जंघाओं की प्रशंसा में द्वितीय स्थान हैं । फिर मेढ्र (लिङ्ग) उरु एवं गुह्याङ्ग का तृतीय स्थान है, कटि एवं नाभि का चतुर्थ स्थान बतलाया गया है ।१०५। पाँचवाँ स्थान सुन्दरता में उदर का है, स्तनमण्डल समेत हृदय का छठाँ स्थान है । कंधा और उसकी सन्धि का सातवाँ तथा दोनों

# अथ षष्ठोऽध्यायः

## स्त्रीलक्षणसद्वृत्तवर्णनम्

### शतानीकउवाच

सद्वृत्तं श्रोतुमिच्छामि देवस्त्रीणां सुविस्तरात् । उत्तमाधममध्यं च सम्बन्धे स्त्रीकृते यथा ॥१

### सुमन्तुरुवाच

शतानीक महाबाहो ब्रह्मलोके पितामहः । उक्त्वा सलक्षणं स्त्रीणां सद्वृत्तं चोक्तवान्पुनः[१] ॥२
यथोक्तं ब्रह्मणा[२] तेषामृषीणां कुरुनन्दन । स प्रेषो वचनं श्रुत्वा ब्रह्मा वचनमब्रवीत् ॥३
शृणुध्वं द्विजशार्दूलाः स्त्रीणां सद्वृत्तमादितः । वक्ष्ये युष्मानशेषं वै लोकानुग्रहकाम्यया ॥४
त्रिवर्गप्राप्तये वक्ष्ये स्त्रीवृत्तं गृहमेधिनाम् । प्राग्विद्यादीनुपादाय तैरर्थश्च यथाक्रमम् ॥
विन्देत सदृशीं भार्यां शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥५
गृहाश्रमो हि निःस्वानां महत्येषा विडम्बना । तस्मात्पूर्वमुपादेयं वित्तमेव गृहैषिणा ॥६
वरं सोढा मनुष्येण तीव्रा नरकवेदना । न त्वेव च गृहे दृष्टं पुत्रदारक्षुधार्दितम् ॥७

---

# अध्याय ६

## स्त्रीलक्षण-सद्वृत्त वर्णन

**शतानीक बोले**—हे मुनि जी ! अब मैं उन देवस्त्रियों के सदाचार को सविस्तार सुनना चाहता हूँ स्त्रियों के सम्बन्ध में जिनका उत्तम, मध्यम एवं अधम कोटि का स्थान माना गया है । १

असम्भवे शिशुं दृष्ट्वा रुदन्तं प्रार्थनापरम् । वज्रसारमयं मन्ये हृदयं यन्न दीर्यते ॥८
साध्वीं भार्यां प्रियां दृष्ट्वा कुचैलां क्षुत्कृशीकृताम् । अस्य दुःखस्य तन्नास्ति सुखं यत्समतां व्रजेत् ॥९
रूक्षान्विवर्णान्क्षुधितान्भूमिप्रस्तरशायिनः । पुत्रदारान्निजान्दृष्ट्वा किमकार्यं भवेन्नृणाम् ॥१०
बाहूत्तरीयं क्षुत्क्षामं दृष्ट्वा दीनमुखं सुतम् । मृत्युरेवोत्सवः पुंसां व्यसनं जीवितं द्विजाः ॥११
परिसीदत्स्वपत्येषु दृष्ट्वा दीनमुखीं प्रियाम् । वज्रकार्यशरीरास्ते ये न यान्ति सहस्रधा ॥१२
तस्मादर्थविहीनस्य पुंसो दारपरिग्रहात् । कुतस्त्रिवर्गसंसिद्धिर्यातनैव हि तस्य सा ॥१३
अभार्यस्याधिकारोऽस्ति न द्वितीयाश्रमे यथा । तद्वदर्थविहीनानां सर्वत्र नाधिकारिता ॥१४
केचित्त्वपत्यमेवाहुस्त्रिवर्गावाप्तिसाधनम् । पुंसामर्थः कलत्रं च येऽन्ये नीतिविदो विदुः ॥१५
धर्मोऽपि द्विविधो यस्मादिष्टापूर्तक्रियात्मकः । स च दारात्मकः सर्वं ज्ञेयमर्थैकसाधनम् ॥१६
निजेनापि[1] दरिद्रेण लोको लज्जति बन्धुना । परोऽपि हि मनुष्याणामैश्वर्यात्स्वजनायते ॥१७
न दरिद्रं समीपेऽपि स्थितवन्तं प्रपश्यति । दूरस्थमपि वित्ताढ्यमादराद्भजते जनः ॥१८

---

पुत्र स्त्री का देखना उचित नहीं है ।७। असमर्थता में प्रार्थनापूर्वक किसी वस्तु के लिए लालायित होकर रोने वाले बालक को देखकर जो हृदय फट नहीं जाता वह मानो वज्र के सारभाग से रचा गया है ।८। अपनी साध्वी प्रियतमा को मलिन वस्त्र धारण किये हुए क्षुधा से दुर्बलाङ्गी देखने के समान संसार में कोई दुःख नहीं है जो इसकी समानता कर सके ।९। क्षुधा से पीड़ित रूखे मकान सुख पत्थर की शिला एवं भूमि पर शयन करने वाले अपने स्त्री पुत्रों को देखकर मनुष्य के लिए संसार में कुछ भी अकरणीय नहीं है ।१०। द्विजगण ! क्षुधा से अतिशय पीड़ित वस्त्रहीन दीनमुख पुत्र को देखकर पुरुष को मर जाना ही श्रेष्ठ है, ऐसा जीवन तो विडम्बना मात्र है ।११। बच्चों को क्षुधा से व्याकुल देख अपनी प्रियतमा जब अतिशय दीनमुखी हो जाती तो उसे देखकर जो सहस्रों टुकड़ों में चूर्ण नहीं हो जाता वह वज्र का शरीर है ।१२। इसलिए धनहीन पुरुष को विवाह करने से धर्मार्थकाम की सिद्धि भला किस प्रकार हो सकती है

तस्मात्प्रयत्नतः पूर्वमर्थमेव प्रसाधयेत । स हि मूलं त्रिवर्गस्य गुणानां गौरवस्य[1] च ।।१९
सर्वेऽपि हि गुणा विद्याकुलशीलादयो नृणाम् । सन्ति तस्मिन्नसन्तोऽपि सन्ति सन्तोऽपि नासति ।।२०
शास्त्रं शिल्पं कलाः कर्म यच्चान्यदपि चेष्टितम् । साधनं[2] सर्वमर्थानामर्था धर्मादिसाधनाः ।।२१
साधनानां त्रिवर्गोऽस्ति तं विना केवलं नृणाम् । अजागलस्तनस्येव निधनायैव संभवः ।।२२
प्राक्पुण्यैर्विपुला सम्पद्धर्मकामादिहेतुजा । भूयो धर्मेण सामुत्र तयां[3] ताविति[4] च क्रमः ।।२३
एकचक्रकमेतद्धि प्रोक्तमन्योन्यहेतुकम् । पूर्वपश्चिमबाहुभ्यामुत्तराधरमध्यमाः ।।२४
विज्ञाय मतिमानेवं यस्त्रिवर्गं निषेवते । संख्याशतसमायुक्तैरवाप्नोत्युत्तरोत्तरम् ।।२५
नाभार्यस्याधिकारोऽस्ति त्रिवर्गे निर्धनस्य वा । ना भार्यायामतः पूर्वमर्थमेव प्रसाधयेत् ।।२६
तस्मात्क्रमागतैरर्थैः स्वयं वाधिगतैर्युतः । क्रियायोग्यैः समर्थश्च कुर्याद्दारपरिग्रहम् ।।२७
अनुरूपे कुले जातां श्रुतवित्तक्रियादिभिः । लभेतानिन्दितां कन्यां मनोज्ञां धर्मसाधनाम् ।।२८
पुमानर्धपुमांस्तावद्यावद्भार्यां न विदन्ति । तस्माद्यथाक्रमं काले कुर्याद्दारपरिग्रहम् ।।२९

---

दूर निवास करने वाले धनिक की भी आदरपूर्वक सेवा करते हैं ।१८। इन सब बातों को जान कर मनुष्य को सर्वप्रथम प्रयत्नपूर्वक धन सञ्चय करना चाहिये वही त्रिवर्ग का एकमात्र साधक है यही नहीं वह गौरव एवं समस्त गुणों का मूल स्थान है ।१९। विद्या कुलीनता, शील आदि मनुष्यों के सभी गुण धनवान् व्यक्तियों में न रहने पर भी रहते हैं, और दूसरी ओर निर्धन व्यक्तियों में ये रहने पर भी नहीं रहते ।२०। शास्त्र, शिल्प, कलाएँ, कर्म एवं संसार के जितने भी व्यापार हैं, वे सब धन प्राप्त करने के साधन हैं, और धन धर्मादि (पुण्य कार्यों) का साधन है ।२१। इसलिए यह धन ही त्रिवर्ग का साधनभूत है उसके बिना मनुष्य की उत्पत्ति बकरी के गले में लटकते हुए निरर्थक स्तनों की भाँति केवल मृत्यु के लिए है ।२२। पूर्व जन्म के महान पुण्यकर्मों से धर्मार्थकाम की साधनभूत विपुल धन सम्पत्ति की प्राप्ति होती है और उस सम्पत्ति से धर्मादि पुण्य कार्य होते हैं । इस प्रकार ये दोनों धन और धर्मादि परस्पर आश्रित रहते हैं ।२३। ये दोनों एक ही चक्र के अवयव कहे जाते हैं इनका अन्योन्यहेतुक सम्बन्ध है । पूर्व और पश्चिम के बाहुओं से उत्तर अधर एवं मध्यम का ज्ञान होता है ...

एकचक्रो रथो यद्वदेकपक्षो यथा खगः । अभार्योऽपि [1]नरस्तद्वदयोग्यः सर्वकर्मसु ॥३०
पत्नीपरिग्रहाद्धर्मस्तथार्थो बहुलाभतः । सत्प्रीतियोगात्कामोऽपि त्रयमस्यां विदुर्बुधाः ॥३१
त्रिधा विवाहसम्बन्धो हीनतुल्याधिकैः सह । तुल्यैः सह समस्तेषामितरौ नीचमध्यमौ ॥३२
असमैर्निन्द्यते सद्भिरुत्तमैः परिभूयते । तुल्यैः प्रशस्यते यस्मात्तस्मात्साधुतमो मतः ॥३३
कृत्वैवाधिकसम्बन्धमपमानं समश्नुते । न चैषामानतिं गच्छेन्नैव नीचैः सहेष्यते[2] ॥३४
उत्तमोऽपि च सम्बन्धो नीचैस्तत्समतां व्रजेत् । अतस्तं वर्जयेद्धीमान्निन्दितं सदृशोत्तमैः ॥३५
विजातीयैश्च सम्बन्धं सहेच्छन्ति न सूरयः । उभयोर्भ्रश्यते तेन यथा कोकिलया शुकः ॥३६
तद्भाति कुलबाह्यत्वादवश्यं चावमानतः । प्रतिपत्तेरशक्यत्वाच्चोत्तमोऽपि न शस्यते ॥३७
एकेऽपि परिहर्तव्या अन्ये परिहरन्त्युत । तस्माद्द्वावपि नैवेष्टौ सम्बन्धावधमोत्तमौ ॥३८
एकपात्रादिभिर्येषामुपचारैः परस्परम् । प्रत्यहं वर्धते स्नेहः सम्बन्धः सोऽभिधीयते ॥३९
यत्रावाहविवाहादावन्योऽन्याः प्रतिपत्तयः । स्पर्धयैव प्रवर्धन्ते तं सम्बन्धं विदुर्बुधाः ॥४०

---

जिस प्रकार एक चक्के का रथ और एक पंख का पंक्षी अपना कार्य नहीं कर सकता, बेकार है, स्त्रीविहीन पुरुष भी सभी कार्यों में अयोग्य है ।३०। पत्नी के ग्रहण करने पर धर्म अनेक प्रकार के लाभ से धन एवं परस्पर सच्ची प्रीति से काम की प्राप्ति होती है इस प्रकार पण्डित लोग तीन प्रकार के विवाह सम्बन्ध स्त्री के ग्रहण में तीनों वर्गों की प्राप्ति बतलाते हैं ।३१। विवाह कर्म तीन प्रकार के बतलाये गये हैं, हीन, समान एवं उच्च के साथ । इनमें अपने बराबर वाले के यहाँ विवाह करने को समान और दोनों को नीच और मध्यम कहा है ।३२। असमान के यहाँ विवाह करने को साधुलोग निन्दित बतलाते हैं । उत्तम के यहाँ करने से अनादर होता है अतः तुला स्थिति वालों के साथ विवाह करने को सभी लोग बहुत अच्छा बतलाते हैं ।३३। अपने से अधिकवाले के यहाँ सम्बन्ध करने से सर्वथा अपमान भोगना पड़ता है, अतः मनुष्य को ऐसे लोगों के साथ अपमान नहीं सहना चाहिये इसी प्रकार नीच स्थिति वाले के साथ भी उसे ... ।३४। जिस प्रकार उत्तम के साथ सम्बन्ध वर्जनीय है उसी

व्यसनेऽभ्युदये वापि येषां प्राणैर्धनैरपि । सहैकप्रतिपत्तित्वं सम्बन्धानां स उत्तमः ।।४१
स्नेहव्यक्तौ मनुष्याणां द्वावेव निकषोपलौ । तथा कृतज्ञतायां च व्यसनाभ्युदयागमौ ।।४२
स च स्नेहो नृणां प्रायः समेष्वेव[१] हि दृश्यते । साम्यं चाप्युपगन्तव्यं वित्तशीलकुलादिभिः ।।४३
तस्माद्विवाहसम्बन्धं सख्यमेकान्तकारिणाम् । सदृशैरेव कुर्वीत नोत्तमेनाप्यनुत्तमैः[२] ।।४४

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि
स्त्रीलक्षणसद्वृत्तवर्णनं नाम षष्ठोऽध्यायः ।६।

# अथ सप्तमोऽध्यायः

## विवाह-धर्मवर्णनम्

### ब्रह्मोवाच[३]

असपिण्डा च या मातुरसगोत्रा च या पितुः । सा प्रशस्ता द्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने ।।१
सहजो न भवेद्यस्या न च विज्ञायते पिता । नोपयच्छेत[४] तां प्राज्ञः पुत्रिकाधर्मशङ्कया ।।२
ब्राह्मणानां प्रशस्ता स्यात्सवर्णा दारकर्मणि । कामस्तु प्रवृत्तानामिमाः स्युः क्रमशोऽवराः ।।३

---

हैं ।४०। अभ्युदय तथा संकट के अवसर पर जो परस्पर प्राणों एवं धनों से एक दूसरे की सहायता के लिए साथ साथ सन्नद्ध रहते हैं, वही सम्बन्धों में उत्तम माना जाता है ।४१। मनुष्यों की कृतज्ञता एवं स्नेह को प्रकट करने के लिए उस की दो कसौटी मानी गयी हैं, अभ्युदय और और संकटावस्था ।४२। मनुष्यों में वह स्नेह सम्बन्ध प्रायः समान स्थिति वाले के साथ ही होता है अतः धन, शील सदाचार एवं कुल में समान के साथ ही स्नेह सम्बन्ध भी करना चाहिए ।४३। इन सब बातों को जानकर विद्वान् पुरुष को मित्रता एवं विवाह सम्बन्ध सर्वदा समान स्थिति वाले के साथ ही करना चाहिये । उत्तम अथवा नीच स्थिति वाले के साथ नहीं ।४४

श्री भविष्यमहापुराण के ब्राह्मपर्व में स्त्रीलक्षण एवं सदाचार वर्णन नामक छठाँ अध्याय समाप्त ।६।

क्षत्रस्यापि सवर्णा स्यात्प्रथमा द्विजसत्तमाः । द्वे चावरे तथा प्रोक्ते कामतस्तु न धर्मतः ॥४
वैश्यस्यैका वरा प्रोक्ता सवर्णा चैव धर्मतः । तथावरा कामतस्तु द्वितीया न तु धर्मतः ॥५
शूद्रैव[1] भार्या शूद्रस्य धर्मतो मनुरब्रवीत् । चतुर्णामपि वर्णानां परिणेता द्विजोत्तमः ॥६
न ब्राह्मणक्षत्रिययोरापद्यपि हि तिष्ठतोः । कस्मिंश्चिदपि वृतान्ते शूद्रा भार्योपदिश्यते ॥७
हीनजातिस्त्रियं मोहादुद्वहन्तो द्विजातयः । कुलान्येव नयन्त्याशु ससन्तानानि शूद्रताम् ॥८
शूद्रमारोप्य वेद्यां[2] तु पतितोत्रिर्बभूव ह । उतथ्यः पुत्रजननात्पतितत्वमवाप्तवान् ॥९
शूद्रस्य पुत्रमासाद्य शौनकः शूद्रतां गतः । भृग्वादयोप्येवमेव पतितत्वमवाप्नुयुः ॥१०
शूद्रां शयनमारोप्य ब्राह्मणो यात्यधोगतिम् । जनयित्वा सुत तस्यां ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥११
देवपित्र्यातिथेयानि तत्प्रधानानि यस्य तु । नादन्ति पितरो देवाः स च स्वर्गं न गच्छति ॥१२
वृषलीफेनपीतस्य निःश्वासोपहतस्य च । तस्यां चैव प्रसूतस्य निष्कृतिर्न विधीयते ॥१३
चतुर्णामपि विप्रेन्द्राः प्रेत्येह च हिताहितम् । समासतो ब्रवीम्येष विवाहाष्टकमुत्तमम् ॥१४
ब्राह्मो दैवस्तथा चार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः । गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः ॥१५

---

द्विजवर्य वृन्द ! इसी प्रकार क्षत्रिय के लिए भी धर्मानुसार क्षत्रिय कन्या के साथ विवाह संस्कार करना प्रशस्त बतलाया गया है कामवश दो अन्य वर्ण वालों वैश्यों तथा शूद्रों के साथ भी उसे विवाह करने का विधान बतलाया गया है पर धर्मानुसार नहीं ।४। वैश्य के लिए सवर्ण कन्या के साथ विवाह करने का विधान है, उसे केवल एक वर्ण शूद्र की कन्या के साथ कामवश विवाह करने का विधान है धर्मानुमोदित नहीं ।५। शूद्र की स्त्री को शूद्रकुलोत्पन्ना ही होना चाहिये—ऐसा मनु ने बतलाया है। उत्तम द्विज ब्राह्मण, चारों वर्णों की कन्याओं के साथ विवाह करने का अधिकारी है ।६। किन्तु महान् आपत्ति काल में भी किसी परिस्थिति में ब्राह्मण एवं क्षत्रिय को शूद्र कुलोत्पन्न कन्या को स्त्री नहीं बनाना चाहिये ।७।
द्विजादि वर्ण अज्ञानवश हीन कुलोत्पन्न स्त्रियों के साथ विवाह करके सन्ततियों समेत अपने कुल को भी

ये यस्य धर्मा वर्णस्य गुणदोषौ च यस्य यौ । शृणुध्वं तद्द्विजश्रेष्ठाः प्रसवे च गुणागुणम् ॥१६
विप्रस्य[1] चतुरः पूर्वान्क्षत्रस्य चतुरोऽवरान् । विट्शूद्रयोस्तु त्रीनेव विद्याद्धर्मानराक्षसान् ॥१७
चतुरो ब्राह्मणस्याद्यान्प्रशस्तान्कवयो विदुः । राक्षसं क्षत्रियस्यैकमासुरं वैश्यशूद्रयोः ॥१८
क्षत्रियाणां त्रयो धर्म्या द्वावधर्म्यौ[2] स्मृताविह । पैशाचश्चासुरश्चैव न कर्त्तव्यौ कथञ्चन ॥१९
पृथक्पृथग्वा मिश्रौ वा विवाहौ पूर्वचोदितौ । गान्धर्वो राक्षसश्चैव धर्म्यौ क्षत्रस्य तौ स्मृतौ ॥२०
आच्छाद्य चार्चयित्वा तु श्रुतशीलवते स्वयम् । आहूय दानं कन्याया ब्राह्मो धर्मः प्रकीर्तितः ॥२१
वितते चापि यज्ञे तु कर्म कुर्वति चार्त्विजि । अलङ्कृत्य सुतादानं दैवो धर्म उदाहृतः ॥२२
एकं गोमिथुनं द्वे वा वरादादाय धर्मतः । कन्याप्रदानं विधिवदार्षीयो धर्म उच्यते ॥२३
सहोभौ चरतं धर्ममिति वाचानुभाष्य तु । कन्याप्रदानमभ्यर्च्य प्राजापत्यविधिः स्मृतः ॥२४
ज्ञातिभ्यो द्रविणं दत्त्वा कन्यायाश्चैव शक्तितः । कन्याप्रदानं स्वच्छन्दादासुरो धर्म उच्यते ॥२५
इच्छयान्योऽन्यसंयोगः कन्यायाश्च वरस्य च । गान्धर्वः स विधिर्ज्ञेयो मैथुन्यः कामसम्भवः ॥२६

---

जिस वर्ण का जो विवाह कहा गया है उनकी संतानों में दोष हैं, उन्हें आप सुने ! ।१६। ब्राह्मणों के लिए पहले वाले चार (ब्राह्म, दैव, आर्ष एवं प्राजापत्य) विवाह संस्कार प्रशस्त बतलाये गये हैं और क्षत्रिय के लिए पिछले चार असुर, गान्धर्व, राक्षस तथा पैशाच विवाह करणीय है वैश्यों और शूद्रों को राक्षस विवाह छोड़कर पिछले चार विवाहों में से शेष तीन ही विहित माने गये हैं ।१७। पण्डितों ने पूर्व चार विवाहों को ही ब्राह्मणों के लिए प्रशस्त बतलाया है, राक्षस विवाह क्षत्रियों के लिए प्रशस्त माना है असुर विवाह वैश्य और शूद्रों के लिए विहित है ।१८। इस लोक में क्षत्रियों के लिए तीन विवाह धर्मानुमोदित है किन्तु पैशाच और आसुर ये दो विवाह उसके लिए अधर्ममय हैं, अतः किसी भी अवस्था में इन दो विवाहों को उसे नहीं करना चाहिये ।१९। पूर्वकथित दो दो विवाहों को परस्पर सम्मिलित कर के अथवा पृथक् पृथक् करके भी करने का विधान है । गान्धर्व और राक्षस ये दो विवाह क्षत्रियों के लिए धार्मिक बतलाये

हत्वा छित्त्वा च भित्त्वा च क्रोशन्तीं रुदतीं गृहात् । प्रसह्य कन्याहरणं राक्षसो विधिरुच्यते ।।२७

सुप्तां मत्तां प्रमत्तां च रहो यत्रोपगच्छति । स पापिष्ठो विवाहानां पैशाचः कथितोऽष्टमः ।।२८

जलपूर्वं द्विजाग्र्याणां कन्यादानं प्रशस्यते । इतरेषां तु वर्णानामितरेतरकाम्यया ।।२९

यो यस्यैषां विवाहानां विभूनां कीर्तितो गुणः । तं निबोधत वै विप्राः सम्यक्कीर्तयतो मम ।।३०

कुलानि दश पूर्वाणि तथान्यानि दशैव तु । स हि तान्यात्मना चैव मोचयत्येनसो ध्रुवम् ।।३१

ब्राह्मीपुत्रः सुकृतकृद्दैवोढाजं सुतं शृणु । दैवोढाजः सुतो विप्राः सप्त सप्त परावरान् ।।
आर्षोढाजः सुतः स्त्रीणां पुरुषांस्तारयेद्द्विजाः ।।३२

ब्राह्मादिषु विवाहेषु चतुर्ष्वेवानुपूर्वशः । ब्रह्मवर्चस्विनः पुत्रा जायन्ते शिष्टसम्मताः ।।३३

रूपसत्त्वगुणोपेता धनवन्तो यशस्विनः । पुत्रवन्तोऽथ धर्मिष्ठा जीवन्ति च शतं समाः ।।३४

इतरेषु निबोधध्वं नृशंसानृतवादिनः । जायन्ते दुर्विवाहेषु ब्रह्मधर्मद्विषः[1] सुताः ।।३५

अनिन्दितैः स्त्रीविवाहैरनिन्द्या भवति प्रजा । निन्दितैर्निंदिता नृणां तस्मान्निन्द्यान्विवर्जयेत् ।।३६

करग्रहणसंस्काराः सवर्णासु भवन्ति वै । असवर्णास्वयं ज्ञेया विधिरुद्वाहकर्मणि ।।३७

---

।२६। बन्धनों को तोड़कर भवनादि को फोड़ फाड़कर पिता के घर से चिल्लाती रोती हुई कन्या को जबरदस्ती अपने गृह उठा ले जाने को राक्षस विवाह कहते हैं ।२७। एकान्त में सोई हुई मद से उन्मत अथवा प्रमाद से दूषित स्त्री के साथ जो छिपकर समागम किया जाता है वह पापमय आठवाँ पैशाच नामक विवाह कहा गया है ।२८। ब्राह्मण का कन्यादान जल संयुक्त प्रशस्त कहा जाता है अन्य वर्ण वालों में एक दूसरे की इच्छा से चाहे जिस किसी पदार्थ को लेकर किया जा सकता है ।२९। हे विप्रगण ! इन सामर्थ्यशील विवाहों में जिसका जैसा गुण बतलाया गया है उसे मैं अच्छी तरह बतला रहा हूँ सुनिये ।३०। ब्राह्म विवाह से उत्पन्न सत्कर्मपरायण पुत्र दस पूर्वज एवं दस पीछे उत्पन्न होने वाली पीढ़ियों के साथ स्वयं अपने को भी महान पापकर्मों से उबारता है । ऐसा निश्चय मानिये ।३१। अब देव

बाणः क्षत्रियया ग्राह्यः प्रतोदो वैश्यकन्यया । वसनस्य दशा ग्राह्या शूद्रयोत्कृष्टवेदने ॥३८
न कन्यायाः पिता विद्वान्गृह्णीयाच्छुल्कमण्वपि । गृह्णन्हि शुल्कं लोभेन स्यान्नरोऽपत्यविक्रयी ॥३९
स्त्रीधनानि तु ये मोहादुपजीवन्ति बान्धवाः । नारीयानानि वस्त्रं वा ते पापा यान्त्यधोगतिम् ॥४०
आर्षे गोमिथुनं शुल्कं केचिदाहुर्मृषैव[1] तत् । अल्पो वापि महान्वापि विक्रयस्तावदेव सः ॥४१
यासां नाददते शुल्कं ज्ञातयो न स विक्रयः । अर्हणं तत्कुमारीणामानृशंस्यं च केवलम् ॥४२
इत्थं दारान्समासाद्य देशमग्र्यं समावसेत् । ब्राह्मणो द्विजशार्दूल य इच्छेद्विपुलं यशः ॥४३

## ऋषय ऊचुः

को देशः परमो ब्रह्मन्कश्च पुण्यो मतस्तव । प्रवसन्यत्र विप्रेन्द्र यशः प्राप्नोति कञ्जज ॥४४

## ब्रह्मोवाच

न[2] हीयते यत्र धर्मश्चतुष्पात्स कलौ द्विजाः । स देशः परमो विप्राः स च पुण्यो मतो मम ॥४५
विद्वद्भिः सेवितो धर्मो यस्मिन्देशे प्रवर्तते । शास्त्रोक्तश्चापि विप्रेन्द्राः स देशः परमो मतः ॥४६

---

चाहिये—यही विधि जाननी चाहिये ।३७। असवर्ण विवाह के अवसर पर क्षत्रिय कन्या को बाण धारण करना चाहिये वैश्य कन्या को एक चाबुक ग्रहण करना चाहिये । इसी प्रकार उत्कृष्ट जातिवालों के साथ विवाह होते समय शूद्र कन्या को वस्त्र का छोर (अंचल) ग्रहण करना चाहिये ।३८। विद्वान् कन्या पिता को चाहिये कि वह रत्ती भर का किसी प्रकार का शुल्क जामाता से न ग्रहण करे लोभवश शुल्क ग्रहण करने पर वह अपनी सन्तान का विक्रय करता है ।३९। अज्ञान वश जो पिता बन्धु आदि परिवार के लोग कन्या के कारण मिले हुए धन का उपभोग करते हैं अथवा उसके कारण मिले हुए वस्त्र को ब्राह्मणादि धारण करते है वे पापी अधोगति को प्राप्त होते हैं ।४०। कुछ लोगों ने आर्य विवाह में शुल्क रूप में जो गौ के जोड़े देने की प्रथा बतलाई है वह झूठी है चाहे अल्प मात्रा में हो या अधिक मात्रा में हो वह भी एक

## ऋषय ऊचुः

विद्वद्भिःसेवितं धर्मं शास्त्रोक्तं च सुरोत्तम । वदास्मासु सुरश्रेष्ठ कौतुकं परमं हि नः ॥४७

## ब्रह्मोवाच

विद्वद्भिः सेवितः सद्भिर्नित्यमद्वेषरागिभिः । हृदयेनाभ्यनुज्ञातो यो धर्मस्तं निबोधत ॥४८
कामात्मता न प्रशस्ता न वेहास्त्याप्यकामता । काम्यो हि वेदाधिगमः कर्मयोगश्च वैदिकः ॥४९
सङ्कल्पाज्जायते कामो यज्ञाद्यानि च सर्वशः । व्रताः नियमधर्माश्च सर्वे सङ्कल्पजाः स्मृताः ॥५०
कामादृते क्रियाकारी दृश्यते नेह कर्हिचित् । यद्यद्धि कुरुते कश्चित्तत्तत्कामस्य चेष्टितम् ॥५१
निगमो[1] धर्ममूलं स्यात्स्मृतिशीले तथैव च । तथाचारश्च साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च ॥५२
सर्वं तु समवेक्षेत निश्चयं ज्ञानचक्षुषा । श्रुतिप्राधान्यतो विद्वान्स्वधर्मे निवसेत वै ॥५३
श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन्सदा[2] नरः । प्राप्य चेह परां कीर्तिं याति शक्रसलोकताम्[3] ॥५४
श्रुतिस्तु वेदो[4] विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः । ते सर्वार्थेषु मीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्बभौ ॥५५
योऽवमन्येत ते चोभे हेतुशास्त्राश्रयाद्द्विजः । स साधुभिर्बहिष्कार्यो नास्तिको वेदनिन्दकः ॥५६
वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः । एतच्चतुर्विधं विप्राः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ॥५७

---

**ऋषियों ने कहा**—सुरश्रेष्ठ ! देवेश ! विद्वान पुरुषों द्वारा आचरित तथा शास्त्र सम्मत धर्मों को सुनने के लिए हमारे मन में बड़ा कुतूहल हो रहा है कृपया कहिये ।४७।

**ब्रह्मा बोले**—ऋषिवृन्द ! राग द्वेष विहीन सद् विद्वान् पुरुषों द्वारा आचरित एवं अपने हृदयानुमत धर्म को मैं बतला रहा हूँ सुनिये ।४८। इस लोक में फल की इच्छा कर के कर्मों को प्रारम्भ करने की विधि प्रशस्त नहीं मानी गई है और न इच्छा रहित कर्मों की ही प्रशंसा की गई है क्योंकि काम्य कर्मों का विधान भी वेदानुमत है और निष्काम कर्मयोग भी वैदिक है ।४९। संकल्प से कामना की उत्पत्ति होती है यज्ञादि कार्यों में सर्वत्र इस संकल्प का अस्तित्व रहता है यही नही व्रत, नियम एवं अन्य धर्म कार्य भी संकल्प से उत्पन्न होने वाले कहे जाते हैं ।५०। इस लोक में कहीं पर इच्छा अथवा कामना के बिना किसी कर्म में

धर्मज्ञानं भवेद्विप्रा अर्थकामेष्वसज्जताम् । धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणान्नैगमं परम् ॥५८
निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः । अधिकारो भवेत्तस्य वेदेषु च जपेषु च ॥५९
सरस्वतीदृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम्[1] । तदेव निर्मितं देशं ब्रह्मावर्तं प्रचक्षते ॥६०
यस्मिन् देशे य आचारः पारम्पर्यक्रमागतः । वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते ॥६१
कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पञ्चालाः शूरसेनयः । एष ब्रह्मर्षिदेशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरम् ॥६२
एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः । स्वं स्वं चरित्रं शिक्षन्ति पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥६३
हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्ये यत्प्राग्विनशनादपि । प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्तितः ॥६४
आ समुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात् । तयोरेवान्तरं गिर्योरार्यावर्त्तं विदुर्बुधाः ॥६५
अटते यत्र कृष्णा गौर्मृगो नित्यं स्वभावतः । स ज्ञेयो याज्ञिको देशो म्लेच्छदेशस्त्वतः परः ॥६६
एतान्नित्यं शुभान्देशान्संश्रयेत द्विजोत्तमः । यस्मिन्कस्मिंश्च निवसेत्पादजो[2] वृत्तिकर्शितः ॥६७
प्रकीर्तितेयं धर्मस्य बुधैर्योनिर्द्विजोत्तमाः । सम्भवश्चास्य सर्वस्य समासान्न तु विस्तरात् ॥६८

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि विवाहधर्मवर्णनं
नाम सप्तमोऽध्यायः ।७।

---

एवं काम में अतिशय अनुरक्त न रहने वाले और वास्तविक धर्म को जानने के लिए इच्छुक लोगों को ही धर्म का वास्तविक ज्ञान होता है । ऐसे लोगों के लिए सभी प्रमाणों में निगमों अर्थात् वेदों का प्रमाण सर्वश्रेष्ठ माना गया है ।५८। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि क्रिया तक के सारे संस्कार जिसके लिए मंत्रोच्चारण पूर्वक विहित माने गये हैं । उसी का अधिकार वेदों में और जपों में भी माना गया है ।५९। सरस्वती और दृषद्वती नामक देव नदियों के बीच की जो भूमि है, वह पवित्र देश ब्रह्मावर्त के नाम से कहा जाता है ।६०। जिस देश में जो आचार व्यवहार पुरातन काल से परम्परा में बद्ध होकर चले आते हों, वे ही उस देश के रहने वाले चारों वर्णों के तथा वर्ण संकरों के सदाचार कहे जाते है ।६१। कुरुक्षेत्र मत्स्य पंचाल और सूरसेन ये ब्रह्मावर्त के बाद ब्रह्मर्षियों के प्रदेश कहे गये हैं ।६२। [illegible]

# अथाष्टमोऽध्यायः

## विवाहधर्मेषु स्त्रीविषये नरवृत्तवर्णनम्

### ब्रह्मोवाच

कर्तव्यं यद्गृहस्थेन तदिदानीं निबोधत । गदतो द्विजशार्दूल विस्तराच्छास्त्रतस्तथा ॥१

वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गृह्यं कर्म यथाविधि । शुभदेशाश्रयश्चैव पत्नी वैवाहिकी गृहे ॥२

स्वाश्रयेण विना शक्यं न यस्माद्रक्षणादिकम् । वित्तानामिव दाराणामतस्तद्विधिरुच्यते ॥३

हेतवो हि त्रिवर्गस्य विपरीतास्तु[1] मानद । अरक्षणाद्भवन्त्यस्मादमीषां रक्षणं मतम् ॥४

निसर्गात्पुंस्यसन्तोषाद्गुणदोषविमर्षतः । दुष्टानां चापि संसर्गाद्रक्ष्या एव च योषितः ॥५

पुरुषस्थानवेश्मानि त्रिविधं प्राहुराश्रयम् । वित्तानां रक्षणाद्यर्थमपूर्वाधिगमाय च ॥६

कुलीनो नीतिमान्प्राज्ञः सत्यसन्धो दृढव्रतः । विनीतो धार्मिकस्त्यागी[2] विज्ञेयः पुरुषाश्रयः ॥७

नगरे खर्वटे खेटे ग्रामे चापि क्रमागते । यात्रावशाद्वा निवसेद्धार्मिकाद्यजनान्विते ॥८

---

# अध्याय ८

## स्त्रियों के दुष्ट और अदुष्ट स्वभाव की परीक्षा के साथ समुचित व्यवहार कथन तथा मानव चरित्र वर्णन

ब्रह्मा बोले—द्विजशार्दूल ! अब इसके उपरान्त गृहस्थाश्रम में निवास करने वालों को जो जो कुछ करना चाहिये शास्त्र सम्मत उन समस्त गृहस्थ कर्तव्यों को मैं विस्तारपूर्वक बतला रहा हूँ सुनिये ।१।

गुरुणानुमतस्तत्र ग्रामण्यादिजनेन वा । प्रतिवेश्माद्यबाधेन शुद्धं कुर्यान्निवेशनम् ॥९
द्वारचत्वरशालानां[1] सर्वकारुकवेश्मनाम् । द्यूतसूनासुरावेशनटराजानुजीविनाम् ॥१०
पाखण्डदेववीथीनां राजमार्गकुलस्य च । दूरात्सुगुप्तं कर्तव्या जीविका विभवोचिता ॥११
सापिधानैकनिष्काशं शुद्धपृष्टं समन्ततः । सद्वृत्ताप्तजनाकीर्णमदुष्टप्रातिवेशिकम् ॥१२
प्रागुदक्प्रवणे देशे वास्तुविद्याविधानतः । प्रविभक्तक्रियाकाङ्क्षं सर्वर्तुकमनोहरम् ॥१३
अर्चास्नानोदकागारगोष्ठागारमहानसैः । युक्तं गोवाजिशालाभिः सदासीभृत्यकाश्रयैः ॥१४
बहिरन्तः पुरस्त्रीकं सर्वोपकरणैर्युतम् । विभक्तशयनोद्देशमाप्तवृद्धैरधिष्ठितम् ॥१५
अरक्षणाद्धि दाराणां वर्णसङ्करजादयः । दृष्टा हि बहवो दोषास्तस्माद्रक्ष्याः सदा स्त्रियः ॥१६
न ह्यासां प्रमदं दद्यान्न स्वातन्त्र्यं न विश्वसेत् । विश्वस्तवच्च चेष्टेत न्याय्यं भर्त्सनमाचरेत् ॥१७
नाधिकारं क्वचिद्दद्यादृते पाकादिकर्मणः । स्त्रीणां ग्रामीणवत्ता हि भोगायालं सुशासिता ॥१८
नित्यं तत्कर्मयोगेन ताः कर्तव्या निरन्तराः । इत्येवं सर्वदाः व्याप्तेः स्यादविघ्ननिराश्रया ॥१९

---

समझना चाहिये ।८। इन उपर्युक्त स्थानों में से किसी एक में गुरुजनों की अनुमति तथा प्रमुख लोगों की सहायता प्राप्त कर पड़ोसियों को किसी प्रकार की असुविधा न देते हुए निर्दोष निवास का निर्माण करना चाहिए ।९। प्रवेश द्वार, चौराहा, राजभवन सभी प्रकार के कारीगरों के मकान द्यूतकर्म में निरत रहने वालों के निवास हिंसक प्रवृत्ति वालों के निवास वेश्या नट एवं राजकर्मचारियों के निवास पाखण्डी लोगों के आवास देवमन्दिर की गली राजमार्ग एवं राजाकुल के लोगों के निवास स्थल से बहुत दूर, अपनी शक्ति के अनुसार सुरक्षित जीविका बनानी चाहिए ।१०-११। छाजयुक्त एक द्वार वाले भवन का जो चारों ओर से स्वच्छ दिखाई पड़े, निर्माण करना चाहिये वह ऐसे स्थान पर हो जिसके चारों ओर सच्चरित्र तथा आप्त लोगों की बस्ती हो, विशेपतया पड़ोसी दुष्ट स्वभाव वाले न हो ।१२। भवन का निर्माण ऐसी जमीन में करना चाहिए जो पूर्व अथवा उत्तर की ओर ढालू हो, वास्तु विद्या के अनुसार उसका इस प्रकार से निर्माण होना चाहिए जिसमें प्रत्येक कार्यों के लिए अलग-अलग सभी ऋतुओं में मनोहर कमरे बन सकें। जैसे पूजा गृह (देवगृह) स्नानगृह, जलागार, गोशाला, रसोई घर, अश्वशाला, दासी एवं

**दौर्गत्यमतिरूपं[1] चाप्यसत्सङ्गः स्वतन्त्रता । पानाशनकथागोष्ठीप्रियत्वाकर्मशीलता[2] ॥२०**
**कुहकेक्षणिकामुण्डाभिक्षुकीसूतिकादिभिः । गोप्रसङ्गैस्तथा [3]सद्भिर्लिङ्गियाचकशिल्पिभिः ॥२१**
**संवाहोद्यानयात्रासूद्यानेष्वामन्त्रणादिषु । प्रसङ्गस्तीर्थयात्रार्थं धर्मेषु प्रकटेषु च ॥२२**
**विप्रयोगः सदा भर्त्रा तज्ज्ञातिकुलनिःस्वता । असाधुर्यकदर्यत्वे भृशं पुंसां च वाच्यता ॥२३**
**अतिक्रौर्यमतिक्षान्तिरत्यन्ताभीतिपातनम् । स्त्रीभिर्जितत्वमत्यर्थं सत्यं तास्ताः सदोषताः ॥२४**
**स्त्रीणां[4] पत्युरधीनत्वात्पुमानेव हि निन्द्यते । भर्तुरेव हि तज्जाड्यं यद् भृत्यानामयोग्यता ॥२५**
**तस्माद्यथोदितास्त्वेता रक्ष्याः शासनताडनैः । ताडनैश्च यथाकालं यथावत्समुपाचरेत् ॥२६**
**परिगृह्य बहून्दारानुपचारैः समो भवेत् । यथाक्रमोचितैः कर्म दानसत्कारवासनैः ॥२७**
**प्रथमोऽभिजनो धर्मो योग्यत्वं च सुवृत्तता । पक्षे वित्तं विशेत्स्त्रीणां मानस्तत्कारणं तथा ॥२८**
**तस्मान्मानो न कर्तव्यो हेयश्चापि न तत्कृतः । गुरुत्वे लाघवे वापि सतां कार्यं निबन्धनम् ॥२९**
**आकस्मिके प्रयुञ्जानः प्रेक्षावान्मानलाघवे । स यत्किञ्चनकारित्वाच्चाप्यमेवैति लाघवम् ॥३०**

---

जाता है।१९। घर मे दुर्गति (दरिद्रता) अत्यन्त सुन्दर रूप असज्जनों की संगति, स्वतंत्रता, मधुपान, सुन्दर भोजन, कथा एवं गोष्ठी को अधिक पसन्द करने की आदत बिना, किसी काम के बैठे रहना, मेला आदि में जाने की विशेष रुचि, भिक्षुकी, कुटनी, नटी, दाई आदि दुष्ट स्त्रियों की संगति, संन्यासी, भिक्षुक, शिल्पकार एवं असत्पुरुषों की संगति अथवा अधिक समागम, वाहन पर आरोहण, उद्यान, क्रीड़ा यात्रा तथा निमंत्रणादि में शरीक होना तीर्थयात्रा एवं धर्म कार्य के प्रसंग से बहुत बाहर घूमना सर्वदा पति का वियोग जाति अथवा कुल की निर्धनता रूखा व्यवहार, कायरता तथा पति की सर्वदा निन्दा सुनते रहना, अतिशय क्रूरता अतिशय शान्ति अतिशय भय एवं अतिशय पतन तथा तुरन्त पराजित होने की अशक्ति ये सब स्त्रियों के लिए परम दोषकारी कारण है।२०-२४। स्त्रियों के अधीन रहने वाला पति निन्दा का पात्र होता है यह भी स्वामी की अयोग्यता अथवा मूर्खता का परिचय है जो उसके नौकर

यथा मानापमानौ हि प्रयुज्येतानिमित्ततः । तन्निमित्ता जनत्यागे प्रयतन्ते तदाश्रिताः ॥३१
एतदेव ह्यपत्यानां[1] ज्ञेयं माननकारणम् । यत्स्वापत्यनिमित्तेषु[2] प्रधाने कुलयोग्यते ॥३२
तत्संयोगात्सुखं पुंसां महद्दुःखं वियोगतः । तत्प्राप्तिः प्रति हातव्या स्वार्थायैव प्रियाण्यपि ॥३३
अतः स्वार्थैकनिष्ठोऽयं लोकः सर्वोऽवसीयते । तत्प्रसिद्धिर्भवेदस्तमानाद् भ्रान्तिविधायकः ॥३४
ततो दारादिका भृत्या नियन्तव्यास्तथा द्विजा । यथेहामुत्र वा श्रेयः प्राप्नुयादुत्तरोत्तरम् ॥३५
स्त्रीणां धर्मार्थकामेषु नातिसन्धानमाचरेत् । तासां तेष्वभिसन्धानाद्भवेदात्माभिसंहितः ॥३६
जायात्वर्धं शरीरस्य नृणां धर्मादिसाधने । नातस्तासु व्यथां काञ्चित्प्रतिकूलं समाचरेत् ॥३७
यज्ञोत्सवादौ नाकस्मात्काञ्चिदासां विशेषयेत् । वस्त्रताम्बूलदानादौ प्रतिपत्तौ समो भवेत् ॥३८
प्रियाप्रियत्वं भेदो हि कामतस्तु रहोगतः । उपचारैः पुनर्वाक्यैस्तुल्यवृत्तिः प्रशस्यते ॥३९
आर्तवे तु पुनः सर्वा उपगम्याः प्रिया इव । पूर्वाभिजातधर्मार्था पुत्रिणी चोत्तरोत्तरम् ॥४०
उदग्गच्छेदनेनैव विधिना नित्यमार्तवे । तुल्यवृत्तिर्यथाकालं स्वं स्वं वासमखण्डयन् ॥४१

---

हैं ।३०। जिस प्रकार बिना किन्हीं कारणों से मान एवं अपमान का प्रयोग होता है और उसके आश्रय में रहने वाले लोग उन्हीं कारणों से उसके त्याग करने का प्रयत्न करते हैं ।३१। सन्तानों के मान होने में उनकी (माता की) कुल एवं योग्यता की प्रधानता है ।३२। उनके संयोग से पुरुष को सुख होता है और उनके वियोग से महान् दुःख होता है । इसलिए स्वार्थ के लिए उसकी प्राप्ति का ही परित्याग करना चाहिए । उसी भाँति तत्सम्बन्धी प्रिय वस्तुओं का भी परित्याग करना चाहिए ।३३। इन्हीं कारणों से स्वार्थपरायण स्त्रीदायक यह सारा संसार विनाश को प्राप्त हो जाता है । विनाश होने से ही उसकी यह प्रसिद्धि होती है ।३४। द्विजवृन्द ! इन्हीं सब कारणों से मनुष्यों को अपने नौकर-चाकर तथा स्त्रियों आदि का अनुशासन पूर्वक नियमन करना चाहिए। जिससे इस लोक तथा परलोक में उत्तरोत्तर कल्याण की प्राप्ति हो ।३५। धर्म, अर्थ एवं काम सम्बन्धी कार्यों में स्त्रियों के साथ प्रवञ्चना नहीं करनी

नित्यपर्यायवासानामपादानमसून्विदुः । ऋतुदुःखं प्रमोदश्च तथा पूर्वं समागतः ॥४२
अन्यया सह यद्दुःखं सदसद्वा रहोगतम् । उत्कण्ठितं वा यत्किञ्चित्सपत्नीषु न तद्वसेत् ॥४३
यत्किञ्चिदन्यसम्बद्धमन्यथा कथितं मिथः । तस्य कुर्यादनिर्वेदमात्मनैव विचिन्तयेत् ॥४४
अन्योऽन्यमत्सराख्यानैर्न ता वाचापि भर्त्सयेत् । गुणदोषौ च विज्ञाय स्वयं कुर्यान्न निष्कलौ ॥४५
वस्त्रालङ्कारभोज्यादौ तदपत्येष्वनुक्रमात् । मातृदोषाननादृत्य तुल्यदृष्टिः पिता भवेत् ॥४६
अन्यस्यान्यगतैर्दोषैर्दूषणं न हि नीतिमत् । यत्तु तेषामपत्यं तु तत्तुल्यमुभयोरपि ॥४७
प्रीतिं द्वेषमभिप्रायं शौचाशौचगतागमान् । बहिरन्तश्च जानीयाद्दास गूढचरैः सदा ॥४८
आत्मानमपि विज्ञाय चित्तवृत्तेरनीश्वरम् । विश्वसेत कथं स्त्रीषु सर्वाविनयधामसु ॥४९
वृद्धदास्यः क्रमायाता धात्र्यश्च परिचारिकाः । तन्मातृपितृकाद्याश्च षण्डवृद्धाश्चरा मताः ॥५०
विविधैस्तत्कथाख्यानैस्तुल्यशीलदयान्वितैः[१] । प्रविश्यान्तरभिप्रायं विद्यात्काले प्रयोजितैः ॥५१
तेषु तेषु कथार्थेषु कथ्यमानेषु लक्षयेत् । मुखाकारादिभिर्लिङ्गैरभिप्रायं मनोगतम् ॥५२

---

पर्याय क्रम से निवास करने को प्राण कहते हैं । ऋतुकालीन दुःख, प्रमोद एवं पूर्व समागम एवं सर्वदा पर्याय क्रम से अविच्छिन्न निवास को प्राण कहते हैं ।४२। एकान्त में एक पत्नी के साथ जो कुछ दुःख सुख अथवा सत् असत् व्यवहार का अनुभव पति को हो अथवा पत्नी के मन में पति के लिए जो उत्सुकता एवं उत्कण्ठा हो, उसका वर्णन सपत्नियों के सामने नहीं करना चाहिये ।४३। एक पत्नी पति से दूसरी सपत्नी के सम्बन्ध में यदि कोई शिकायत की बात एकान्त में कहे तो उसको वहीं पर स्वयं उचित समाधान करके दुःख रहित कर देना चाहिये ।४४। एक दूसरे के प्रति मत्सर भावनाओं का प्रचार नहीं करना चाहिये । कभी वचन द्वारा भी स्त्रियों की भर्त्सना नहीं करनी चाहिये । उनके गुण एवं दोष को भली भाँति जानकर उनके दूर करने एवं बढ़ाने का उपक्रम करना चाहिये ।४५। सभी स्त्रियों की सन्ततियों के साथ वस्त्र अलंकार एवं भोजनादि में माताओं के क्रम से ध्यान रखना चाहिये,माता के दोष को न देखकर पिता को सब की सन्ततियों के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिये ।४६। एक के दोष को दूसरे पर

सोतारुन्धतिसम्बन्धैस्तथा शाकुन्तलादिभिः । सदसच्चरिताख्यानैर्भावं विद्यात्प्रवृत्तितः ।।५३
तद्दुष्टानामदुष्टेषु साधूनामितरेषु च । प्रीतिः कथाप्रबन्धेषु स्यात्सख्यं पुरुषेष्वितः ।।५४
एवमागमदृष्टाभ्यामनुमित्या च तत्त्वतः । स्त्रीणां विदित्वाभिप्रायं वर्तेताशु यथोचितम् ।।५५
स्त्रीभ्यो विप्रतिपन्नाभ्यः प्राणैरपि वियोजनम् । दृष्टं हि च यथा[१] राज्ञामतो रक्षेत्प्रयत्नतः ।।५६
वेण्या गूढेन शस्त्रेण हतो राजा शुभध्वजः । मेखलामणिना देव्या सौवीरश्च नराधिपः ।।५७
भ्रात्रा देवीप्रयुक्तेन भद्रसेनो निपातितः । तथा पुत्रेण कारूषो घातितो दर्पणासिना ।।५८
द्वौ काशिराजौ वै वन्द्यौ चानन्दापुरयोषिता । विषं प्रयुज्य पञ्चत्वमानीतौ पूजितात्मकौ ।।५९
एवमादि महाभागा राजानो ब्राह्मणाश्च ह । स्त्रीभिर्यत्र निपात्यन्ते तत्रान्येष्विह का कथा ।।६०
तस्मान्नित्याप्रमत्तेन जाया रक्ष्याश्च नित्यशः । यथावदुपचर्याश्च गुणदोषानुरूपतः ।।६१
वैषम्यादुपचाराणां विकारैश्चानिमित्तजैः । विशेषेण सपत्नीकैरकस्माच्चापि वेदनैः ।।६२
असम्भागे च वाग्दण्डपारुष्यादप्रसङ्गतः । प्रद्वेषो भर्तरि स्त्रीणां प्रकोपश्चापि जायते ।।६३
ततश्चायाति वार्धक्यमुद्वोढुश्चापि शत्रुताम् । तस्मान्न तान्प्रयुञ्जीत दोषान्दारविनाशकान् ।।६४
न चैताः स्वकुलाचारमधर्मं वापि चाञ्जसा । न गुणांश्चाप्युपेक्षन्ते प्रकृत्या किमु पीडिताः ।।६५

---

यथार्थतः पता लगा लेना चाहिये ।५२। सीता अरुन्धती शकुन्तला आदि के सत् एव असत् चरित्र सम्बन्धी कथओं की ओर प्रवृत्ति से स्त्रियों के मनोगत भावों का पता लगाना चाहिये ।५३। इन कथा प्रबन्धों में आने वाले पुरुषों एवं स्त्रियों के दुष्ट एवं सच्चे स्वभाव वाले पुरुषों एवं स्त्रियों के साथ दुष्ट एवं सच्चे स्वभाव वाली स्त्रियों की विशेष रुचि होती है ।५४। इस प्रकार शास्त्र (शब्द प्रमाण), प्रत्यक्ष और अनुमान एवं युक्ति से स्त्रियों के वास्तविकता का पता लगाकर उनके साथ शीघ्र ही वैसा व्यवहार भी करना चाहिये ।५५। विरोध भावना रखने वाली स्त्रियों के कारण कितने राजाओं का भूतकाल में प्राणत्याग तक होता देखा गया है अतः उनसे सर्वदा सतर्कता पूर्वक अपनी रक्षा करनी चाहिये ।५६। केशपाश में छिपे हुए शस्त्र से राजा शुभध्वज मारे गये । अपनी स्त्री की मेखला मणि से सौवीर नरेश का प्राणान्त हुआ ।५७। अपनी ही स्त्री की प्रेरणा से राजा भद्रसेन भाई द्वारा मारे गये इसी प्रकार कारुष

सतीत्वे प्रायशः स्त्रीणां प्रदृष्टं कारणत्रयम् । परपुंसामसम्प्रीतिः प्रिये प्रीतिः स्वरक्षणे ॥६६
तस्मात्सुरक्षिता नित्यमुपचारैर्यथोचितैः । सुभृता[१] नित्यकर्माणः कर्तव्या योषितः सदा ॥६७
उत्तमां सामदानाभ्यां मध्यमाभ्यां तु मध्यमाम् । पश्चिमाभ्यामुभाभ्यां च अधमां सम्प्रसाधयेत् ॥६८
भेददण्डौ प्रयुज्यापि प्रागपत्याद्यपेक्षया । तच्छिष्टानां तदा पश्चात्सामदानप्रसाधने ॥६९
यास्तु विध्वस्तचारित्रा भर्तुश्चाहितकारिकाः । त्याज्या एवं स्त्रियः सद्भिः[२] कालकूटविषोपमाः ॥७०
इष्टाः[३] कुलोद्गताः साध्व्यो विनीताभर्तृवत्सलाः । सर्वदा साधनीयास्ताः सम्प्रदायोत्तरोत्तरैः[४] ॥७१
एवमेव यथोद्दिष्टं स्त्रीवृत्तं योऽनुतिष्ठति । प्राप्नोत्येव स सम्पूर्णं त्रिवर्गं[५] लोकसम्भवम् ॥७२

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि विवाहधर्मेषु
स्त्रीविषये नरवृत्तवर्णनं नामाष्टमोऽध्यायः ।८।

# अथ नवमोऽध्यायः

## आगमप्रशंसावर्णनम्

### ब्रह्मोवाच

एवं स्त्रीषु मनुष्याणां वृत्तिरुक्ता समासतः । साम्प्रतं च मनुष्येषु स्त्रीणां समुपदिश्यते ॥१

---

रखेंगी ।६५। स्त्रियों के सती होने में प्रायः तीन कारण देखे जाते हैं, पारकीय पुरुष के साथ समागम होने का अभाव अपने पति में विशेष्य प्रीति और अपनी रक्षा ।६६। इसलिए यथोचित सत्कारादि द्वारा सर्वदा स्त्रियों की रक्षा करनी चाहिए । उन्हें सर्वदा अन्तःपुर में सुरक्षित एवं निरन्तर क्रियाशील बनाना चाहिए ।६७। उत्तम स्वभाव वाली स्त्री को साम एवं दान से सन्तुष्ट रखना चाहिये । इसी प्रकार मध्यम स्वभाव वाली स्त्री को दान एवं यथावसर दण्ड के द्वारा वश में रखना चाहिये । अधम स्वभाव वाली स्त्री के लिए दण्ड एवं भेद से काम लेना चाहिये ।६८। ऐसी अधम स्वभाव वाली स्त्री को पहले दण्ड एवं भेद द्वारा दण्डित करके बच्चों की रक्षा आदि के लिए कुछ दिनों के बाद पुनः साम दान का प्रयोग करना चाहिये ।६९। उनमें जो अत्यन्त दुष्ट चरित्र एवं पति का अकल्याण सोचने वाली हों उन स्त्रियों को सत्पुरुष कालकूट विष के समान

**सम्यगाराधनात्पुंसां रतिर्वृत्तिश्च योषितः । पुत्राः स्वर्गाद्यभीष्टं च तस्मादिष्टो हि तद्विधिः ।।२**
**कर्तव्यं नाम यत्किञ्चित्सर्वं [1]विधिमपेक्षते । व्यक्तिमायाति वैफल्यं तदेवारब्धमन्यथा ।।३**
**विध्यपेक्षीणि सर्वाणि कार्याण्यविफलान्यपि[2] । हेतुभूतास्त्रिवर्गस्य महारम्भा विशेषतः ।।४**
**सर्वसाध्याविधिज्ञानमागमैकनिबन्धनम् । साध्यं दृष्टमदृष्टं च द्वयं विधिनिषेधयोः ।।५**
**शास्त्राधिकारो न स्त्रीणां न ग्रन्थानां च धारणे । तस्मादिहान्ये मन्यन्ते तच्छासनमनर्थकम् ।।६**
**आगमैकक्रियायोगे स्त्रीणामप्यधिकारिता । मृते भर्तरि साध्वी स्यादित्यादौ स्मृतिभाषितम् ।।७**
**तस्मात्कार्यमकार्यं वा विज्ञाय प्रभुरागमात् । गुणदोषेषु ताः सम्यक्छास्ति राजा प्रजा इव ।।८**
**सत्येव प्रमदाः काश्चिद्विशेषाधिगतागमाः । यत्तु शास्त्राधिकारित्वं वचनं स्यान्निरर्थकम् ।।९**
**केचिद्वेदविदो विप्राः कृत्यैर्वेषक्रियापराः । तथापि[4] जातिमात्रेण त एवात्राधिकारिणः ।।१०**
**क्रियन्ते वेदशास्त्रज्ञैः प्रयोगाः शास्त्रलौकिकाः ।स्थितमेषामदूरेऽपि शास्त्रमेव निबन्धनम् ।।११**
**व्याधधीवरगोपालप्रभृतीनां च दृश्यते । विष्टघ्नं गारकसौर्यादिदिनानां परिवर्जनम् ।।१२**
**गम्यागम्यादिकार्येयं नियताचारसंस्थितिः । लोकानां शास्त्रवाक्यानां प्राणाः स्वेष्टनिबन्धनाः ।।१३**

---

अब पुरुषों के प्रति किये जाने वाले स्त्रियों के व्यवहारों का वर्णन कर रहा हूँ, सुनिये।१। पति की भली भाँति आराधना करने ही से स्त्रियों को रति, जीविका पुत्र, स्वर्ग, एवं अन्यान्य दुर्लभ पदार्थों की प्राप्ति होती है, अतः विधिपूर्वक पति की आराधना करना ही उनके लिए कल्याणकर है ।२। संसार में जो कुछ कर्त्तव्य है वे सब विधान की अपेक्षा रखते हैं, विधान के विपरीत आरम्भ करने से उस कार्य की विफलता स्पष्ट दिखाई देती है ।३। विधिविहित होने के नाते सारे कार्य-कलाप सफल होते हैं यदि वे विशेष सतर्कता पूर्वक प्रारम्भ किये जायँ तो इस लोक में त्रिवर्ग (धर्मार्थकाम) के कारण होते हैं ।४। सब प्रकार के कार्यों एवं उनके विधि निषेधों का ज्ञान एकमात्र शास्त्र से ही होता है । विधि एवं निषेध के दृष्ट और अदृष्ट दोनों ही साध्य हैं ।५। किन्तु स्त्रियों को शास्त्र (वेद) में अधिकार नहीं है और न उनके ग्रन्थों के पढ़ने का ही अधिकार है । इसीलिए उनके संबंध में शासन (उपदेश) देना व्यर्थ मानते हैं ।६। एकमात्र शास्त्रीय कार्य (यज्ञादि) में स्त्रियों का पति के साथ रहने का अधिकार है । पति के मर जाने पर स्त्रियों को सदाचार परायण होना चाहिए-इत्यादि विषयों में स्मृतियों का समर्थन है ।७। पति को चाहिए कि

तस्माच्चतुर्णां वर्णानामाश्रमाणां च सर्वशः । मुख्यगौणादिभेदानां ज्ञेया शास्त्राधिकारिता ॥१४
पौर्वापर्यं तु विज्ञातुमशक्यं लोकशास्त्रयोः । तच्छास्त्रमेव मन्तव्यं यथा कर्मशरीरवत् ॥१५
आगमे च पुराणे च द्विधैव नास्तिकग्रहम् । मार्गं महद्भिराचीर्णं प्रपद्येताविकल्पधीः ॥१६
मूलं गृहस्थधर्माणां यस्मान्नार्यः पतिव्रताः । तस्मादासां प्रवक्ष्यामि भर्तुराराधने विधिम् ॥१७

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि
आगमनप्रशंसानाम नवमोऽध्यायः ।९।

# अथ दशमोऽध्यायः

## स्त्रीदुराचारवर्णनम्

### ब्रह्मोवाच

आराध्यानां हि सर्वेषामयमाराधने विधिः । चित्त[1] ज्ञानानुवृत्तिश्च हितैषित्वं च सर्वदा ॥१
कन्या पुनर्भूर्वेश्या च त्रिविधा एव योषितः । प्रिया मध्याप्रिया चैव योग्या मध्येतरा तथा ॥२

---

पर निर्भर रहते हैं ।१३। इसलिए चारों वर्णों एवं आश्रमों में रहने वाले का शास्त्रों पर मुख्य एवं अमुख्य रूप से अधिकार जानना चाहिए ।१४। कर्म और शरीर की भाँति लोक-व्यवहार एवं शास्त्र इन दोनों में कौन पहले का है, कौन बाद का है यह जानना अति कठिन है इसलिए शास्त्र को ही (सबका आधार) मानना चाहिए ।१५। वेदों एवं पुराणों में नास्तिकता का ज्ञान दो ही प्रकार से होता है। अतएव सत्पुरुषों द्वारा अंगीकृत मार्ग को बिना किसी विकल्प (संदेह) के ग्रहण करना चाहिये ।१६। गृहस्थाश्रम के समस्त धर्मकार्यों की मूलस्वरूप पतिव्रता स्त्रियाँ होती हैं अतः इनको अपने पति की आराधना किस प्रकार करनी चाहिए इसकी विधि बतला रहा हूँ ।१७

समा श्रेष्ठा च नीचा च भूयोपि त्रिविधाः पुनः । पूर्ववत्परयोर्वृत्तिरिष्टानुक्त्या[१] प्रियाप्रिये ।।३
अधमाप्रिययोरत्र पतिपत्न्यादिका मता । निषिद्धानां तु भक्ष्यादि तद्धि यत्नाद्विधीयते ।।४
एकद्वित्वबहुत्वाद्या[२] ये भेदाः समुदाहृताः । ज्येष्ठादिवृत्ते वक्ष्यामस्तानशेषान्द्विजोत्तमाः ।।५
वृत्तं च द्विविधं स्त्रीणां बाह्यमाभ्यन्तरं तथा । भर्तुरन्यजने बाह्यं तस्याः शारीरमान्तरम् ।।६
ज्ञातीतरविभागेन तद्बाह्यं द्विविधं पुनः । पूज्यं तुल्यं कनिष्ठं च तत्प्रत्येकं पुनस्त्रिधा ।।७
रहोरतं प्रकाशं च शारीरमपि तत्त्रिधा । भर्तुश्चित्तानुकूल्येन प्रयोक्तव्यं यथोचितम् ।।८
माता पिता स्वसा भ्राता पितृव्याचार्यमातुलाः । सभार्या[३] भगिनी भर्ता भर्तृमातृपितृष्वसा ।।९
धात्री वृद्धाङ्गनादिश्च यस्तत्राप्ता समो जनः । प्रथमोढा सपत्नी च स्त्रीणां मान्यतमो गणः[४] ।।१०
एषामेव त्वपत्यादिभगिनीभ्रातरस्तथा । कनिष्ठा भर्तुरित्यादिभार्याश्चाप्तसमो मतः ।।११
हीनोऽन्यः शासनीयस्तु तत्र तावन्न विद्यते । योग्यता सुतसौभाग्यैर्न यावत्स्यात्प्रतिष्ठिता ।।१२
यत्रापि गुरु भर्तॄणामानुकूल्येन सर्वदा । वृत्तिः प्रशस्यते स्त्रीणां पूजाचाराविरोधिनी[५] ।।१३

---

उससे अधिक करती हैं पर शेष कार्यों में पुत्रादि उत्पन्न करने में अथवा गृहस्थी के अन्य कार्यों में ये दोनों भी उसी के समान होती हैं।२-३। इस लोक में उन अधम एवं अप्रिय दम्पति में भी पति-पत्नी का व्यवहार माना जाता है निषिद्धों में जो भक्ष्य आदि हैं। द्विजवृन्द ! इनका फलपूर्वक विधान करते हैं।४। ज्येष्ठ आदि के कार्यों प्रसंग में उन सबको मैं बतलाऊँगा। जो एक दो एवं अनेक भेद (स्त्रियों के) कहे गये हैं स्त्रियों के मुख्यतः व्यवहार होते हैं।५। एक अभ्यन्तर दूसरा बाह्य पति को छोड़कर दूसरे जितने भी मनुष्य हैं उन सबके साथ किये जाने वाले व्यवहार को बाह्य कहते हैं। अपने शरीर सम्बन्धी जितने कार्य होते हैं उन सब को आभ्यन्तर कहते हैं।६। जाति बिरादरी वालों के साथ एवं अन्य सर्वसामान्य लोगों के साथ दो प्रकार के व्यवहारों के कारण बाह्य व्यवहार के भी दो भेद हो गये। उनमें भी पूज्य, तुल्य, एवं कनिष्ठ लोगों के साथ (होने वाले व्यवहारों के कारण) उक्त दोनों भेदों में से प्रत्येक

देवरैः पतिमित्रैश्च परिहासक्रियोचितैः । विविक्तदेशावस्थानं वर्जयेदिति नर्म च ॥१४
प्रायशो हि कुलस्त्रीणां शीलविध्वंसहेतवः । दुष्टयोगो रहो नित्यं स्वातन्त्र्यमतिनर्मता ॥१५
दुष्टसङ्गे त्वरा स्त्रीणां युवभिर्नर्म नोचितम् । निर्भेषता स्वतन्त्राणां साफल्यं रहसि व्रजेत् ॥१६
पुंसो दुष्टेङ्गिताकारान्दुष्टभावप्रयोजितान् । भ्रातृवत्पितृवच्चैतान्पश्यती परिवर्जयेत् ॥१७
पुंसोऽन्याग्रहमालापस्मितविप्रेक्षितानि च । करान्तरेण[1] द्रव्याणां निबन्धं[2] ग्रहणार्पणम् ॥१८
द्वारप्रदेशावस्थानं राजमार्गावलोकनम् । प्रेक्षोद्यानादिशीलत्वं निरुध्याद्देशमालयम् ॥१९
बहूनां दर्शने स्थानं दृष्टिवाक्कायचापलम् । ष्ठीवनत्वं ससीत्कारमुच्चैर्हसितजल्पितम् ॥२०
साङ्गत्यं लिङ्गिदुष्टस्त्रीभिक्षुणीक्षणिकादिभिः । मन्त्रमण्डलदीक्षायां सक्तिः संवसनेषु च ॥२१
इत्येवमादिदुर्वृत्तं प्रायोदुष्टजनोचितम् । वर्जयेत्परिरक्षन्ती कुलत्रितयवाच्यताम् ॥२२

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्त्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि
स्त्रीदुर्वत्तवर्णनंनाम दशमोऽध्यायः ।१०।

---

मित्रों के साथ उचित परिहासादि एकान्त स्थान में निवास एवं हास्य आदि भी उसे नहीं करना चाहिये ।१४। ये सब प्रायः कुलाङ्गनाओं के शील को भ्रष्ट कर देने के कारण बन जाते हैं दुष्टों की संगति नित्य एकान्त निवास स्वतंत्रता एवं अतिशय हास्य ।१५। दुष्टों की संगति में शीघ्रता एवं युवकों के साथ परिहास ये दो बातें तो स्त्रियों के लिए सर्वथा अनुचित हैं । स्वच्छन्द प्रवृति वाली स्त्रियों की कुचेष्टाएँ एकान्त में बहुत शीघ्र सफल हो जाती हैं ।१६। परकीय पुरुषों के गन्दे इशारों से जो दुष्ट भावना से सम्बन्ध रखने वाले होते हैं उन्हें अपने भाई और पिता की दृष्टि से देखकर उनका परित्याग करे ।१७।

# अथैकादशोऽध्यायः

## स्त्रीणां गृहस्थधर्मवर्णनम्

### ब्रह्मोवाच

या पतिं दैवतं पश्येन्मनोवाक्कायकर्मभिः । तच्छरीरार्धजातेव सर्वदा हितमाचरेत् ॥१
तत्प्रियां प्रियवत्पश्येत्तद्द्वेष्यां द्वेष्यवत्सदा । अधर्मानर्थयुक्तेभ्योऽयुक्ता चास्य निवर्तते ॥२
प्रियं किमस्य किं पथ्यं साम्यं चास्य कथं भवेत् । ज्ञात्वैवं सर्वभृत्येषु न प्रमाद्येत वै द्विजाः ॥३
देवतापितृकार्येषु भर्तुः स्नानाशनादिषु । सत्कारेऽभ्यागतानां च यथौचित्यं न हापयेत् ॥४
वेश्मात्मा च शरीरं हि गृहिणीनां द्विधा कृतम् । संस्कर्तव्यं प्रयत्नेन प्रथमं पश्चिमादपि ॥५
कृत्वा वेश्म सुसंमृष्टं त्रिकालविहितार्चनम् । वृत्तकर्मोपभोगानां संस्कर्तव्यं यथोचितम् ॥६
प्रातर्मध्यापराह्णेषु बहिर्मध्यान्तरेषु च । गृहसम्मार्जनं कृत्वा निष्कारान्न निशि क्षिपेत् ॥७
गोमहिष्यादिशालानां तत्पुरीषादिमात्रकम् । व्यपनेयं तु यत्नेन सम्मार्जन्या प्रसाधनम् ॥८
दासकर्मकरादीनां बाह्याभ्यन्तरचारिणाम् । पोषणादिविधिं विद्यादनुष्ठानं च कर्मसु ॥९

---

# अध्याय ११

## स्त्रियों के गृहस्थ धर्म का वर्णन

**ब्रह्मा बोले**—पतिव्रता पत्नी अपने आराध्य पति को सर्वदा मनसा वाचा कर्मणा देवता की भाँति देखे और सर्वदा उसके कल्याण साधन में आधे शरीर से उत्पन्न की भाँति निरत रहे।१। उसकी प्रिय वस्तुओं एवं व्यक्तियों को प्रिय की तरह और उसकी अप्रिय को अप्रिय की तरह देखे सर्वदा अनर्थ एवं

शाकमूलफलादीनां वल्लीनामौषधस्य च । सङ्ग्रहः सर्वबीजानां यथाकालं यथाबलम् ।।१०
ताम्रकांस्यायसादीनां काष्ठवेणुमयस्य[1] च । मृन्मयानां च भाण्डानां विविधानां च सङ्ग्रहम् ।।११
कुण्डकादिजलद्रोण्या कलशोदञ्चतालुकाः । शाकपात्राण्यनेकानि स्नेहानां गोरसस्य च ।।१२
मुसलं कुण्डनीयं तु यन्त्रकं [2] चूर्णचालनी । दोहन्यो नेत्रकं मन्था मण्डन्य : शृङ्खलानि च ।।१३
सन्दन्शः कुण्डिका शूलाः पट्टपिप्पलको दृषत् । डिविका हस्तको दर्वी भ्राष्टस्फुटलकानि च ।।१४
तुलाप्रस्थादिमानानि मार्जन्यः पिटकानि च । सर्वमेतत्प्रकुर्वीत प्रयत्नेन च सर्वदा ।।१५
हिंग्वादिकमथो जाजी पिपल्यो मारिचानि च । राजिका धान्यकं शुण्ठी त्रिचतुर्जातकानि च ।।१६
लवणं क्षारवर्गाश्च सौवीरकपरूषकौ । द्विदलामलकं चिंचा सर्वाश्च स्नेहजातयः ।।१७
शुष्ककाष्ठानि वल्लूरमरिष्टा पिष्टमाषयोः । विकाराः पयसश्चापि विविधाः कन्दजातयः ।।१८
नित्यनैमित्तिकानां हि कार्याणामुपयोगतः । सर्वमित्यादि संग्राह्यं यथावद्विभवोचितम् ।।१९
यत्कार्याणां समुत्पत्तावुपाहर्तुं न दृश्यते । तत्प्रागेव यथायोगं सङ्गृह्णीयात्प्रयत्नतः ।।२०
धान्यानां घृष्टपिष्टानां क्षुण्णोपहतयोरपि । भृशं शुष्कार्द्रसिद्धानां क्षयवृद्धी निरूपयेत् ।।२१

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मे पर्वणि
गृहधर्मवर्णनं नामैकादशोऽध्यायः ।११।

---

समय-समय पर अपनी शक्ति के अनुरूप उसे संग्रह करना चाहिये ।१०। ताँबें, काँसे, लोहे काष्ठ बाँस एवं मिट्टी के गृहस्थी के उपयोगी विविध पात्रों का भी उसे विधिवत् संग्रह करना चाहिये ।११। जल रखने के लिए बनी हुई बड़ी बड़ी द्रोणियाँ (छोडें) कलश, झारी तथा उदंचन (बड़े पात्र से जल निकालने के लिए छोटे जल पात्र) एवं शाक आदि रखने के पात्रों का भी उसे संग्रह करना चाहिये । तेल की एवं गोरस रखने के पात्रों को भी सावधानी से संगृहीत करना चाहिये ।१२। मूसल, ओखली, सूप, चालनी, दोहनी, सिल, चक्की, मथानी, जंजीर, सनसी, कुण्डिका, शूल, परी, चिमटा, करछुल, कड़ाही, बड़े करघे, तराजू सेर, अधसेरा आदि के मान, झाड़ पिटारी इन सब गृहस्थी की परम उपयोगी वस्तुओं का प्रयत्न

# अथ द्वादशोऽध्यायः

## स्त्रीधर्मवर्णनम्

### ब्रह्मोवाच

ब्रीहीणां कोद्रवाणां च सारधर्ममुदारकः[1] । कङ्गुकोद्रवयोर्ज्ञेयो वरटः पञ्चभागकः ॥१
पञ्चभागान्प्रियङ्गूनां शालीनां च त्रयोऽष्ट च । चणकानां तृतीयांशः समक्षुण्णं त्रयं विदुः ॥२
पानीययवगोधूमं[2] पिष्टधान्यचतुष्टयम् । तुल्यमेवावगन्तव्यं मुद्गा माषास्तिला यवाः ॥३
पञ्चभागादिका घृष्टा गोधूमाः सक्तवस्तथा । कुल्माषाः पिष्टमांसं च सम्यगर्धादिकं भवेत् ॥४
सिद्धं तदेव द्विगुणं पुन्नाको यावकस्तथा । कङ्गुकोद्रवयोरन्नं चणकोदारकस्य च[3] ॥५
द्विगुणं[4] चीनकानां च ब्रीहीणां च चतुर्गुणम् । शालेः पञ्चगुणं विद्यात्पुराणे त्वतिरिच्यते ॥६
क्रियापाकविशेषास्तु वृद्धिरेवोपदिश्यते । निमित्तस्य वरान्नस्य तद्वृद्धिर्द्विगुणा भवेत् ॥७
तस्माद्भूयो विरूढस्य चतुर्भागो विवर्धते । लाजा धानाः कलायाश्च भृष्टाद्द्विगुणवृद्धयः ॥८
भ्रष्टव्यानामतोऽन्येषां पञ्चभागोऽधिको मतः । चापकानां च पिष्टानां पादहीनाः कलायजाः ॥९

---

# अध्याय १२

## स्त्रीधर्म का वर्णन

**ब्रह्मा बोले**—व्रीहिधान्य (गेहूँ आदि) और कोदो के चावल कूटने में आधा भाग तात्त्विक होता है और आधी भूसी निकल जाती है। काकुन और कोदो का पाँचवा भाग परट होता है।१। इसी प्रकार प्रियंगु धान्य का पाँचवा भाग भी न्यून होता है शाली का एक तृतीयांश तथा अष्टमांश न्यून होता है। चने का एक तृतीयांश निकल जाता है—ऐसा लोग कहते हैं और ये तीनों समान कूटने योग्य हैं।२। पानीय (सिंघाड़ा) ज्वार गेहूँ एवं पीसे हुए चार प्रकार के अन्नों का जलन एक समान ही जानना

मुद्गमाषमसूराणामर्धपादावरोभवेत् । क्लिन्नशुष्कवरान्नानां हानिर्वृद्धिर्विशिष्यते ॥१०
तथार्धेन तु शोध्यानामाढक्या मुद्गमाषयोः । मसूराणां च जानीयात्क्षयं पञ्चमभागकम् ॥११
षड्भागेनातसीतैलं सिद्धार्थककपित्थयोः । तथा निम्बकदम्बादौ[1] विद्यात्पञ्चमभागकम् ॥१२
तिलेङ्गुदीमधूकानां[2] नक्तमालकुसुम्भयोः । जानीयात्पादकं तैलं खलमन्यत्प्रचक्षते ॥१३
क्षेत्रकालक्रियादिभ्यः क्षयादेर्व्यभिचारतः । प्रत्यक्षीकृत्य तान्सम्यगनुमित्यावधारयेत् ॥१४
क्षीरदोषे गवां[3] प्रस्थं महिर्षीणां च सर्पिषः । पादाधिकमजावीनामुत्पादं तद्विदो विदुः ॥१५
सुभूमितृणकालेभ्यो वृद्धिर्वा क्षीरसर्पिषाम् । अतस्तेषां विधातव्यो ह्यर्थादेव[4] विनिश्चयः ॥१६
प्रत्यक्षीकृत्य यत्नेन पक्षमासान्तरे तथा । पयोर्वृत्तैर्गवादीनां कुर्यात्सम्भवनिर्णयम् ॥१७
कार्पासकृमिकोशौमौर्णकक्षौमादिकर्तनम् । कुणिपङ्ग्वन्धयोषाभिर्विधवाभिश्च कारयेत् ॥१८
बालवृद्धान्धकार्पण्ये यत्कर्तव्यमवश्यतः । विनियोगं नयेत्सर्वं प्रियोपग्रहपूर्वकम् ॥१९
कर्मणामन्तरालेषु प्रोषिते चापि भर्तरि । स्वयं वै तदनुष्ठेयं नित्यानां चाविरोधतः ॥२०

---

मूंग, उड़द और मसूर का आठवाँ भाग न्यून हो जाता है । विशेष गीले सूखे एवं श्रेष्ठ पुष्ट अन्नों की हानि (न्यूनता) और वृद्धि इस सामान्य नियम से कुछ बढ़ घट जाती है ।१०। ऐसे मूंग उड़द और मसूर में जो शोधनीय रहते हैं अर्थात् खूब साफ नहीं रहते उनके पाँचवे भाग की कमी जाननी चाहिये ।११। अलसी का तेल छठवाँ भाग निकलता है, सरसों कपित्थ (कैंथा) नीम और कदम्ब आदि में पाँचवा भाग जानना चाहिये ।१२। तिल, ईंगुदी, महुआ, नक्तमाल (करञ्ज) और उसम्मा में एक चौथाई तेल जानना चाहिये । खल (खरल खली) का लक्षणादि अन्यत्र कहा गया है ।१३। खेत, समय, निकालने की प्रक्रिया आदि के कारण इस उपर्युक्त नियम में कुछ व्यभिचार दिखाई पड़ेगा, अर्थात् जितना कहा गया है, उससे अधिकता या न्यूनता हो सकती है अतः उन्हें (खेत, समय एवं प्रक्रिया) को अपनी आँखों से देखकर अनुमान द्वारा घटा बढ़ाकर जान लेना चाहिये ।१४। गौओं के दूध में एक सेर घी होता है परन्तु दूध के ... सेर आदि में कुछ निश्चित परिमाण भी नहीं बतलाया जा सकता । भैंस बकरी और

शूद्राणां स्थूलसूक्ष्मत्वं बहुत्वं च व्ययाव्ययौ । मत्वा विशेषं कुर्वीत चेतनप्रतिपत्तिषु ।।२१
कारयेद्वस्त्रधान्यादि स्वाप्तवृद्धैरधिष्ठितम्[1] । शूद्राणां क्षयवृद्ध्यादि मन्तव्यं वेतनानि च ।।२२
क्षौमकार्पासयोर्विद्यात्सूत्रं पञ्चमभागकम् । देशकालादिभागात्तु प्रत्यक्षादेव निर्णयः ।।२३
अवघातेन तूलस्य क्षयो विंशतिभागकः । छन्नां व्याप्तां तु वातेन तद्वदूर्णां प्रचक्षते ।।२४
पञ्चाशद्भागिकीं हानिं सूत्रे कुर्वीत लक्षणात्[2] । वृद्धिस्तु मण्डसम्पर्काद्दशैकादशिका भवेत् ।।२५
श्लक्ष्णमध्यमसूत्राणामर्धाधिकसमं भवेत् । स्थूलानां तु पुनर्मूल्यात्पादोनं वालचेतनम् ।।२६
कर्मणो भूरिभेदत्वाद्देशकालप्रभेदतः[3] । तद्विद्भ्यश्च एव बोद्धव्यो वालचेतननिश्चयः ।।२७
स्थूलं दिनत्रयं देयं मध्यमं च त्रिरात्रिकम् । सूक्ष्ममापक्षतो मृष्टं[4] मासात्तत्परिकर्मकम् ।।
यदत्र क्षत्रवृद्ध्यादि तदुत्सर्गात्प्रदर्शितम् ।।२८
कालकर्त्रादिभेदेन व्यभिचारोऽपि दृश्यते । शय्यासनान्यनेकानि कम्बलाश्चतुराश्रिकाः ।।२९
कम्बुकाश्चावकोषाश्च मध्या रक्ताश्च भूरिशः । गुरुबालादिवृद्धानामभ्यागतजनस्य च ।।३०

---

सहयोग करना चाहिये ।२०। शूद्रों (नौकरों) की मोटाई दुर्बलता एवं संख्या की अधिकता को देखकर एवं भलीभाँति विचारकर व्यय सब संचय में विशेषता तथा चतुरता प्राप्त करनी चाहिये ।२१। अपने घर के बड़े और अनुभवी बहुजनों द्वारा बतलाये गये नियमों का वस्त्र एवं अन्न सम्बन्धी कार्यों में पालन करना चाहिये । इसी प्रकार सेवकों की संख्या बढ़ाने घटाने एवं उनके वेतनादि में भी अनुभवी वृद्धों द्वारा जानकारी प्राप्त कर के निश्चय करना चाहिये ।२२। अलसी और कपास में पाँचवाँ हिस्सा सूत जानना चाहिये । किन्तु इस नियम में देश और काल के कारण प्रत्यक्ष देखकर ही निर्णय करना चाहिये ।२३। धुनने पर रूई का बीसवाँ भाग क्षय हो जाता है । भेंड़ आदि के अच्छे ऊन यदि वायु से सुरक्षित स्थल में रखकर धुने जायँ तो वे भी उतने ही न्यून हो जाते हैं ।२४। कपड़ा बिनाने पर इन सूतों का पचासवाँ भाग न्यून हो जाता है । बुनते समय माँड़ के मिला देने से दसवें एवं ग्यारहवें भाग जितनी वृद्धि हो जाती है ।२५। बहुत महीन चिकने और मध्यम कोटि के सूतों में ऊपर के आधे अथवा उससे कुछ अधिक की

भोगायानुगतो भर्त्ता कुर्याद्विविधमात्रकम् । यदस्य श्वशुरादीनां कल्पितं शयनादिकम् ।।३१
भर्तुश्चैव विशेषण तदन्येन न कारयेत् । वस्त्रं माल्यमलङ्कारं विधृतं देवरादिभिः ।।३२
न धारयेन्न चैतेषामाक्रमेच्छयनानि वा । पिण्याकनककुट्टाश्च[1] कालरुक्षाणि यानि च ।।३३
हेयं पर्युषिताद्यन्नं गोभक्तेनोपयोजयेत् । कुलानां बहुधेनूनां गोध्यक्षव्रजजीविनाम् ।।३४
किलाटगविकादीनां भक्तार्थमुपयोजनम् । दध्नः समाहरेत्सर्पिर्दुहेद्वत्सान्न पीडयेत् ।।३५
वर्षाशरद्वसन्तेषु द्वौ कालावन्यदा सकृत् । तक्रं वाप्युपयुञ्जीत श्ववराहादिपोषणे ।।३६
पिण्याकक्लेदनार्थं वा विक्रेयं वा तदर्हयेत् । वृत्तिं धान्यहिरण्येन गोपादीनां प्रकल्पयेत् ।।३७
ते हि क्षीरव्रता लोभादुपहन्युस्तदन्वयान् । दोहकालं गवां दोग्धानीतिवर्तेत वै द्विजाः ।।३८
प्रसरोदकयोर्गोपा मन्थकस्य च मन्थकाः । मासमेकं यथा स्तन्यं मासमेकं स्तनद्वयम् ।।३९
सततं पाययेदूर्ध्वं स्तनमेकं स्तनद्वयम् । तिलपिष्टाभिः पिण्डाभिस्तृणेन लवणेन च ।।
वारिणा च यथाकालं पुष्णीयादिति वत्सकान् ।।४०

---

वृद्ध और अतिथि इन सब की सुविधा एवं भोग के लिए पति के साथ (बहू) विविध प्रकार के कार्यों को करे । श्वसुर आदि बृद्धजनों के लिए जो शैय्या निश्चित है, उसे तथा विशेषतया पति की शैय्या को दूसरे नौकर चाकरादि से नहीं बिछवानी चाहिये । देवर आदि के द्वारा धारण किये गये वस्त्र, माला, पुष्प एवं आभूषणादि को स्वयं कभी नहीं धारण करना चाहिए । इसी प्रकार उनकी शय्या पर भी कभी पैर नहीं रखना चाहिये । खली अन्न के टुकड़े (दलिया और भूसी) सूखे हुए अन्न तथा बासी बचे हुए अन्न को गौ आदि के खाने के लिए रखना चाहिये । बड़े बड़े साँड़ों के साथ चलने वाली अनेक प्रकार की गौओं के समूहों के लिए उन सब का उपयोग करना चाहिये । मथे हुए मठ्ठे का उपयोग भी उन्हीं गौओं के लिए करना चाहिये । दही से घी निकाल लेना चाहिये गौओं को यथासमय दुहना चाहिये किन्तु दुहते समय

जरद्गुर्गर्भिणी धेनुर्वत्सा वत्सतरी तथा । पञ्चानां समभागेन घासं यूथे प्रकल्पयेत् ।।४१
एको गोपालकस्तस्य त्रयाणामथ वा द्वयम् । पञ्चानां वत्सकश्चैकः प्रवरास्तु पृथक्पृथक् ।।४२
गोचरस्यानयनार्थं व्यालानां त्रासनाय[1] च । घण्टा[2] कर्णेषु बध्नीयुः शोभारक्षार्थमेव च ।।४३
पशव्ये व्यालनिर्मुक्ते देशे भूरितृणोदके । अभूतदुष्टे वारण्ये सदा कुर्वीत गोकुलम् ।।४४
सगुप्तमटवीवासं नित्यं कुर्यादजाविकम् । ऊर्णां वर्षे द्विरादद्याच्चैत्राश्वयुजमासयोः ।।४५
यूथे वृषा दशैतासां चत्वारः पञ्चवा गवाम् । अश्वोष्ट्रमहिषाणां च यथा स्युः सुखसेविताः ।।४६
विद्यात्कृषीवलादीनां योगं कृषिककर्मसु । भक्तवेतनलाभं च कर्मकालानुरूपतः ।।४७
क्षेत्रकेदारवाटेषु भृत्यानां कर्म कुर्वताम् । खलेषु[3] च विजानीयात्क्रियायोगं प्रतिक्षणम् ।।४८
योग्यतातिशयं मत्वा कर्मयोगेषु कस्यचित् । ग्रासाच्छदशिरोभ्यङ्गैर्विशेषं तस्य कारयेत् ।।४९
पद्मशाकादिवापानां कन्दबीजादिजन्मनाम् । सङ्ग्रहः सर्वबीजानां काले वापः सुभूमिषु ।।५०
जातानां रक्षणं सम्यग्रक्षितानां च संग्रहः । तेषां च संगृहीतानां यथावन्निवपक्रिया ।।५१

---

से समय समय पर बछड़ों को पालते रहना चाहिये ।४०। बुड्ढी गौ, गर्भिणी गौ, लगने वाली गौ, बछवा बछिया तथा सद्योजात गौ शिशु इन पाँचों को ही समान भाग से घास देना चाहिये ।४१। गौओं के पीछे एक या दो गोचालक नियुक्त करना चाहिये, उसमें पाँच बछवा बछिया भी रह सकते है उनमें जो बड़े बड़े हों वे परस्पर अलग-अलग हों ।४२। गोचर भूमि से घर तक आने में सर्पादि जीवों को डराने के लिए शोभा वृद्धि एवं रक्षा के लिए गौओं के गले में घण्टी बाँधनी चाहिये ।४३। सर्वदा सर्पादि दुष्ट जीव जन्तुओं से विहीन पशुओं के लिए लाभदायी अधिक घास वाले, चोरों से रहित ग्राम्य स्थान में अथवा जंगल में गौओं के दिन में बैठने व चरने का स्थल निश्चित करना चाहिये ।४४। भेडों व बकरियों का चरागाह सर्वदा सुरक्षित जंगली स्थान में करना चाहिये । वर्ष में दो बार चैत्र व आश्विन मास में भेड़ों के ऊनों को काट लेना चाहिये ।४५। बकरियों के समूह में दस के पीछे एक (भेंड़ बकरा) रहना चाहिये इसी

गृहमूलं स्त्रियश्चैव धान्यमूलो गृहाश्रमः । तस्माद्धान्येषु भक्तेषु न कुर्यान्मुक्तहस्तताम् ।।५२
धान्यं तु सञ्चितं नित्यं मितो भक्तपरिव्ययः । न चान्ने मुक्तहस्तत्वं गृहिणीनां प्रशस्यते ।।५३
अल्पमित्येव नावज्ञां चरेदन्नेषु वै द्विजाः । मधुवल्मीकयोर्वृद्धिं क्षयं दृष्ट्वांजनस्य च ।।५४
ये केचिदिह निर्दिष्टा व्यापाराः पुरुषोचिताः । दाम्पत्योरैक्यमास्थाय तद्विदानप्रसङ्गतः ।।५५
सन्त्येव पुरुषा लोके स्त्रीप्रधानाः सहस्रशः । तेषु तासां प्रयोक्तृत्वाददोष इति गृह्यताम् ।।५६
एवं योग्यतया युक्ता सौभाग्येनोद्यमेन च । सम्यगाराध्य भर्तारं तत्रैनं वशमानयेत् ।।५७

इति श्रीभविष्ये महापुराणे शतार्द्धसाहस्र्यां संहितायां ब्राह्मणे पर्वणि स्त्रीधर्मवर्णनं नाम द्वादशोऽध्याय ।१२

# अथ त्रयोदशोऽध्यायः

## स्त्रीधर्मवर्णनम्

### ब्रह्मोवाच

प्रथमं प्रतिबुध्येत प्रवर्तेत स्वकर्मसु । पश्चाद्भृत्यजनस्यापि भुञ्जीत च शयीत च ।।१

---

भी अच्छी तरह सम्पन्न करनी चाहिये ।५१। गृह की सर्वस्व मूलभूत स्त्रियाँ कही जाती हैं, गृहस्थाश्रम अन्न का मूल स्वरूप कहा जाता है, इसलिये अन्न को विशेषतया भोजन को मुक्त हस्त होकर दान नहीं देना चाहिये ।५२। अन्न को सर्वदा संचित करते रहना चाहिये, पकाने में मितव्ययिता करनी चाहिये, निपुण गृहिणी की अन्न के विषय में मुक्त हस्तता प्रशंसित नहीं मानी गई है । (अर्थात् उसे अन्न को इधर-उधर बहुत दान नहीं देना चाहिये) ।५३। द्विजवृन्द ! बहुत थोड़ा है यह जानकर अल्प अन्न की भी अवज्ञा नहीं करनी चाहिये इसकी वृद्धि के लिए मधु और चीटी के बिल के ऊपर संचित मिट्टी का उदाहरण लेना चाहिये । और उसकी कमी के लिए अंजन का उदाहरण अपनाना चाहिये । (तात्पर्य यह कि जिस प्रकार मधु की मक्खियाँ तनिक तनिक सा मधु एकत्र कर राशि बटोर लेती है चींटियाँ तनिक तनिक सी मिट्टी खोद कर उन्नत ढेर बना देती

भर्त्रा विरहिता स्त्री च श्वशुराभ्यां विशेषतः। देहलीं नातिवर्तेत प्रतीकारे[1] महत्यपि ॥२
उत्थाय प्रथमं भर्तुरविज्ञाता न निष्क्रमेत्। क्षपायां सावशेषायां रात्रौ वा वासरादिषु ॥३
तद्वासभवनस्यैव शनैराहूय कार्मिकान्। स्वव्यापारेषु तान्सर्वांस्तत्रतत्र नियोजयेत् ॥४
विबुद्धस्य ततो भर्तुर्निर्वर्त्यावश्यकं विधिम्। गृहकार्याणि सर्वाणि विदधीताप्रमादतः ॥५
मुक्त्वावासकनेपथ्यं कर्मयोग्यं विधाय च। तत्कालोचितकर्तव्यमनुतिष्ठेद्यथाक्रमम् ॥६
महानसं सुसम्मृष्टं चुल्ल्यादिविहितार्चनम्। सर्वोपकरणोपेतमसम्बाधमनाविलम् ॥७
न चातिगुह्यं प्रकटं प्रविभक्तक्रियाश्रयम्। भर्तुराप्तजनाकीर्णं गूढं कक्षादिवर्जितम् ॥८
तत्र पाकादिभाण्डानि बहिरन्तश्च कारयेत्। निर्णिक्तमलपङ्कानि शुक्तिवल्कादिचूर्णकैः ॥९
निशि कुर्वीत धूमार्चिः शोधितानि दिवातपै:। दधिपात्राणि कुर्वीत सदैवान्तरितानि च ॥१०
साधुकारितदुग्धेषु शोधितेषु दिवातपे। ईषद्गृह्योक्तपात्रेषु स्वच्छं येन भवेद्दधि ॥११
स्नेहगोरसपाकादि कृत्वा सुप्रत्ययेक्षितम्। कुर्यात्स्वयमधिष्ठाय भर्तुः पाकविधिक्रियाम् ॥१२
किं प्रियं च किमाग्नेयं षड्रसाभ्यन्तरेषु च। किं पथ्यं किमपथ्यं च स्वास्थ्यं[2] वास्य कथं भवेत् ॥

---

चाहिये। नौकर चाकरों के भी बाद में उन्हें भोजन और शयन करना चाहिये।१। बहुत बड़ी कठिनाई आ पड़ने पर भी स्वामी से और विशेषतया सास-ससुर से विरहित स्त्री अपने घर की देहली भी न डाँके।२। पति के पहले शैय्या से उठकर उसके बिना जाने हुए कहीं भी बाहर नहीं निकलना चाहिये।३। (चाहे रात बहुत थोड़ी ही बीत गयी हो, आधी रात हो या दिन का समय हो) अपने निवास के कमरे से ही काम करने वालों को धीरे से बुलाकर उन्हें अपने-अपने व्यापार में नियुक्त कर देना चाहिये।४। तदनन्दर पति के जान जाने पर आवश्यक कर्मों से निवृत्त होकर घर के समस्त कार्यों को सावधानी पूर्वक सम्पन्न करे।५। घर का काम काज करते समय स्त्री अपने रात वाले वस्त्राभूषण को उतार कर अलग रख दे और काम के अनुसार वस्त्रादि धारण कर कालक्रमानुसार सब कार्य सम्पन्न

इति यत्नाद्विजानीयादनुष्ठेयं च तत्तथा । ।।१३
नित्यानुरागं सत्कारमाहारं सुपरीक्षितम् । महानसादौ कुर्वीत जनमाप्तं क्रमागतम् ।।१४
शत्रुं दायादसम्बन्धं क्रुद्धभीतावमानितम् । अवाच्योपगृहीतं वा नैवमादीनि योजयेत् ।।१५
पुनः पुनः प्रतिष्ठाप्य गुप्तं स्वयमधिष्ठितम् । भर्तुराहारपानादि विदध्यादप्रमादतः ।।१६
पाकं निर्वर्त्य मात्राणां कृत्वा स्वेदप्रमार्जनम् । गन्धताम्बूलमाल्यादि किञ्चिदादाय मात्रया ।।१७
यथौचित्यादितत्काले भर्तुर्विनयसम्भ्रमैः । तत्कालानुगतात्यर्थमाहारमुपपादयेत् ।।१८
स्वभावामयकालानां वैपरीत्येन सर्वदा । सर्वमाहारपानादि प्रयोज्यं तद्विदो जगुः ।।१९
हीनतुल्याधिकत्वेन भर्ता पश्यति यं यथा । तं तथैवाधिकं पश्येन्न्यायतः प्रतिपत्तिषु ।।२०
सापत्नकान्यपत्यानि पश्येत्स्वेभ्यो विशेषतः । भगिनीवत्सपत्नीश्च तद्वधूर्न्निजबन्धुवत् ।।२१
ग्रासाच्छादशिरोभ्यङ्गस्नानमण्डनकादिकम् । सपत्नीनामकृत्वा तु आत्मनोऽपि न कारयेत् ।।२२
व्याधितानां चिकित्सार्थमौषधादिकमादरात् । विदध्यादात्मनस्तासां सर्वाश्रितजनस्य च ।।२३
तच्छोके शुचमादद्यात्तत्तुष्टौ मुदमावहेत् । भृत्यबन्धुसपत्नीनां तुल्यदुःखसुखा भवेत् ।।२४

---

जठराग्नि को उद्दीप्त करने वाला है कौन सा पदार्थ प्रिय है क्या पथ्य है और क्या अपथ्य है एवं किस पदार्थ के खाने से पति का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा इन सब बातों को प्रयत्नपूर्वक जान लेना चाहिये और उसी के अनुसार कार्य भी करना चाहिये ।१३। रसोईघर में सर्वदा प्रेम पूर्वक अच्छी तरह पहले से परीक्षित आहार को सत्कार भावना से करना चाहिये भोजन क्रमशः आये हुए श्रेष्ठ जनों को (पहले) परोसना चाहिये ।१४। शत्रु दायाद (हिस्सेदार) जो क्रुद्ध हों भयभीत हों जिनका कभी अपमान हुआ हो, जिन्हें कभी गाली कुवाच्य कहा गया हो ऐसे लोगों को रसोई में नहीं नियुक्त करना चाहिये ।१५। स्वयं अपने हाथों से बनाये गये सुन्दर सुस्वाद सुरक्षित अच्छी तरह परोसे गये पति के भोजन पानादि को समुचित ढंग से सावधानता पूर्वक प्रस्तुत करना चाहिये ।१६। भोजन से निवृत्त होकर सारे शरीर से पसीने को पोंछ

लब्धावकाशा स्वप्याच्च निशि सुप्तोत्थिता क्रमात् । अन्यत्र व्ययकर्तारं पतिं रहसि बोधयेत् ॥२५
यदवद्यं सपत्नीनां स्वयमस्मै न तद्वदेत् । दौःशील्यादि तु सापायं गूढमस्मै निवेदयेत् ॥२६
दुर्भगामनपत्यां वा भर्त्रा चातितिरस्कृताम् । [1]अदुष्टां सम्यमाश्वास्य तेनैतामनुकूलयेत् ॥२७
तथा वाग्दण्डपारुष्यैर्जनं भर्त्रा विपीडितम् । कुर्याद्विधेयमाश्वास्य न चेद्दोषाय तद्भवेत् ॥२८
मत्वात्मनोनपत्यत्वं कालं चापि गतं बहुम् । सन्तानादिकमुद्दिश्य कार्यमात्मनिवेदनम् ॥२९
यच्चान्यदपि जानीयात्किञ्चिदस्य चिकीर्षितम् । तत्किलाजानतीवास्य सिद्धमेव प्रदर्शयेत् ॥३०
वैवाहिकं विधिं भर्तुः सर्वं कृत्वा ससम्भ्रमम् । परिणीतां च तां पश्येन्नित्यं भगिनिकामिव ॥३१
पूजां सम्बन्धिवर्गस्य मङ्गलं मङ्गलानि च । कुर्यादभिनवोढायाः सुप्रहृष्टेन चेतसा ॥३२
मातृवच्छिक्षयेदेनां गृहकृत्येष्वमत्सरा । प्रदेशिकविधिं वास्या विदध्याद्यत्नतः स्वयम् ॥३३
एवं भर्तुरभिप्राय सर्वमित्यादिकारयेत् । सुखार्थं वापि सन्त्यज्य स्त्रीणां भर्ताधिदेवता ॥३४
भर्ताधिदेवता नार्या वर्णा ब्राह्मदेवताः । ब्राह्मणा ह्यग्निदेवास्तु प्रजा राजन्यदेवताः ॥३५

---

अपने ही समान अनुभव करना चाहिये ।२४। इस प्रकार नित्य कर्मों से अवकाश प्राप्त कर गृहिणी रात में क्रमशः शयन करे और सोकर पहले उठे । निपुण गृहिणी व्यर्थ के कामों में अपव्यय करने वाले पति को नम्रतापूर्वक एकान्त में समझावे ।२५। सपत्नियों के ऐसे अनुचित आचरणों की चर्चा जो कहने योग्य न हो, स्वयं न कहे हाँ यदि उसके आचरण सम्बन्धी दोष बहुत विकृत हो गये हों तो एकान्त में उनके दूर करने के उपायों के साथ पति से भी उनकी चर्चा करे ।२६। अभागिनी, सन्तति विहीन पति से अत्यन्त तिरस्कृत किन्तु दोषरहित सपत्नी को अच्छी तरह आश्वासन देना चाहिये और ऐसे उद्योग करने चाहिये जिनसे पति उससे अनुकूल हो जाये ।२७। इसी प्रकार पति के कठोर वचन दण्ड वा कठोर व्यवहारों से पीड़ित भृत्य वर्गों को भी आश्वासन देते रहना चाहिये किन्तु इसका ध्यान रखना चाहिये कि ऐसा करने से पति के चित्त को क्लेश तो नहीं होता, अन्यथा इससे बहुत अनिष्ट होने की सम्भावना रहती है ।२८। बहुत दिन व्यतीत हो जाने पर यदि अपने कोई सन्तति न उत्पन्न हो तो स्वयमेव पति से सन्तति आदि के